सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 17.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-210 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 21 जनवरी 2025
20 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के दोषी को उम्रकैद

- पिछले साल अस्पताल में मिला था डॉक्टर का शव



**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ रेप-हत्या के मामले में दोषी संजय रॉय कोर्ट ने सजा सुना दी है। कोलकाता की एक विशेष अदालत ने संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

कोर्ट से दोषी संजय रॉय पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही कोर्ट ने मृतका के परिजनों को 17 लाख का मुआवजा देना का भी फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस केस को रेयर ऑफ द रेयरेस्ट नहीं माना। कोर्ट में पीड़िता के माता-पिता ने कहा कि हमें कोई मुआवजा नहीं चाहिए। वहीं कोर्ट कोर्ट में सजा पर बहस के दौरान संजय रॉय ने आरोप लगाया है कि उसे दस्तावेजों पर जबरन साइन कराए गए। जज ने संजय रॉय से कहा कि तुम दोषी हो तुम्हारे खिलाफ रेप और हत्या का आरोप साबित हो चुका है। जज ने उससे पूछा कि संभावित सजा पर तुम्हे कुछ कहना है।इस दौरान जज ने संजय रॉय को बताया कि रेप की धारा में तुम्हें आजीवन कारावास मिल सकता है। हत्या के लिए मृत्युदंड या आजीवन कारावास दिया जा सकता है। सीबीआई के वकील ने एक बार फिर फांसी की सजा की मांग की। सीबीआई ने कहा कि इस कांड से पूरा देश हिल गया था। सजा से समाज में विश्वास आएगा। दोषी को फांसी की सजा मिले, इससे समाज का विश्वास बहाल करना होगा। माता-पिता ने अपनी बच्ची को खो दिया। छात्रा समाज के लिए काफी अहम थी।

### संजय रॉय को उम्रकैद की सजा से ममता नाखुश

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल की प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या मामले में दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी असंतोष जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि, वह अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि, हम सभी ने मौत की सजा की मांग की थी लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास दिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस से जबरन ले लिया गया। उन्होंने कहा कि यदि जांच का जिम्मा कोलकाता पुलिस के पास ही रहा होता, तो उसने निश्चित रूप से मौत की सजा सुनिश्चित की होती।

# अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बने ट्रंप

- अमेरिकी शासन में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी
- पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को दी बधाई



**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने आज अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली है। ये दूसरा मौका है जब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं। डोनाल्ड ट्रंप से पहले जेडी वेंस ने अमेरिका के उप-राष्ट्रपति पद की शपथ ली। दुनिया के तमाम दिग्गजों की ओर से डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी जा रही है। इस बीच पीएम मोदी ने भी डोनाल्ड ट्रंप को नई पारी की बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ऐतिहासिक शपथ ग्रहण पर बधाई। मैं एक बार फिर साथ मिलकर काम करने, दोनों देशों को लाभ पहुँचाने और दुनिया के लिए बेहतर भविष्य को आकार देने के लिए तत्पर हूँ। आने वाले सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ। शपथ ग्रहण समारोह में मार्क जुकरबर्ग, जेफ बेजोस, सुंदर पिचाई और एलन मस्क, पिचाई, जुकरबर्ग से लेकर मेलोनी-जयशंकर तक, ट्रंप के शपथग्रहण में दिग्गजों ने चार चांद लगाए।

## न्यूज डायरी

### मुठभेड़ में दो माओवादी ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबल को नक्सलियों के खिलाफ फिर बड़ी सफलता मिली है। गरियाबंद जिले के छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर कुल्हाड़ी घाट रिजर्व फॉरेस्ट के पास सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर हुए हैं। वहीं सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हुआ है, जिसे हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर रायपुर भेजा गया। फिलहाल, जवान खतरे से बाहर है। राजधानी के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सर्च ऑपरेशन में बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद किए गए हैं। इनमें एक एसएलआर हथियार जब्त किये गये हैं।

### हेमंत सोरेन हाजिर हों

**रांची।** एमपी-एलएलए मामले के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के समन की अवहेलना मामले में उपस्थिति के लिए 11 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने सीएम को उपस्थिति दर्ज कराने के लिए समन जारी किया है। सोमवार को इस मामले में सुनवाई निर्धारित थी, लेकिन सीएम के उपस्थित नहीं होने पर तिथि बढ़ा दी गई। अदालत 23 दिसंबर को उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका को खारिज कर चुकी है। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए उनको मामले में व्यक्तिगत रूप से बुलाया है।

### बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**नई दिल्ली।** केरल की एक अदालत ने भ्रामक विज्ञापनों के मामले में योग चिकित्सक बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और दिव्य फार्मेसी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। पलक्कड़ में न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वितीय ने व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए समन जारी होने के बावजूद अदालत में उपस्थित होने में विफल रहने के बाद 16 जनवरी को वारंट जारी किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता अनुपस्थित है। सभी आरोपी अनुपस्थित हैं। सभी आरोपियों को जमानती वारंट दिया गया है। यह मामला पतंजलि आयुर्वेद की सहायक कंपनी दिव्य फार्मेसी द्वारा प्रकाशित विज्ञापनों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसने कथित तौर पर ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 का उल्लंघन किया था। विज्ञापनों पर बीमारियों के इलाज के बारे में निराधार दावे करने और एलोपैथी सहित आधुनिक चिकित्सा को अपमानित करने का आरोप है। इसी तरह का एक मामला कोझिकोड में न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कोर्ट में लंबित है। विज्ञापनों के कारण पिछले दो वर्षों में कई कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

# बीएमसी चुनाव में अकेले लड़ेगी समाजवादी पार्टी



150 सीटों पर कर रहे तैयारीः अबू आजमी

**मुंबई।** महाविकास अघाड़ी को एक और बड़ा झटका देते हुए समाजवादी पार्टी ने सोमवार को बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा की और कहा कि वह बीएमसी की 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। विशेष सूत्रों के मुताबिक, सपा ने प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इस बीच, एसपी नेता अबू आजमी ने कहा कि एमवीए में कोई समन्वय नहीं है और उद्धव ठाकरे पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि एमवीए बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेगी।

अबू आजमी ने पुष्टि की कि समाजवादी पार्टी बीएमसी की 150 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है और अच्छे उम्मीदवारों को टिकट देगी. उन्होंने यह भी कहा कि एसपी ने चुनाव की तैयारी शुरू करने का आदेश दे दिया है। इससे पहले शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा था कि उनकी पार्टी विभिन्न स्थानीय निकायों के आगामी चुनाव अकेले लड़ेगी। यह महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी में शामिल कांग्रेस और शरद पवार की पार्टी के लिए बड़ा झटका था। पत्रकारों से बात करते हुए, राज्यसभा सांसद ने कहा कि इंडिया ब्लॉक और महा विकास अघाड़ी गठबंधन लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए है। उन्होंने कहा कि हम मुंबई और नागपुर नगर निगम से अपने दम पर लड़ेंगे, जो होगा सो होगा। हमें खुद ही देखना होगा। हम अपने दम पर नागपुर से लड़ेंगे। ऐसा संकेत हमें उद्धव ठाकरे ने दिया है।

### ताहिर हुसैन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# जेल से चुनाव लड़ने पर लगे रोक

- जेल में बैठकर चुनाव जीतना आसान है : सुप्रीम कोर्ट
- आरोपों की गंभीरता को नजरअंदाज नहीं कर सकते



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सख्त टिप्पणी की कि ऐसे सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। इसके साथ ही पीठ ने पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई 21 जनवरी तक टाल दी है, जिन्होंने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत मांगी है।

मामले में न्यायमूर्ति पंकज मिथल और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने समय की कमी के कारण सुनवाई स्थगित कर दी, लेकिन जैसे ही दिन की कार्यवाही शुरू हुई, ताहिर हुसैन के वकील ने मामले का उल्लेख किया और 21 जनवरी को सुनवाई का अनुरोध किया। पीठ ने जवाब में टिप्पणी की, जेल में बैठकर चुनाव जीतना आसान है। ऐसे सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। उनके वकील जानकारी देते हुए कहा कि ताहिर हुसैन का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने 14 जनवरी को ताहिर हुसैन को एआईएमआईएम के टिकट पर मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए पैरोल दी थी। हालांकि, इसने चुनाव लड़ने के लिए 14 जनवरी से 9 फरवरी तक अंतरिम जमानत के लिए उनकी याचिका को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि हिंसा में मुख्य अपराधी होने के नाते ताहिर हुसैन के खिलाफ आरोपों की गंभीरता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, जिसकी वजह से कई लोगों की मौत हो गई। हाईकोर्ट ने कहा कि दंगों के सिलसिले में उनके खिलाफ लगभग 11 एफआईआर दर्ज की गई थीं और वह संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले और यूएपीए मामले में हिरासत में थे। ताहिर हुसैन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने तर्क दिया कि चुनाव लड़ना एक जटिल प्रक्रिया है, जिसके लिए उन्हें न केवल 17 जनवरी तक अपना नामांकन दाखिल करना था, बल्कि बैंक खाता खोलना और प्रचार करना भी था।

यह कहते हुए कि चुनाव लड़ना मौलिक अधिकार नहीं है, पुलिस ने आरोप लगाया था कि ताहिर हुसैन जो फरवरी 2020 के दंगों का मुख्य साजिशकर्ता और वित्तपोषक था।

### विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में सीएम ने दिए निर्देश

# प्रोजेक्ट्स में मैनपावर बढ़ाएं, काम में तेजी लाएं

- हर प्रोजेक्ट के लिए तय हों नोडल अधिकारी, सप्ताह में मिले प्रोग्रेस रिपोर्ट : मुख्यमंत्री



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स (विकास परियोजनाओं) में मैनपावर बढ़ाकर काम में तेजी लाई जाए। किसी भी परियोजना की गति सुस्त नहीं होनी चाहिए।

हर परियोजना समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण हो, इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। इसके साथ यह भी जरूरी है कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की ली जाए। हर प्रोजेक्ट की जिलाधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर एक निश्चित अवधि पर जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की जाए। सीएम योगी सोमवार को गोरखपुर के एनेक्सी भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने जीडीए, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल निगम, गीडा समेत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए एक नोडल अधिकारी को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी जाए। नोडल अधिकारी हर सप्ताह की प्रगति की जानकारी जिलाधिकारीको उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं की मॉनिटरिंग करने के लिए जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी होनी चाहिए। अधिकारी समय समय पर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराएं, उनसे मिलने वाले सुझावों पर भी ध्यान दें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारी नियमित और संवेदनशील ढंग से सुनवाई करें। आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों का तत्परता से निस्तारण करने के साथ शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लें। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से गोरखपुर उद्यमियों के लिए पसंदीदा स्थल बनकर उभरा है। अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे उद्यमियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। गीडा में उद्यमियों की समस्याओं को दूर करने और शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए ऑनलाइन मशीनरी को मजबूत किया जाए।

# केंद्र का सरकारी कार्यालयों को शीघ्र बंद करने का आदेश



23 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस परेड, एट होम कार्यक्रम और बीटिंग द रिट्रीट समारोह सहित अन्य के मद्देनजर सरकारी कार्यालयों को जल्दी बंद करने की घोषणा की है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी एक आदेश के अनुसार, कुछ कार्यालयों को 23 जनवरी को पूर्ण ड्रेस रिहर्सल और 28 जनवरी को एक विशेष कार्यक्रम के लिए बंद रखा जाएगा। इस आदेश में उन भवनों की सूची दी गई है, जिनके कार्यालय समय से पहले बंद हो जाएंगे। 23 जनवरी को होने वाले पूर्ण ड्रेस रिहर्सल के लिए दक्षिण ब्लॉक, उत्तर ब्लॉक, वायु भवन, उद्योग भवन, निर्माण भवन और शास्त्री भवन जैसे सरकारी कार्यालयों को 22 जनवरी शाम साढ़े छह बजे से 23 जनवरी दोपहर एक बजे तक बंद रखा जाएगा। इसके अलावा, रक्षा भवन, राष्ट्रीय स्टेडियम, कश्मीर हाउस, संचार भवन, राष्ट्रीय मीडिया केंद्र,भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक, चुनाव आयोग और संघ लोक सेवा आयोग के भवन भी इसी समय पर बंद रहेंगे। इन सभी कार्यालयों को 25 जनवरी को दोपहर

# सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा के खिलाफ आरोपों पर यूपी पुलिस से मांगी रिपोर्ट

- लखीमपुर खीरी केस में आशीष मिश्रा पर गवाहों को प्रभावित करने का आरोप
- अदालत को करनी चाहिए जांच



गवाहों को प्रभावित करने के आरोप पर आशीष मिश्रा का भी बयान सामने आया है। वह कहता है हर बार जब वह कोर्ट में पेश होता है तो जमानत रद्द कराने के लिए इसी तरह के आरोप लगाए जाते हैं। शिकायतकर्ताओं की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने अदालत को बताया कि उनके पास एक ऑडियो रिकॉर्डिंग है, जिसमें गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है।

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस से उन आरोपों पर रिपोर्ट मांगी है, जिनमें कहा गया है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में गवाहों को प्रभावित कर रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने लखीमपुर खीरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को तथ्यान्वेषी जांच के बाद अदालत में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

मिश्रा ने अपने हलफनामे में आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि जब भी मामला अदालत के समक्ष सूचीबद्ध होता है, तो शीर्ष अदालत द्वारा दी गई उनकी जमानत को रद्द करने के लिए इस तरह के दावे किए जाते हैं। मिश्रा की जमानत रद्द करने का अनुरोध करते हुए भूषण ने कहा कि अदालत उसके समक्ष पेश की गई सामग्री की प्रामाणिकता की जांच कर सकती है। मिश्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने भूषण की दलील का विरोध करते हुए कहा कि उनके मुवक्किल को बेवजह निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि उक्त जनसभा के दिन उनके मुवक्किल दिल्ली में लोकसभा सचिवालय में थे।

पीठ ने भूषण और दवे से कहा कि वे अपनी सामग्री उत्तर प्रदेश सरकार की स्थायी वकील रुचिरा गोयल को सौंप दें, ताकि इसे लखीमपुर खीरी के एसपी को सौंपा जा सके। पीठ ने मामले में आगे की आगे की सुनवाई के लिए चार सप्ताह बाद की तारीख तय की।

### दिल्ली पुलिस और झारखंड एटीएस ने आतंकियों के मंसूबों पर फेरा पानी


#### एक दर्जन से अधिक संदिग्ध गिरफ्तार

**रांची।** देश में आतंकी गतिविधियों को रोकने, उनके मंसूबों पर पानी फेरने में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल व झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ते ने महती भूमिका निभाई है। खुफिया एजेंसी की सक्रियता व जांच एजेंसियों की तत्परता ने देश में फन उठाने की कोशिश कर रही आतंकियों की नई पौध को कुचला है। आतंकी गतिविधियों में संलिप्त करीब एक दर्जन से अधिक संदिग्धों को गिरफ्तार करने में इन एजेंसियों ने सफलता हासिल की। बड़ी घटनाओं को होने से रोका। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से कुछ माह पूर्व एनआइए ने आइएसआइएस के संदिग्ध लोहरदगा के फैजान अंसारी उर्फ फैज को गिरफ्तार किया था। वह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का छात्र था और उसने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से युवाओं को आतंकी गतिविधियों के लिए जोड़ा था। उसकी निशानदेही पर ही मध्य प्रदेश के रतलाम से ओमर उर्फ राहुल सेन की गिरफ्तारी हुई थी।




# अतुल सुभाष की मां को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका

अतुल सुभाष का बेटा अपनी मां के साथ रहेगा



**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के टेक इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या के बाद उनका चार साल का बेटा किसके साथ रहेगा इसको लेकर आज सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अतुल सुभाष का चार साल का बेटा अपनी मां (अतुल सुभाष से अलग रहीं उनकी पत्नी) के पास रहेगा। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया। दरअसल, अतुल सुभाष की मौत के बाद उनकी मां ने अपने पोते को रखने की मांग की थी। वहीं, अतुल सुभाष से अलग रह रहीं उनकी पत्नी निकिता सिंघानिया ने अपने बेटे की कस्टडी मांगी थी। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन था, जिसपर आज फैसला आया है। देश के शीर्ष न्यायालय ने फैसला देते हुए कहा कि 4 साल के बेटे की कस्टडी उसकी मां को मिलनी चाहिए। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एससी शर्मा ने वीडियो लिंक के माध्यम से बच्चे से बात करने के बाद ये फैसला सुनाया। अतुल सुभाष की मां ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली थी और मांग की थी कि पोते की कस्टडी उन्हें मिले। इस मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। हालांकि, न्यायमूर्ति नागरत्ना ने इस तरह के किसी भी अनुरोध को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह एक बंदी प्रत्यक्षीकरण (याचिका) है, हम बच्चे को देखना चाहते हैं। बच्चे को पेश करें। इसके बाद करीब 45 मिनट के ब्रेक के बाद बच्चे से ऑनलाइन माध्यम से न्यायाधीशों ने बात की। इस दौरान कोर्ट की कार्यवाही को ऑफलाइन कर दिया गया था। इस दौरान न्यायाधीश ने बच्चे से ऑनलाइन माध्यम से बात की।

## वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम पर निबन्ध, गीत एवं स्लोगन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर-खीरी में ÷वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम÷ की थीम पर निबन्ध, गीत एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता में यशवर्धन प्रथम, अकमल द्वितीय तथा कार्तिक तृतीय स्थान पर रहें। गीत प्रतियोगिता में निधि गौतम प्रथम, प्रीती द्वितीय व यशवर्धन तृतीय रहें। इसीक्रम में स्लोगन प्रतियोगिता में एन्जल सिंह प्रथम, नीलाक्षी द्वितीय तथा अभिषेक शुक्ला ने तृतीय स्थान पाया। प्राचार्य प्रो0 हेमन्त पाल के दिशा निर्देशन में प्रो0 सुभाष चन्द्रा, प्रो0 ज्योति पन्त ने प्रतियोगिताओं का संयोजन एवं संचालन किया। असिस्टेन्ट प्रोफेसर डा0 अमित कुमार, रचित कुमार, मानवेन्द्र यादव एवं धर्म नारायण ने निर्णायक मण्डल के सदस्य के रूप में सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की प्रो0 नीलम त्रिवेदी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 40 शिकायती आयी मात्र 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील गोला गोकर्णनाथ सभागार में ÷संपूर्ण समाधान दिवस÷ आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सुनवाई के दौरान डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 40 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 27, आपूर्ति और ग्राम्य विकास 02-02, पुलिस, लोक निर्माण, बैंक, नगर विकास और समाज कल्याण के एक-एक, अन्य के चार शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम विनोद गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, तहसीलदार सुखवीर सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## तेलंगाना राज्य में रहने वाली एक महिला भटकते हुए पहुंच गई लखीमपुर

**लखीमपुर-खीरी।** तेलंगाना राज्य में रहने वाली एक महिला भटकते हुए उत्तर प्रदेश के लखीमपुर पहुंच गई। वह 18 जनवरी को ओयल चौकी क्षेत्र में पीआरवी 2851 को मिली। महिला को वन स्टॉप सेंटर पर आश्रय व संरक्षण दिलाया गया। वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर विजेता गुप्ता व रश्मि वर्मा ने महिला के परिवारीजन के बारे में जानकारी की। महिला ने अपना नाम रमन्ना पत्नी भास्कर राव जिला कमम मंडल ओयदा (तेलगांना) बताया।जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव ने बताया कि परिवार में पुत्र मुताशाही से काउंसलर की बात होने के बाद उन्हें वन स्टाप सेंटर लखीमपुर बुलाया गया। सोमवार को महिला के पति भास्कर राव व पुत्र मुताशाही ने वन स्टाप सेंटर आकर महिला के पहचान संबंधित प्रमाण दिए पिता-पुत्र ने बताया कि रमन्ना एक माह पूर्व अपने घर से निकली थी। यहां कैसे पहुंची, वे लोग नहीं जाते। एक माह बाद रमन्ना को देखकर पति और पुत्र खुश हुए।

## तय टाइम शेड्यूल से गुणवत्ता के साथ कॉरिडोर निर्माण की कार्यवाही को करें संपादित : दुर्गा शक्ति नागपाल

**लखीमपुर खीरी।** छोटी काशी गोला शिव मंदिर गोला गोकरननाथ में कॉरिडोर निर्माण के लिए हुए ध्वस्तीकरण की प्रगति जानने, निर्माण कार्य में प्रगति लाने के उद्देश्य से विधायक अमन गिरी के संग डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, एडीएम संजय कुमार सिंह ने पूरे कॉरिडोर परिसर का पैदल निरीक्षण किया।

इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष-नगर पालिका परिषद गोला विजय शुक्ला रिंकू, एसडीएम विनोद गुप्ता मौजूद रहे डीएम-एसपी ने विधायक संग कार्यदाई संस्था उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन के सहायक परियोजना प्रबंधक संकल्प वर्मा और आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला से नक्शे पर पूरे कॉरिडोर निर्माण और उसके स्वरूप को समझा। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि कॉरिडोर निर्माण के लिए तय टाइम शेड्यूल के अनुसार गुणवत्ता के साथ कॉरिडोर निर्माण की कार्यवाही को संपादित की जाए। यह कार्य शासन की प्राथमिकताओं में है।

इसमें किसी प्रकार का विलंब और लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने एसडीएम से ध्वस्तीकरण की प्रगति जानी और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सावन मास से पूर्व श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुसार जरूरी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। ताकि उन्हें कोई असुविधा न हो।इस दौरान एसडीएम विनोद गुप्ता, उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन के सहायक परियोजना प्रबंधक संकल्प वर्मा, आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला कॉरिडोर निर्माण से जुड़े सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## 01 नफर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मैलानी पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त रोहित पुत्र दीनदयाल नि0 ढाकनपुर थाना मैलानी जनपद खीरी सम्बन्धित मु0सं0 739/2024 अ0सं0 161/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट लखीमपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

# सैय्यद वकार रिज़्वी के लिए दुआ ए मगफिरत



**सहारनपुर।** (स्टॉफ) आज यहां दीवानी कचहरी की मस्जिद में बाद नमाज़ ए मगरिब कुरान ए पाक कि तिलावत के बाद ख़ास दुआ का एहतमाम किया गया जिसमें खास तौर से कर्मठ, मिलनसार, बेबाक सहाफ़त के अलंबरदार,साहिब ए इल्म और अवधनामा न्यूज़ पेपर ग्रुप के संस्थापक सय्यद वक़्कार रिज़्वी मेंहदी के लिए दुआ ए मगफिरत की गई इस मौक़े पर एडवोकेट राहिल रज़ा, एडवोकेट बासित सलीम, अमजद अली खान, एड. आरिफ़ चौधरी और एड.अहमद रज़ा ने सैय्यद वकार रिज़्वी मेंहदी की सामाजिक और पत्रकारिता के क्षेत्र में की गई ख़िदमात को सराहा गया और आपके लिए दुआ फरमाई !

# एसडीएम जमीन का सर्वे कर सौंपे अपनी रिपोर्टः डीएम



**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ में छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर बनने के साथ-साथ रोडवेज बस स्टेशन को नया आशियाना मिलने की कवायद शुरू हो गई। इसी कड़ी में सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, एडीएम संजय कुमार सिंह ने गोला गोकर्णनाथ पहुंचकर विधायक गोला अमन गिरी, चेयरमैन गोला विजय कुमार शुक्ल ÷रिंकू÷ संग रोडवेज बस अड्डे के निर्माण के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश में गोला देहात में काशीराम कॉलोनी के निकट स्थित लोक निर्माण विभाग की जमीन का प्रारंभिक निरीक्षण किया इस दौरान डीएम ने मौजूद अफसरो संग रोड़वेज बस अड्डे के लिए भूमि चयन के संबंध में जरूरी जानकारी लेते हुए सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित को दिशा निर्देश दिए। डीएम ने एसडीएम गोला विनोद गुप्ता को निर्देशित किया कि रोडवेज बस अड्डे के लिए देखी गई भूमि का विवरण इत्यादि के संबंध में सर्वे करते हुए नियमानुसार रिपोर्ट समयबद्धता से उन्हें प्रस्तुत करें, ताकि प्राप्त रिपोर्ट पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके निरीक्षण के दौरान एडीएम संजय कुमार सिंह, एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी, एआरएम गोला, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तरुणेन्द्र त्रिपाठी सहित सभी संबंधित विभागों के उत्तरदाई अधिकारी मौजूद रहे।

## शव फंदे से लटकते पाया गया एक युवक का शव

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला शिवकालोनी निवासी एक युवक का शव फंदे से लटकते पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार की सुबह करीब 7 बजे मोहल्ला शिवकालोनी निवासी राजाराम का 44 वर्षीय पुत्र निर्भय का शव कमरे में फंदे से लटकता पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सीएमओ ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया सारथी वाहन



अवधनामा संवाददाता

**बदायूँ।** जनपद में सारथी वाहन का शुभारम्भ सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उनके कार्यालय से किया गया। जनपद स्तर पर आगामी 23 जनवरी तक दो-दो सारथी वाहन संचालित किए जाएगे, जो जनपदीय मुख्यालय क्षेत्र के साथ-साथ ऐसे स्थान में चलाया जायेगा जहां अर्बन स्लम, झुग्गी झोपड़ी तथा अर्बन पुअर निवास करते हैं। इसी प्रकार ब्लाक स्तर पर भी सारथी वाहन संचालित किये जायेगें। जो नगरीय क्षेत्र व समस्त ब्लाक के राजस्व ग्रामों में परिवार नियोजन संबंधी जानकारी देते हुए प्रचार-प्रसार करेंगे। इस अवसर पर डॉ0 श्रीमोहन झा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 निरंजन सिंह नोडल अधिकारी परिवार नियोजन, डॉ0 पवन जायसी उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## एडीजे ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बदायूँ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/ जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव कुमारी द्वारा सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऐसे निरूद्ध बन्दी जो दंण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436क से अच्छादित हैं तथा अपनी आधी सजा से अधिक समय व्यतीत कर चुके हैं उससे सम्बन्धित बंदियों की सूची व इनकी रिहाई के सन्दर्भ में किये गये कार्यवाही उपलब्ध कराये जाने हेतु अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने पाकशाला एवं समस्त बैरिकों का निरीक्षण करते हुए संबंधित को निरन्तर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया तथा जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों की समस्याओं को सुना। बंदियों से उन्होंने उनके विधिक सहायता के बारे में पूछताछ की तथा उनको विधिक सहायता हेतु जागरूक भी किया। सचिव द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बन्दियों को दवा उपलब्ध कराने, एवं महिला कैदियों से भी एक-एक कर पूछताछ की गयी। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक, राजेन्द्र कुमार, कारापाल, कुंवर रणजय सिंह, उपकारापाल मो0 खालिद, उपकारापाल, श्रीधर यादव, गणेश चन्द्र चतुर्वेदी चिकित्साधिकारी, डॉ0 हरीश कुमार सिंह, फार्मासिस्ट, गोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पाकिस्तानी शुमायला की कहानीः जिसने फर्जीवाड़ा कर पाई नौकरी, अब होगी वेतन की वसूली; मां भी थी शिक्षक

अवधनामा संवाददाता




**बरेली।** रामपुर के बजरोही टोला में गली नंबर चार में रहने वाली पाकिस्तानी शुमायला बरेली के प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में तैनात थी। उसे अक्तूबर में निलंबित किया गया था। जांच में उसका निवास प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया। इस पर विभाग ने उसकी सेवा समाप्त कर दी। बरेली में फर्जी दस्तावेज लगाकर सहायक अध्यापक पद पर नौकरी पाने वाली फुरकाना उर्फ शुमायला खान को बर्खास्त कर दिया गया है। वह फतेहगंज पश्चिमी के प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में तैनात थी। उसके खिलाफ फतेहगंज पश्चिमी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।बीएसए कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक शुमायला खान को वर्ष 2015 में तैनाती मिली थी। विभाग ने वेतन आदि भत्ते की रिकवरी की कार्रवाई भी शुरू कर दी है। इस संबंध में विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी को बीएसए ने पत्र भेजा है। उधर, फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी भानु शंकर गंगवार ने उसके खिलाफ फतेहगंज पश्चिमी थाने में धोखाधड़ी से नागरिकता छिपाने व फर्जी दस्तावेज से नौकरी हासिल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निलंबित शिक्षिका शुमायला खान की ओर से मांगे गए स्पष्टीकरण में बताया गया था कि उसकी मां माहिरा बेगम पाकिस्तान से वर्ष 1981 में भारत आई थीं, तब शुमायला दो वर्ष की थी। 1985 में मां की दूसरी शादी हुई थी। 1992 में मां रामपुर के एक प्राइमरी स्कूल में शिक्षिका के पद पर नियुक्त हुईं थी। वर्ष 2007 में माहिरा बेगम को रामपुर की पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में आवास आवंटित हुआ था। शुमायला की पढ़ाई रामपुर में हुई। शुमायला ने बीएड मीरगंज के राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज से किया था। हालांकि, निवास प्रमाणपत्र कूटरचित मिलने पर शुमायला खान की सेवा समाप्त कर बीएसए संजय सिंह ने रिपोर्ट बेसिक शिक्षा विभाग के लखनऊ मुख्यालय को भेज दी गई है। बरेली के बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से वर्ष 2015 से तैनाती के दौरान तक जारी वेतन आदि भत्ते की रिकवरी की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी को बीएसए ने पत्र भेज दिया गया है। शुमायला की की नागरिकता को लेकर शिकायत की गई थी। आरोप था कि वह पाकिस्तानी नागरिक है। इस मामले में विभाग ने उसके निवास प्रमाणपत्र का सत्यापन कराया था। एसडीएम सदर रामपुर की जांच में साफ हुआ कि शुमायला का यह प्रमाणपत्र त्रुटिपूर्ण है, इसे बनवाने में जानकारी छुपाई गई है और शुमायला वास्तव में पाकिस्तान मूल की है।

# आगरा में क्रूरता की हदें की पार, रिटायर्ड फौजी ने स्ट्रीट डॉग को मारी गोली

अवधनामा संवाददाता



**आगरा।** एक ओर जहां देश में फौजी को बहुत ही मान और सम्मान के साथ देखा जाता हैं वही महानगर में एक रिटायर्ड फौजी ने क्रूरता की हदें पार करते हुए दुनिया के सबसे बाफादार बेजुबान को गोली मार दी। इस दिल दहला देनेवाली घटना में एक रिटायर्ड फौजी ने एक श्वान पर केवल इसलिए अपनी लाइसेंसी गन से गोली चला दी, क्योंकि श्वान उसपर भौंक रहा था। इस रिटायर्ड फौजी का नाम होतम सिंह बताया जा रहा है और उसने एक लावारिस श्वान को गोली मार दी। कुत्ते के भौंकने से वह नाराज था इस घटना के बाद लोगों में काफी आक्रोश फ़ैल गया है। बताया जा रहा है की ये घटना तोरा चौकी की है गली का श्वान भौंक रहा था और इससे रिटायर्ड फौजी को गुस्सा आ गया और उसने अपनी लाइसेंस वाली से गन से उसपर गोली चला दी। इस घटना के बाद श्वान गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसे चलना भी नहीं हो रहा था। सोसाइटी के देवेंद्र कुमार शर्मा ने पुलिस को बताया कि तोरा चौकी के पीछे सालिगराम कॉलोनी में कुत्ते को गोली मारने की सूचना दी गई थी। जब हम कॉलोनी में पहुंचे तो देसी कुत्ता घायल अवस्था में तड़प रहा था। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि इलाके में रहने वाला पूर्व फौजी अपनी बंदूक लेकर आया था। इस घटना के बाद श्वान काफी घायल हो गया है। जानकारी मिलते ही जानवरों के लिए काम करनेवाले एनजीओ 'द केयरिंग हार्ट सोसाइटी' के सदस्य देवेंद्र कुमार शर्मा और अनिरुद्ध ठाकुर तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली और ताजगंज थाने में रिटायर्ड फौजी होतम सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। एनजीओ सदस्यों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## आगरा के नवागत मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने संभाला चार्ज



**आगरा।** किसानों से जुड़े मामलों का हर संभव समाधान खोजा जाएगा। यातायात नियमों का पालन कराने और सफाई व्यवस्था सहित अन्य मामलों पर भी काम किया जाएगा। प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए विकास कार्यों और निर्माणाधीन योजनाओं को समय से पूरा कराना प्राथमिकता में रहेगा। बता दें कि रितु माहेश्वरी को चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

आगरा के नवागत मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने आज कार्यभार ग्रहण करने के बातचीत में अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को गति प्रदान करना उनकी प्राथमिकता में शामिल होगा। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कराया जाएगा। स्वास्थ्य, शिक्षा और औद्योगिक विकास पर भी उनका फोकस रहेगा। आगरा में पर्यटकों की सहूलियत व सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा। इससे पूर्व नवागत मंडलायुक्त ने कमिश्नरी पहुंचकर कार्यभार संभाला। साथ ही अधीनस्थों से मुलाकात की। नवागत मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह आगरा में लंबे समय तक तैनात रहे हैं। वे यहां की मूलभूत समस्याओं से अवगत हैं। साथ ही मंडल के अंदर आने वाले मथुरा के अभी तक डीएम भी रहे हैं। इन दोनों जिलों की समस्याओं को वह भलीभांति जानते भी हैं।

# जीएसटी की जटिलताओं से व्यापारी दुखी, जीएसटी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने विभिन्न मांगो को लेकर जीएसटी आयुक्त को संबोधित ज्ञापन जीएसटी कमिश्नर ग्रेड 1 धीरेन्द्र प्रताप को सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी जिला अध्यक्ष जयवीर राणा व महानगर अध्यक्ष मुकुंद मनोहर गोयल के नेतृत्व में एकत्र होकर दिल्ली रोड स्थित जीएसटी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान जिलाध्यक्ष जयवीर राणा ने कहा कि जीएसटी प्रणाली की जटिलताओं से व्यापारी दुखी है। जीएसटी प्रणाली सरल होनी चाहिए। उन्होंने जिला स्तरीय सरलीकरण कमेटी में व्यापारियों को भी जोड़े जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश का व्यापारी लगातार जीएसटी को बढ़ा रहा है फिर भी उसे चोर की तरह देखा जा रहा है। व्यापारियों के उद्योग व प्रतिष्ठानों के बाहर जीएसटी का पहरा बैठा दिया गया है व्यापारी को सम्मान मिलना चाहिए। महानगर अध्यक्ष मुकुन्द मनोहर गोयल ने कहा कि जब प्रदेश में ई वे बिल व्यवस्था लागू है, तो सचल दल समाप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सचल दल अधिकारी मात्र अपना टारगेट पूरा करने के लिए व्यापारियों का उत्पीड़न करते हैं, उनकी गाड़ी कई दिन तक डिनेट कर दी जाती है जिससे व्यापारी को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुशील काम्बोज, जिला कोषाध्यक्ष अमित मदान, नगर महामंत्री अजय शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज मदनूकी, युवा जिला अध्यक्ष जोली प्रजापति, राजू प्रजापति, महानगर कोषाध्यक्ष साहिल गाबा, युवा नगर अध्यक्ष अंकित जैन, नगर उपाध्यक्ष संजय मोहन गुप्ता, गौरव कर्णवाल, राहुल आत्रे, हर्ष शर्मा, सक्षम अरोड़ा, अतुल शर्मा, प्रवीण, प्रशांत गोयल आदि मौजूद रहे।

# बारात में गए थे घरवालें, चोरों ने कर दिया घर साफ, लाखों की चोरी




अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** थाना सदर क्षेत्र के नगला परसोती में चोरों ने सूने घर को साफ कर दिया। परिवार मकान को बंद कर शादी में गया हुआ था। चोर 20 लाख रुपये के जेवरात और 50 हजार रुपये नकदी ले उड़े। घर के स्वामी हरीश सिंह पुत्र गुलाब सिंह परिवार के साथ अपने रिश्तेदार के यहां शादी में गए हुए थे और घर का ताला लगा कर गए थे। चोरों ने मौका पाकर घर में चोरी की और लाखों रुपये की चोरी कर फरार हो गए। जानकारी अनुसार नगला परसोती, सेवला सराय निवासी हरीश सिंह प्राइवेट बैंक में नौकरी करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह 18 जनवरी को परिवार सहित जिला मथुरा के कोसीकलां में एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गए थे। मेन गेट से ताला लगा था। तड़के सुबह 3 बजे वापस घर पहुंचे। देखा तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर पहुंचे तो सामान बिखरा पड़ा मिला। अलमारी और बक्सों के ताले टूटे पड़े थे। घर में रखे 20 लाख रुपये कीमत के जेवरात और 50 हजार नकद चोर ले गए।

# भाजपा ने हमेशा किया संविधान का सम्मानः राजेन्द्र

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि हमारा संविधान ही हमारा अभिमान है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा से संविधान का सम्मान किया है, जबकि कांग्रेस ने अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए सदैव संविधान के साथ छेड़छाड़ करने का काम किया है।

पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल आज यहां दिल्ली रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर संविधान गौरव अभियान के तहत आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेसियों ने लोकसभा चुनाव में संविधान का मखौल उडाने का काम किया है तथा हमारे सीधे-साधे समाज को बहकाकर वोट लेने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज जनता इस बात को समझ चुके हैं और कांग्रेस का झूठ जनता के सामने आ चुका है जिसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को गांव-गांव बस्ती बस्ती जाकर सब लोगों को जागृत करना होगा कि किस प्रकार से लगातार कांग्रेस की सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ करती आ रही है और लगातार कितने प्रकार के कानून में संशोधन इन्होंने अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए किए हैं और एक ही देश में अलग चुनाव, अलग निशान देकर कश्मीर को भारत से अलग करने का काम संविधान के साथ छेड़छाड़ करके किया था, इससे कोई अनभिज्ञ नहीं है। उन्होंने कहा कि किस प्रकार से संविधान के साथ छेड़छाड़ करके वक्फ बोर्ड को मंजूरी दी गई, यह कांग्रेस के खोखलेपन की निशानी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा संविधान का सम्मान किया है जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे उसे समय भी उन्होंने संविधान को हाथी पर सवार करके शोभायात्रा निकालने का काम किया था और जब प्रधानमंत्री बनने के बाद संसद में पहुंचते हैं, तो सर्वप्रथम संसद की चौखट पर मथा टेकने के बाद संविधान को माथे पर लगाने का काम करते हैं वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिन्होंने देश ही नहीं विदेश तक डॉ.अंबेडकर के म्यूजियम बनवाने का काम किया है और इसी के साथ हमारे सभी समाज को समझना चाहिए कि कितना बड़ा योगदान अंबेडकर जी का रहा है और सभी को इनका सम्मान करना चाहिए। इस दौरान जिला अध्यक्ष डॉ.महेंद्र सैनी, रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम, जिला मीडिया प्रभारी विपिन चौधरी, जिला महामंत्री विरेंद्र पुंडीर, राधेश्याम शर्मा, अनुसूचित मोर्चे के अध्यक्ष संजय सूर्य, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र जागलान, जिला मंत्री संजय राणा, सभी मंडल अध्यक्ष व मंडलों के इस अभियान के संयोजक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संविधान में सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्द डालकर कांग्रेस ने किया बाबा साहब का अपमान : योगी

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी संविधान की आत्मा उसकी प्रस्तावना होती है। याद रखना होगा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने 26 नवंबर 1949 को जो संविधान का ड्राफ्ट तैयार किया था जो संविधान भारत की संविधान सभा को सौंपा था, उसकी प्रस्तावना में दो शब्द नहीं थे सेक्युलर और सोशलिस्ट। कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए आपातकाल के दौरान ये दो शब्द रात के अंधेरे में डाल करके बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का काम किया।

सीएम योगी सोमवार को गोरखपुर में भाजपा अनुसूचित मोर्चा की तरफ से आयोजित संविधान गौरव अभियान के कार्यक्रम (मेरा संविधान-मेरा स्वाभिमान) को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी किस मुंह से संविधान लेकर के घूम करके जनता को बेवकूफ बनाने का काम करते हैं। संशोधन पर संशोधन करते गए। पर अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जातियों को अधिकार मिले, इसका कांग्रेस ने कभी प्रयास नहीं किया। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और सपा के नेताओं पर सवाल किया कि आखिर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय या जामिया मिलिया विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति, जनजाति या पिछड़ी जाति के नौजवानों को प्रवेश और नौकरी में क्यों आरक्षण नहीं है। यहां आरक्षण के सवाल पर इनके नेता मौन क्यों हो जाते हैं। उन्होंने कहा जैसी कांग्रेस है वैसी ही समाजवादी पार्टी भी है। याद करिए कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नामकरण बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर था, समाजवादी पार्टी की सरकार ने नाम हटा दिया। हमारी सरकार आई तो मेडिकल कॉलेज का नामकरण फिर से बाबा साहब के नाम पर करवाया गया। अखिलेश यादव जब 2012 में प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने पहले घोषणा की थी कि बाबा साहब और जितने भी सामाजिक न्याय के महापुरुष हैं उनके बने हुए स्मारकों को हम तोड़ेंगे। तब भारतीय जनता पार्टी ने कहा था कि सामाजिक न्याय के पुरोधाओं के और उठने वाले हर हाथ के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब देने के लिए भाजपा तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान किसी भी संप्रभु संपन्न राष्ट्र के नागरिकों का स्वाभिमान होता है। संविधान उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक पूरे भारत को एकता के सूत्र में बांधकर के 140 करोड़ भारतवासियों में के सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा कृषि विभाग को शासन की मंशा के अनुरूप जल्द से जल्द लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये निर्देशित किया गया, बैठक में बताया गया जनपद में फार्मर रजिस्ट्री के लिये 152 टीमें कार्य कर रही है, जिलाधिकारी द्वारा टीमें बढ़ाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि किसान सहायक, पंचायत सहायक व रोजगार सेवकों को ग्रामवार लगाकर कार्य कराये व सभी कार्मिको का लक्ष्य निर्धारण किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, जिला विकास अधिकारी सभी उपजिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर छह का हुआ निस्तारण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवां दीपक कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान 68 मामले आए जिसमे 6 मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। राजस्व 30, पुलिस 9, विकास 6, समाज कल्याण 1 अन्य 22 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। जब की पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## संजीव रंजन ने संभाला अलीगढ़ डीएम का चार्ज

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** प्रतापगढ़ से स्थानांतरित होकर आए नवागत



जिलाधिकारी संजीव रंजन सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार पहुंचे, जहां पर उन्होंने अलीगढ़ के नए जिलाधिकारी का चार्ज संभाला। इस दौरान जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि प्राथमिकता शासन के कार्यों को लेकर रहेगी। विकास कार्यों पर ध्यान दिया जाएगा। कानून और व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया जाएगा। शासन के निर्देशों का अनुपालन कराया जाएगा। बता दें कि विशाख जी का लखनऊ के जिलाधिकारी के पद पर तबादला हो गया था। जानकारी अनुसार नवागत डीएम वर्ष 2013 बैच के आईएएस हैं। कुशीनगर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, सहारनपुर के सीडीओ, संभल, सिद्धार्थनगर व प्रतापगढ़ जिले के डीएम रह चुके हैं।

## मिस एवं मिस्टर फर्रुखाबाद विजेता सम्मानित



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद में 21 वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव 2 जनवरी से 16 जनवरी तक आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं एवम् कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। आज मिस, मिस्टर, मिसेज फर्रुखाबाद सहित कानपुर रीजन, उत्तर प्रदेश का समिति सभागार में सम्मान किया गया। जिसमें कार्यक्रम में पधारे डॉ प्रशांत श्रीवास्तव एवम् डॉ शिवानी शुक्ला ने मिस फर्रुखाबाद रिया सिन्हा, मिस फर्रुखाबाद प्रिंसेस शिल्पी सिंह, मेसेज कंचन, मिस्टर फर्रुखाबाद रोयल अग्निहोत्री मिस्टर फर्रुखाबाद प्रिंस लक्ष्य कश्यप, मिस्टर ग्रैंड फर्रुखाबाद अर्जुन दुबे, मिस्टर कानपुर रीजन अभय तिवारी, मिस्टर प्रिंस कानपुर अभिषेक कटियार, मिस्टर उत्तर प्रदेश ऋतम कुलश्रेष्ठ का माल्यार्पण व उपहार देकर सम्मानित किया। डॉ प्रशांत श्रीवास्तव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को निरंतर क्रियाशील रहना चाहिए। समिति अध्यक्ष डॉ संदीप शर्मा ने कहा कि युवा समाज उपयोगी कार्यों से जुड़े, कार्यक्रम प्रभारी हर्ष दुबे ने विजेताओं को वार्षिक कार्य याजोना की जानकारी दी। डॉ कृष्ण कांत अक्षर ने काव्य पाठ करके युवाओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम संचालन हर्षित मिश्रा ने किया , वीरेंद्र त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व मिस फर्रुखाबाद मुस्कान ने डॉ शिवानी शुक्ल का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं सुनी

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता



में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 21, पुलिस की 38,विकास विभाग की 12, विद्युत विभाग की 25, आपूर्ति 03 व अन्य विभागों की 17, कुल 116 शिकायते प्राप्त हुई, जिनमे से 14 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियो को दिये गए। इस अवसर पर मा0 विधायक कायमगंज व जिलाधिकारी द्वारा 25 लाभार्थियों को कंबल,10 लाभार्थियों को घरौनी,10 को राशनकार्ड, 04 लाभार्थियों को वरासत प्रमाणपत्र व 02 को संशोधन प्रमाणपत्र प्रदान किये। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षकजिला विकास अधिकारी उपजिलाधिकारी कायमगंज व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में 8 मार्च शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, बाह्य स्थित न्यायालयों में एवं तहसील स्तर पर किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों एवं विभागों में लम्बित विभिन्न प्रकृति के मामलों जैसे- फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर बाद, श्रम वाद, विद्युत अधिनियम एवं जलकर से सम्बन्धित वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद अन्य दीवानी वाद, अन्य प्रकृति के वाद जो न्यायालयों में छोटे-छोटें प्रकृति के मामलें लम्बित हो के अतिरिक्त पारिवारिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों तथा प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभिन्न बैंको, वित्तीय संस्थाओं एवं विभागों में लम्बित/ प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों का भी निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाना है।

## डाबर इंडिया के सहयोग से पोषण अमृत उत्सव का आयोजन

**उरई (जालौन)।** अनुरागिनी संस्था ने डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से जनपद जालौन के ग्राम चुर्खी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पोषण अमृत उत्सव का आयोजन किया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति और उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव फेडरेशन के उपसभापति रमाशंकर जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण के महत्व को रेखांकित करना और बालिका विद्यार्थियों को स्वास्थ्यवर्धक आहार के प्रति प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर उपस्थित बालिकाओं को न्यूट्रीशनल ड्रिंक और नारियल पानी वितरित किया गया, जिसे डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से उपलब्ध कराया गया। महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने कहा, स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। ऐसे प्रयास समाज को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## फूल तोड़ रही वृद्धा को पिकप ने रौदा, मौत

**गोरखपुर।** गीडा सेक्टर-23 सहजनवां आवासीय कालोनी में सोमवार सुबह पिकप चालक ने फूल तोड़ रही बुजुर्ग महिला को कुचल दिया। जिससे मौके पर बुजुर्ग की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बुजुर्ग के बेटे ने गीडा पुलिस को तहरीर भी दे दिया है। गीडा सेक्टर 23 सहजनवां आवासीय कालोनी में पिकप चालक टंकी में पानी भरकर घर घर सप्लाई करता है। सुबह पिकअप चालक पानी सप्लाई करने गया था। आवासीय कालोनी निवासी स्व शिवशंकर सिंह की पत्नी द्रोपती देवी (69) की फूल तोड रही थी।उसी दौरान पिकअप चालक ने वाहन पीछे से उनके उपर चढा दिया। जिससे मौके पर उनकी मौत हो गयी। सूचना पहुंची गीडा पुलिस ने पिकअप में फंसे शव को निकलवाया। कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।मृतिका के बेटे गिरिजेश सिंह ने चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। कालोनी के लोगों ने बताया पिकअप चालक काफी मनबढ़ई करता था।



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**



# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

### दिनांक 21.01.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी जं., चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनन्दपुर साहिब, नंगल डैम, ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04661 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहानपुर, बरेली जं., रामपुर जं., मुरादाबाद जं., अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड जं., मेरठ शहर, मुजफ्फर नगर, देवबन्द जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., सरिहंद जं., ढंढारी कलां, जलंधर शहर और ब्यास स्टेशन |
| 06020 | वाराणसी जं. | 18:20 | मंगलूरू सेन्ट्रल | 02:30 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपररिया, इटारसी जं., नागपुर जं., चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामगुंडम, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर, गुडुर जं., पेरांबूर, अरक्कोणम जं, कटपडी जं., जोलारपेटै जं., सेलम जं., इरोड जं., तिरुप्पूर, कोयंबटूर जं., पालक्काड जंक्शन, ओट्टापल्लम, शोरानूर जं., तिरुर, फेरोक, कोषिक्कोड, वडकरा, तलश्शेरी, कण्णुर, पय्यानूर, नीलेश्वर और कसारगोड स्टेशन |
| 06072 | गोमती नगर | 03:45 | सेन्ट्रल चेन्नै | 23:55 | अयोध्या धाम जं, वाराणसी जं., चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर और गुडुर जं. स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर और प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 04603 | श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:50 | फाफामऊ जं. | 21:50 | जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट, सहारनपुर जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ जं. एवं ऊँचाहार जं. स्टेशन |

### दिनांक 22.01.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनर जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, जुकेही, कटनी जं., रिती, बंदक्पुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नारिओली, खुरे, बीना मालखेड़ी, मुन्गोली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छाबरा गुगोर, अतरु, बारन एवं अन्ता स्टेशन |
| 01033 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 11:30 | मऊ जं. | 22:00 | दादर सेंट्रल, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बनापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनर जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:45 | इंदौर जं., उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बसोडा, बीना जं., ललितपुर, विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनर जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं. औंरिहर जं. एवं गाजीपुर सिटी |
| 08561 | गोरखपुर जं. | 14:20 | विशाखपट्टणम | 12:15 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनर जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी जं., उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जं., पेंड्रा रोड, बिलासपुर जं., चंपा जं., रायगढ़, झारसुगुडा रोड, संबलपुर सिटी, रैराखोल, बोंदा, अंगुल, धेनकनाल, नाराज मर्थापुर, भुबनेश्वर, खुर्दा रोड जं., बालूगांव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, प्लासा, श्रीकाकुलम रोड एवं विजयनगरम जं. स्टेशन |
| 06001 | चेन्नै सेन्ट्रल | 14:20 | गोमती नगर | 14:15 | गुडूर जं., नेल्लोर, ओंगोल, चिराला, तेनाली, न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वारंगल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं. मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद एवं हरिद्वार स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद जं., हापुर जं., गढ़मुक्तेसर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद जं., रामपुर, बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |

### दिनांक 23.01.2025 (गुरूवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04145 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 09:30 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं,, फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं.,छायापुरी एवं आणंद जं. |
| 01661 | रानी कमलापति | 11:10 | बनारस | 10:15 | मंडी दीप, ओबैदुल्ला गंज, बुदनी, नर्मदा पुरम, इटारसी जं., सोहागपुर, पिपरिया, गडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल, जबलपुर जं.,देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जं., जुकेही, मैहर,, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनर जं. स्टेशन |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनर जं. मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बनापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, खंडवा जं., भुसावल जं., तलवड़िया, जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं., ठाणे एवं दादर सेंट्रल, स्टेशन |
| 09372 | बलिया | 23:45 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 05:30 | गाजीपुर सिटी, औंरिहर जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनर जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, उरई, विरांगना लक्ष्मीबाई, ललितपुर, बीना जं., गंज बसोडा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं. एवं इंदौर जं. स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर,, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर, रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, राजपुरा, पटियाला, धूरी, बरनाला एवं रामपुरा स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन। |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

You Tube f X पर हमें फॉलो करें

# समाजसेवियों को मानव रत्न सम्मान से नवाजा गया



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** मंडल के थाना कूरेभार स्थित ग्राम बरौला में रविवार को माँ शेरावाली न्याय धाम बरौला कूरेभार सुल्तानपुर द्वारा आयोजित माता श्यामरती जी की तृतीय पुण्यतिथि पुण्यतिथि के अवसर पर सम्मान समारोह एवं निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन माता श्यामरती जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संरक्षक बलराम सीता और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वासुदेव मौर्य, सदस्य, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश ने किया।मुख्य अतिथि वासुदेव मौर्य ने अपने संबोधन में कहा, ÷मां शेरावाली न्याय धाम ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्य अत्यंत सराहनीय हैं। समाज में सेवा के लिए उनका योगदान उल्लेखनीय है। आज हमारी सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी योजनाओं को गरीब, वंचित और शोषित वर्ग तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। हमारी सरकार की योजनाएं खासतौर पर किसानों, युवाओं और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों तक पहुंच रही हैं।÷ उन्होंने आगे कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता फैलती है और लोग समाज सेवा के कार्यों में योगदान देते हैं।इसके बाद, मुख्य अतिथि वासुदेव मौर्य ने विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य करने वाले समाजसेवियों को ÷मानव रत्न सम्मान पत्र÷ से सम्मानित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुबोध श्रीवास्तव और सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।इस सम्मान समारोह समाजसेवी बसंत राम को उनके समर्पित कार्यों के लिए मानव रत्न सम्मान पत्र 2025 से नवाजा गया। समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ। बसंत राम ने समारोह के दौरान बताया, ÷मैं बचपन से ही समाज सेवा में लगा हुआ हूं और मुझे यह प्रेरणा अपनी माता स्वर्गीय श्रीमती शांति देवी से मिली। वे हमेशा समाज के गरीब और असहाय लोगों की मदद करने की बात करती थीं।कार्यक्रम का संचालन इंस्पेक्टर रंजीत यादव ने किया और आयोजन का शिवा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना की और समाज में सेवा के महत्व पर बल दिया।

# 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

**कुमारगंज-अयोध्या।** अमानीगंज विकास खंड अंतर्गत पूरे दला में स्थापित केला रेशा प्रदर्शन इकाई पर राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशा अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संस्थान , कलकत्ता एवं ओंकार सेवा संस्थान के संयोजन में महिलाओं के दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर एस बी रॉय द्वारा किया गया ।अपने उद्घाटन संबोधन में डाज़ रॉय ने कहा कि यह परियोजना संस्थान के एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन योजना के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित की गई है । इस योजना के अंतर्गत संस्थान के द्वारा देश के विभिन्न भागों में महिलाओं और किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है । कार्यक्रम को संस्थान के तकनीकी अधिकारी रमा कांत मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि इस परियोजना में कुल चालीस महिलाओं को विभिन्न प्रकार के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिससे महिलाएं अपना रोजगार स्थापित करके अपनी रोजी रोटी चला सकें। कार्यक्रम को भारतीय कालीन प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉक्टर राजीव वार्ष्णेय ने भी संबोधित किया । डीडीएम नाबार्ड कमलेश यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नाबार्ड महिलाओं और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सदैव कार्य कर रहा है ,शीघ्र ही नाबार्ड के द्वारा जनपद के मवई विकास खण्ड में भी महिलाओं को कालीन का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा । उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इतने बड़े संस्थान के द्वारा प्रशिक्षण आयोजित करना बहुत शुभ संकेत है।इससे महिलाओं के साथ साथ किसान भी लाभान्वित होंगे तथा क्षेत्र की महिलाओं को पूरे देश में अपना हैंडीक्राफ्ट उत्पाद बेचने में भी मदद मिलेगी । कार्यक्रम समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने कहा कि उपरोक्त योजना राष्ट्रीय प्राकृतिक रेशा अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संस्थान कलकत्ता के निदेशक डॉक्टर डी बी शाक्यवार के दिशा निर्देश में संचालित की जा रही है ।

# आसिफ बाग में बन रहा नगर निगम का नया जोनल आफिस

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** लोगों को नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से रामनगरी में नगर निगम का जोनल ऑफिस बनाया जा रहा है। आसिफ बाग में इसका निर्माण भी तेजी से चल रहा है। 10.1948 करोड़ में बनने वाले इस जोनल कार्यालय का संचालन मार्च के बाद ही संभव होगा। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद अयोध्या में नगर विकास से जुड़े कार्यों में तेजी आ गई है। अयोध्या को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मॉनिटर भी कर रहे हैं। इसके लिए वह अपने अयोध्या के हर दौरे पर अधिकारियों को निर्देशित भी करते हैं। इसी वजह से अयोध्या में नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। आसिफ बाग में बनने वाले जोनल आफिस के निर्माण की कार्यदायी संस्था नगर विकास है। कार्य निर्माण के लिए डेडलाइन 31 मार्च तय की गई है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि कार्य प्रगति पर है। भविष्य में हमारी योजना है कि नगर वासियों को मुख्यालय न आना पड़े। जोनल आफिस में ही सारे कार्य हो जाएं।मुख्य भवन के जी प्लस वन के स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब फ्लोरिंग का कार्य किया जा रहा है। परिसर में बनने वाले व्हीकल शेड का कार्य भी चल रहा है। इसमें 100 केवीए का सोलर पैनल भी लगेगा। गैंग हट एंड स्टोर के अलावा फर्नीचर, बाउंड्रीवाल ब अवस्थापना से संबंधित कार्य होंगे। इतनी धनराशि हो चुकी है खर्च प्रोजेक्ट के लिए 10.1661 करोड़ रुपये अवमुक्त हो चुके हैं। अब तक 6.5825 करोड़ खर्च हो चुके हैं। बताया जाता है कि लगभग 65 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है।

## उपचुनाव मिल्कीपुरः प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उप निर्वाचन 2025 के तहत 273-मिल्कीपुर (अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर द्वारा आज जानकारी दी गई कि नाम वापसी की निर्धारित तिथि तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापसी नहीं की गई।उपचुनाव में अब तक कुल 10 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं। जिनमें, समाजवादी पार्टी के अजीत प्रसाद को साइकिल, भारतीय जनता पार्टी के चन्द्रभानु पासवान को कमल, मौलिक अधिकार पार्टी के राम नरेश चौधरी को आटो रिक्शा, राष्ट्रीय जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) की सुनीता को आरी, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के संतोष कुमार को केतली, और निर्दलीय प्रत्याशियों में अरविंद कुमार को हाथ गाड़ी, कंचनलता द्वार को घंटी, भोलानाथ को अंगूठी, वेद प्रकाश को फुटबाल खिलाड़ी, और संजय पासी को कैमरा चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं।

# राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से विकसित देश का सपना होगा पूराः डॉ. शुक्ल



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ल ने एसएसवी इंटर कॉलेज के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि कर्तव्य और समर्पण से समाज और राष्ट्र प्रगति करता है। राष्ट्र सर्वोपरि की भावना विकसित भारत के सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करती है।समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य विनय कुमार श्रीवास्तव ने व्यक्तित्व निर्माण में संस्कार की भूमिका पर बल दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को परिश्रम और लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कर्तव्य पथ पर निष्ठा और स्वाभिमान से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। समारोह में अतिथियों ने विद्यालय की पत्रिका सौरभ के 51वें अंक का विमोचन किया। कार्यक्रम में छात्रों ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, लोकगीत, नाटक, समूह नृत्य और पिरामिड निर्माण जैसे सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में 300 से अधिक विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन शिक्षक विवेकानंद पांडेय और छात्रों निर्मल यादव व शशांक त्रिपाठी ने किया। अंत में प्रबंधक सुश्री शशि मेहरोत्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अयोध्या में महाकुंभ 2025 के लिए ठहरने की सुविधाओं का मण्डलायुक्त ने लिया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने रविवार देर रात महाकुंभ 2025 के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए बनाए गए विभिन्न आश्रय स्थलों और रैन बसेरों का निरीक्षण किया। यह आश्रय स्थल मल्टीलेबल पार्किंग और बालू घाट तिराहे के समीप बनाए गए हैं, जिसमें लगभग 2000 व्यक्तियों के ठहरने की व्यवस्था है।निरीक्षण के दौरान, मण्डलायुक्त ने परिसर का गहन अवलोकन किया और ठहरने आए श्रद्धालुओं से मुलाकात की, साथ ही उनसे उपलब्ध सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी लिया। मण्डलायुक्त ने सम्बंधित एजेंसियों को मोबाइल टॉयलेट की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और श्रद्धालुओं के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने का सुझाव दिया। उन्होंने परिसर की साफ-सफाई को लेकर भी विशेष ध्यान रखने की बात कही।इसके अलावा, महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सेवा और अनुभव प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा उदया तिराहे के पास 4000 व्यक्तियों के लिए 200 टेंट लगाए गए।

# मुख्यमंत्री का जीरो टालरेंस दावा हवा हवाईः जयेश प्रसाद



**शाहजहाँपुर।** पूर्व एमएलसी तथा जिले के फायर ब्रांड नेता जयेश प्रसाद ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारीयों इतने मदमस्त हैं कि उन्हें न तो सरकार का कोई खौफ है और न ही मुख्यमंत्री का।

उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग खुद सीएम के पास है। इसके बावजूद उसमें जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। तीन-तीन मंत्रियों के जिले में अधिकारी मदमस्त हाथी की तरह निराली चाल चल रहे हैं। पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद ने यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर में पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-01 के अधिशासी अभियंता रथिन सिन्हा ठेकेदारों से मिलीभगत कर विकास के बजट से अपनी तिजोरी भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ज़ीरो टारलेंस की नीति के तहत काम करने का दावा करने वाली सरकार की कथनी और करनी में जमीन आसमान का फर्क है। बताया कि तथ्यों के आधार पर 17 बिंदुओं की शिकायत करने के बाबजूद भी अभी तक किसी अधिकारी ने प्रकरण की जाँच करने की जरूरत नही समझी। यह भी बताया कि इससे पहले भी उन्होंने एक अधिशासी अभियंता की शिकायत की गई थी,उसका तबादला तो कर दिया गया पर भ्रष्टाचार नही बन्द हुआ।उन्होंने यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि उनके द्वारा सबूतों के आधार पर की गई शिकायत का सीएम स्वयं संज्ञान लेकर जांच कराए ताकि जो विभाग उनके पास है उसमें कोई भ्रष्टाचार न हो। जनपद में अधिशासी अभियन्ता की शह पर हो रहे बड़े बड़े खेलों का जनहित में खुलासा होना पूर्व एमएलसी ने जरूरी बताया।

# शिक्षकों की समस्याओं का होगा त्वरित निस्तारण



**महराजगंज (मिठौरा)।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक सोमवार को मिठौरा बीआरसी पर हुई। जिसमें संगठन की एकता और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अभय कुमार दूबे ने कहा कि शिक्षकों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिससे निस्तारण नहीं होने के कारण शिक्षकों को काफी परेशानी होता हैं। लेकिन अब यह स्थिति बदलने की जरूरत है अब शिक्षकों की समस्याओं पर ध्यान देकर उसे त्वरित निस्तारण करने की आवश्यकता हैं। बैठक को उपाध्यक्ष डॉ गिरिन्द्र नाथ मिश्र ने सम्बोधित करते हुए कहा की महासंघ शिक्षक हित मे सदैव समर्पित है। बैठक का संचालन महामंत्री गोपाल पसवान ने किया। इस दौरान संयुक्त महामन्त्री राकेश मणि त्रिपाठी, सगठन मन्त्री सतीश गोयल, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, गिरिजेश मिश्र सहित राकेश गुप्ता, गिरिजा शंकर, सतीश कुमार,आशीष गुप्ता, अनुराग मणि, प्रिंस शुक्ला, विवेक गुप्ता, साबिर अली, संदीप पांडेय, बंगीता, राजीव कुमार,आदि उपस्थिति रहे द्य

# इंकलाबी नौजवान सभा द्वारा निकाली गई संविधान बचाओ तिरंगा यात्रा




**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** विकास खंड सिसवा के इंकलाबी नौजवान सभा द्वारा संविधान बचाओ तिरंगा यात्रा रविवार को सोनबरसा से आरंभ होकर हरपुर पकड़ी (घीवहा), बेलवाघाट, चैनपुर बनहवा टोला होते हुए रजवल के पंचायत भवन पर नुक्कड़ सभा के बाद समापन हुआ । यात्रा का नेतृत्व कर रहे इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य संजय निषाद ने डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया और संविधान के ऊपर हो रहे हमले के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। संकल्प सभा को सम्बोधित करते संजय निषाद ने कहा कि मोदी के बुल्डोजर राज में डा भीमराव अम्बेडकर और शहीद-ए-आजम भगतसिंह और अधिक प्रासंगिक हो गये हैं। हमें फासीवाद को नेस्तनाबूद करने के लिए डा अम्बेडकर और भगतसिंह की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना होगा। संविधान बचाओ तिरंगा यात्रा विभिन्न रूपों में पूरे देश में भाकपा माले और इंकलाबी नौजवान सभा,अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा के बैनर तले संविधान बचाओ तिरंगा यात्रा निकला जा रहा है वक्ताओं ने कहा कि जिस तरह संसद के अन्दर गृहमंत्री अमितशाह ने बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान किये हैं उससे पूरा देश आहत है।

# जीत में बूथ पदाधिकारी व पन्ना प्रमुखों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्णः धर्मपाल सिंह




अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** मिल्कीपुर के चमनगंज में आयोजित बूथ अध्यक्ष, प्रभारी तथा बीएलए-2 के सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि चुनाव की जीत में बूथ पदाधिकारी व पन्ना प्रमुखों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। सभी बूथ के पदाधिकारी अपनें वोटरों को चिन्हित कर लें। तथा मतदान के दिन यह सुनिश्चित करें की इनका शत प्रतिशत मतदान हो। उन्होंने कहा कि मोर्चो, प्रकल्प व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी अपने अपने बूथ पर सक्रियता बढ़ा दे। सभी को अपना बूथ पर विजय दिलाने की जिम्मेदारी निभानी है। इसके लिए प्रत्येक घर हर मतदाता से सम्पर्क करना आवश्यक है। पन्ना प्रमुख अपने क्षेत्र मे आने वाले मतदाताओं से रोजाना किसी न किसी माध्यम से चर्चा अवश्य करें। उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें। सभी पदाधिकारियों को आपसी सामजस्य स्थापित करने हुए चुनावी रणनीति तैयार करनी है। बूथ कमेटियों की बैठकें रोजाना होनी चाहिए। वार्ड के पदाधिकारी व सेक्टर प्रमुख चुनाव को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दे। सोशल मीडिया पर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक्टिव हो जाय। पार्टी कार्यक्रमों व जनसम्पर्क से लेकर रोजाना आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सोशल मीडिया पर साझा करें। इस चुनाव में भाजपा एक बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा कि चुनाव यदि कोई विजय दिला सकता है तो वह बूथ का कार्यकर्ता ही है। मंच योजना बना सकता है।

लेकिन मतदाता को मतदान करने ले जाने का सबसे महत्वपूर्ण कार्य बूथ का कार्यकर्ता करता है। इसलिए सभी बूथ के कार्यकर्ता एक्टिव हो जाएं। घर-घर सम्पर्क करें। बूथ विजय का लक्ष्य लेकर कार्य करें। चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि विजय का लक्ष्य बूथ कार्यकताओं की मेहनत पर निर्भर होता है। सभी बूथ के पदाधिकारी लगतार लभार्थियों से सम्पर्क व संवाद करते रहे। सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु', कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी धर्मेद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, एमएलसी हरिओम पांडेय, विधायक अमित सिंह चौहान, रामचन्दर यादव, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, रामू प्रियदर्शी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव,अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र, राघवेन्द्र पाण्डेय, भाष्कर मिश्र सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष, प्रभारी व बीएलए 2 मौजूद रहे।

# विनय कुमार सक्सेना को मिली पी0एच0डी0 की मानद उपाधि



**शाहजहाँपुर।** जनपद शाहजहाँपुर के मोहल्ला अलीजई निवासी स्मृतिशेष शैलेष कुमार सक्सेना के पुत्र विनय कुमार सक्सेना को पी.एच.डी. की मानद उपाधि विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ भागलपुर ने प्रदान की है। विनय कुमार सक्सेना वर्तमान में जिला गंगा समिति, शाहजहाँपुर में नमामि गंगे परियोजना अन्तर्गत जिला परियोजना अधिकारी शाहजहाँपुर के पद का तैनात है इन्होंने अपनी उच्च शिक्षा स्वामी शुकदेवानन्द महाविद्यालय से प्राप्त की व वाणिज्य विषय पर अपना शोधकार्य स्वामी शुकदेवानन्द महाविद्यालय के उप-प्राचार्य व वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो0 अनुराग अग्रवाल के नेतृत्व में 51 वे शोधार्थी के रूप में ''मानव संसाधन पर कम्प्यूटराइजेशन के प्रभाव का अध्यन'' शीर्षक पर किया है। जिसमे जिसमे कम्प्यूटर के माध्यम से कर्मचारियों की कार्यक्षमता, डेटा प्रबंधन, और निर्णय व निर्माण में सुधार पर चर्चा की गई है, समय और लागत की बचत, कौशल विकास व साइबर सुरक्षा चुनौतियां पर अध्ययन किया है।

# प्रधानाध्यापक पर वित्तीय अनियमितता का आरोप, निलंबन

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज(निचलौल)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सड़कहवा के प्रधानाध्यापक पर पर वित्तीय अनियमितता और सूचना छिपाने के आरोप में निलंबन का आदेश जारी किया गया हैं। मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिकायत और जांच के आधार पर कार्रवाई किया है। निचलौल ब्लाक के ग्राम पंचायत रामनगर की शिकायतकर्ता द्वारा जनसूचना अधिकार के तहत 2024 को प्राथमिक विद्यालय सड़कहवा धमौली से छह बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। लेकिन समय सीमा के भीतर जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद उन्होंने आईजीआरएस संदर्भ के तहत शिकायत दर्ज की। जिस पर खण्ड शिक्षा अधिकारी, निचलौल ने बीते 24 दिसंबर को विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया कि प्रधानाध्यापक द्वारा आवेदिका को अधूरी और भ्रामक जानकारी दी गई थी। प्रधानाध्यापक द्वारा 11 मई 2023 को चेक नंबर 23933 के माध्यम से ?88,000 की धनराशि किसी अन्य खाते में हस्तांतरित की गई। ग्राम प्रधान द्वारा चेक पर हस्ताक्षर न करने के कारण ?23,000 की राशि बच्चों के अभिभावकों के खाते में स्थानांतरित नहीं हो पाया। आवेदिका को धनराशि निकासी और हस्तांतरण का पूरा विवरण मांगे जाने के बावजूद उपलब्ध नहीं कराया गया। मामले में जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि आवेदिका द्वारा लगाए गए आरोप सत्य व सही है। प्रधानाध्यापक ने वित्तीय अनियमितताओं के साथ सूचना छिपाने का प्रयास किया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मामले की गंभीरता लेते हुए प्रधानाध्यापक राजेश कुमार जायसवाल को निलंबित कर उन्हें प्राथमिक विद्यालय सोबड़ा टोला किशुनपुर से सम्बद्ध कर दिया है। मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार गुप्ता के आदेश पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

# दबंग ने महिला से की छेड़छाड़ पुलिस ने नही दिया ध्यान दबंग ने घर में घुसकर महिला के साथ किया बलात्कार

## दबंग के डर से पीड़ित परिवार गांव से कर गया पलायन

अवधनामा संवाददाता

**जलालाबाद अल्हागंज।** सरकार महिला अपराध पर लगातार रोक लगाने का प्रयास कर रही है तरह तरह के कानून महिलाओं की सुरक्षा के लिए बना रही है बाबजूद महिलाओं का उत्पीड़न कम नही हो रहा है वहीं प्रशासनिक अधिकारी ही आम जनता का अधिक शोषण करते नजर आ रहें हैं यदि कोई व्यक्ति पुलिस से मदर मांगने जाता है तो पुलिस सुनती ही नही है जिसके परिणाम स्वरुप दबंगो के हौसला बुलंद हो जाते हैं और उनको अपराध करने का लाइसेंस मिल जाता है और वह अपने कार्य को अंजाम देने में सफल हो जाते हैं। बात करते हैं अल्हागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक पीड़ित महिला की जिसके गांव का दबंग नीलेश पुत्र उमेश महिला को गांव गली और जहाँ भी मिल जाती थी उसको मानसिक तौर पर प्रताड़ित करता रहता था बीती 8 दिसंबर 2024 को शाम करीब 7:00 बजे महिला घर पर अकेली थी तभी दबंग नीलेश पुत्र उमेश ने महिला के घर में घुस आया और उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार करने का प्रयास करने लगा प्रार्थिनी बमुश्किल पति के आ जाने पर बची तभी दबंग नीलेश पुत्र उमेश जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। जिसकी शिकायत पीड़िता ने पति के साथ जाकर अल्हागंज पुलिस को दी लेकिन दबंग आरोपी ने पुलिस से सांठ गांठ कर ली जिससे महिला के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने कोई ध्यान नही दिया जिससे दबंग नीलेश के होंसले बुलंद हो गये और 16 जनवरी 2025 को पुनः रात्रि 9:00 बजे पीड़िता के घर में घुस गया और महिला के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। जब पीड़िता पुनः पुलिस से न्याय की गुहार लगाने पहुंची तो पुलिस ने पीड़िता की एक न सुनी और न ही उसकी रिपोर्ट दर्ज की यदि अल्हागंज पुलिस महिला के साथ हुई छेड़छाड़ पर ध्यान देती तो महिला बलात्कार का शिकार होने से बच जाती अब महिला अपनी फरियाद लेकर समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह से मिली तो मुख्य विकास अधिकारी ने महिला के पत्र का संज्ञान लेते हुए अल्हागंज पुलिस को महिला का मेडिकल करवाने और रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है।

यह कोई पहला मामला नही है ऐसे कई प्रकरण हैं जिन पर पुलिस कार्यवाही नही कर रही है पीड़ित अपनी फरियाद लेकर इधर उधर भटकते रहते हैं जिस प्रकार प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जितनी सजग है यदि उसका 20 प्रतिशत भी पुलिस सही से संज्ञान ले ले तो महिला अपराध बहुत कम हो जाएगें। वहीं मामले की जानकारी के लिए जब अल्हागंज एसओ के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया तो उनका फोन रिसीब नही हुआ।

# फरेंदा थाने का जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जनपद में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महराजगंज ने थाना फरेंदा का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने थाना परिसर, महिला एवं साइबर हेल्प डेस्क, जीडी कार्यालय, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आवासीय बैरक, बंदीगृह, भोजनालय, और अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। अपराध रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, और अन्य अभिलेखों की जांच की गई। साफ-सफाई की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए सुधार के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाने पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत दी कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा और निष्पक्षता से करें। बीट आरक्षियों और मुख्य आरक्षियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें और वहां के संभ्रांत नागरिकों व जनप्रतिनिधियों से सतत संपर्क बनाए रखें। अधिकारियों ने जन शिकायतों के विधिक और समयबद्ध निस्तारण पर जोर देते हुए पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

## आधिकारिक वेब पोर्टल से कलेक्शन करने में मिलेगी सुगमता : राजन गुप्ता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को नगर पंचायत भारत भारी कार्यालय पर अधिशासी अधिकारी राजन कुमार गुप्ता एवं अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश वर्मा के अध्यक्षता में श्रीट्रान इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि दीपेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा नगर पंचायत की आधिकारिक वेब पोर्टल एवं कर निर्धारण एवं कलेक्शन संबंधित वेब पोर्टल का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक किया गया जिसमें कार्यालय स्टाफ बड़े बाबू विक्रम कुमार उदयभान अग्रहरि, करुणेश त्रिपाठी, सुधांशु अग्रहरि, अमरजीत तिवारी दुर्गा पासवान, संजीव पासवान सहित आदि लोगों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। अधिशासी अधिकारी राजन कुमार गुप्ता ने बताया कि इस पोर्टल से नगर पंचायत के आई के स्रोत को नई दिशा मिलेगी एवं कलेक्शन करने में सुगमता मिलेगी।

## अपर जिलाधिकारी (वि./रा)/प्रभारी अधिकारी ने किया नपं डुमरियागंज कार्यालय का निरीक्षण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/ प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय सिद्धार्थनगर उमाशंकर द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस समाप्त होने के उपरांत नगर पंचायत डुमरियागंज कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) द्वारा नगर पंचायत डुमरियागंज कार्यालय के समस्त पटलों, अस्थाई रैन बसेरा एवं पत्रावलियों के रख-रखाव का निरीक्षण किया तथा अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव और लिपिक हसन ताकीब रिजवी को पत्रावलियों के सुदृढ़ रूप से रखने हेतु एवं कार्यालय के सुचारू रूप से संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया। इस मौके पर महंथ मिश्रा, अर्पित द्विवेदी, विवेक विश्वकर्मा, रजनीश, राजेश जायसवाल, एजाज अहमद, शिवेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया ग्राम पंचायत पोखर भिटवा के पंचायत भवन का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजागपति आर ने सोमवार को जोगिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पोखर भिटवा के पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत के दस्तावेज दिखा न पाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। एडीओ पंचायत द्वारा अवगत कराया गया कि सचिव का एक्सीडेन्ट हो गया था, जिससे दस्तावेज गायब हो गया है। जिलाधिकारी ने एफ.आई.आर. कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही एडीओ पंचायत अवधेश श्रीवास्तव पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। सचिव प्रदीप तथा कसंलटिंग इंजीनियर अभिषेक यादव को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। इसके पश्चात सामुदायिक शौचालय को देखा गया। निर्माणाधीन आर0आर0सी0 सेन्टर का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने समय से एवं गुणवत्तापूण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके पश्चात सरकारी गल्ला की दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर और वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया।

## संदिग्धावस्था में विवाहिता की मौत पति सहित पांच पर मुकदमा दर्ज

**पथरा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रमवापुर में रविवार की रात्रि एक 25वर्षीय विवाहिता की संदिग्धावस्था में मृत्यु हो गई। मृतिका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए गला दबाकर मारने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतिका की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार विद्यावती देवी पत्नी व सुमिरन अग्रहरि निवासी त्रिलोकपुर तिवारी थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थ नगर की पुत्री मन्ना अग्रहरि उम्र पच्चीस वर्ष की शादी संतोष कुमार अग्रहरि पुत्र राम तीरथ अग्रहरि निवासी रमवापुर थाना पथरा बाजार के साथ 22.05.2021 को हुई थी। मृतका की मां की मानें तो यथा शक्ति दान दहेज भी देकर विदा किया गया था। ससुरालियों ने अधिक दहेज की मांग को लेकर पति संतोष अग्रहरि, ससुर राम तीरथ अग्रहरि, सासु विमला देवी,देवर अजय,ननद प्रमिला ने 4 लाख अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर रविवार की रात्रि में गला दबाकर मार डालने की बात कही। उक्त बावत सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 05/2025धारा 80( 2) 85बी एन एस 2023 3/4डी पी एक्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। समाचार भेजे जाने तक आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

## टांडा में घरौनी वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील टाण्डा में शनिवार को तहसील सभागार में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड टांडा के 79 और विकासखंड बसखारी के 48 ग्राम पंचायतों में स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनी वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती संजू देवी जी, पूर्व विधायक टांडा, कपिल देव वर्मा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष त्रयंम्बक तिवारी उपजिलाधिकारी टांडा शशिशेखर, तहसीलदार टांडा निखलेश कुमार, नायब तहसीलदार टांडा, उपस्थित रहे। घरौनी वितरण के बाद कंबल वितरण का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिससे जरूरतमंद लोगों को सर्दी से राहत मिल सके।

## भाजपा कर रही बाबा साहब का अपमानः अमन

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी की मासिक बैठक नगर पंचायत नवाबगंज के नहरोसा में पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का प्रभारी विजेंद्र यादव प्रधान को बनाया गया कार्यक्रम में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और संविधान की संपूर्ण विस्तार चर्चा हुई। विजेंद्र सिंह प्रधान ने कहा गांव में चौपाल लगाना और मासिक बैठकर करना पार्टी को और पीडीए समाज को बेहतर मजबूती देगा। बाबा साहब वाहिनी के जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी ने कहा बाबा साहब के विचार, संविधान की नीतियां और भाजपा सरकार के द्वारा किया गया अपमान हर गांव गली घर पहुंचा के रहूंगा।। उन्होंने ये भी बताया वाहिनी में काफ़ी लोग निष्क्रिय हैं, आज़ से वो पदमुक्त होते हैं, सक्रिय भूमिका निभाने वाले ही अब संगठन में जुड़ेंगे। अंबेडकर वाहिनी पार्टी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष अनुज यादव, विधानसभा अध्यक्ष अमृतपुर रजनीश सक्सेना, ज़िला सचिव अतिन पाल, प्रदीप पाल, डॉ कमलेश गौतम, नागेंद्र यादव, अभय यादव, अजय यादव, हसीन खान, उपेंद्र पाल, शिशुपाल खटीक, राजवीर पाल, शीशराम कश्यप, विकास कुमार, सौरभ खटीक, जितेन्द्र सिंह,अनमोल सूर्यवंशी, राहुल शर्मा, चमन शर्मा, अखिलेश शर्मा, रितेश पाल, सागर सिंह, अनुज खटीक, दीपांशु खटीक, अंकित सूर्यवंश आदि बड़ी संख्या में पीडीए समाज और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शासन के मंशा के अनुरूप सोमवार को सदर तहसील नौगढ़ में जिलाधिकारी डा राजागपति आर की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील नौगढ़ में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी डा राजागणपति आर, उप जिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी डा राजागणपति आर द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबंधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 77 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-57, पुलिस विभाग से सम्बन्धित- 6, विकास-7, विद्युत-2,

**कुल 77 प्रार्थना पत्र हुए प्रस्तुत, 8 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर हुआ निस्तारण**

नगर पालिका-3 तथा पी.डब्ल्यू.डी.-2 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व के 8 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा जीवन लाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई राजेश कुमार, तहसीलदार नौगढ़, तहसील नौगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्व विभाग व पुलिस महकमे के सहयोग से भू माफियाओं के हौसले बुलंद

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज छिबरामऊ।** बीते दिनों से तहसील परिसर मैं आंदोलन पर डटे वकील राजस्व विभाग के तहसीलदार व लेख पाल पुलिस महकमे के अधिकारियों का विरोध करते नजर आ रहे हैं वकीलों का आरोप है की हमारे साथियों के ऊपर पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमे पंजीकृत किए गए हैं और उनका उत्पीड़न किया जा रहा है जिसे बार एसोसिएशन किसी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगा इस बात को लेकर तहसील परिसर में आंदोलन की प्रक्रिया को स्वरूप दिया है।

वहीं दूसरी तरफ वकील तनवीर अहमद के अनुसार उन्होंने एक जमीन का बैनामा करवाया था जिस पर वह काबिज भी थे और मुकदमा विचाराधीन था यथा स्थित का कोर्ट का आदेश था लेकिन सत्ता पक्ष के कुछ चुनिंदा लोगों ने पुनः उस जमीन का बैनामा करवा लिया जबकि तनवीर अहमद की माने तो जिस जमीन का बैनामा कराया गया बेचने वाले ने और जमीन का बैनामा अपने हिस्से की जमीन का पूरा पहले ही

**सत्ता के अधीन राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के खिलाफ वकील आंदोलन पर**

कर दिया था यह बैनामा ही अमान्य है ऐसी स्थिति में जब यथा स्थित कायम थी और क्रय विक्रय पर रोक कोर्ट के द्वारा लगाई गई थी तो फिर यह बैनामा कैसे हुआ यह तो सरासर कोर्ट का उल्लंघन है इस पर सत्ता पक्ष का दबाव नजर आया और वही देखने को मिला नवागंतुक बैनामा धारक ने सत्ता का रसपान करते हुए क्षेत्रीय लेखपाल बाथाना सौरिख प्रभारी की टीम को ले जाकर तनवीर अहमद की निहास खोद कर फेंक दिया और आनन-फानन में जेसीबी से नींव खुदवा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया इस गैर कानूनी प्रक्रिया को देखकर तनवीर अहमद व उनके समक्ष जमीन वालों के खलबली मच गई और वह प्रशासन से गुहार करने पहुंचे तो उनकी एक न सुनी गई इस बात से कुंठाग्रस्त होकर वकील तनवीर अहमद ने अपनी समस्या को बार एसोसिएशन की पटल पर रखा।

## इंदिरा यूथ यात्रा एवं लीडरशिप अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** इंदिरा यूथ यात्रा एवं लीडरशिप अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ। कार्यक्रम ने युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व, नवाचार और उपस्थित लोगों को उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। सुनील मिश्र, सदस्य, गवर्निंग काउंसिल, कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट एडवोकेट मनोज राय, धनंजय सिंह, उप निदेशक, कृषि विभाग, सुनील शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू वाहिनी सर्वेश कुमार पांडे उप निदेशक, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, अयोध्या मंडल शामिल रहे। प्रियांशी श्रीवास्तव, जो सारेगामापा रनर-अप रहीं, उनकी संगीतमय प्रस्तुति और प्रेरणादायक कहानी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों ने नेतृत्व और नवाचार पर अपने विचार साझा किए। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर चेतन वाकालकर एकेडमिक एडवाइजर इंदिरा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट पुणे शामिल रहे। 300 से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति में इंदिरा यूथ यात्रा एवं लीडरशिप अवॉर्ड्स ने शिक्षा और नेतृत्व की शक्ति को उजागर किया।

# जानवरों के मन में भी होती है संवेदनाः सीएम

## मुख्यमंत्री ने शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में किया हाथी रेस्क्यू सेंटर का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जानवरों के मन में भी संवेदना है। कोई उन्हें आत्मीयता दे, ठीक व्यवहार रखे तो आसानी के साथ वे मनुष्य के पास आना चाहते हैं। प्रकृति-पर्यावरण, जीव-जंतुओं, पशु-पक्षियों के साथ हमारा व्यवहार संवेदनशील है तो हम संतुलन बनाए रख सकते हैं। यदि हम पर्यावरण के अनुकूल हैं तो पर्यावरण हमें उत्तम वातावरण देगा। सीएम ने कहा कि 121 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस प्राणि उद्यान में हर तरह के 350 से अधिक प्राणि (पशु-पक्षी आदि) हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में हाथी रेस्क्यू सेंटर का उद्घाटन किया। साथ ही तितली उद्यान का लोकार्पण और कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने यहां पौधरोपण किया। हाथी-गैंडा (हर



व गौरी) को गन्ना-केला, गुड़-चना आदि भी खिलाया। एनपीए एकेडमी की विद्यार्थी कृतिका व वैष्णव ने मुख्यमंत्री को उनका चित्र भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात-आठ वर्ष के अंदर 100 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया गया है। इससे यूपी का वनाच्छादन बढ़ा है। अनवरत इसमें वृद्धि भी हो रही है। कैंपियरगंज में जटायु संरक्षण केंद्र भी बन रहा है। हमारा प्रयास है कि लैंड जल्द उपलब्ध हो जाती है तो हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्टिक यूनिवर्सिटी का सेंटर इंस्टीट्यूशन व यूनिवर्सिटी के रूप में स्थापित किया जाए, क्योंकि यह आज की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई पीढ़ी को पर्यावरण का महत्व पता लगना चाहिए। पर्यावरण के लिए खतरनाक कारकों से परहेज करना चाहिए। इससे वर्तमान व भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित है। सीएम ने अपील की कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, इससे पर्यावरण बचेगा। पर्यावरण बचेगा तो वर्तमान व भविष्य भी उज्ज्वल होगा। आबादी के साथ मनुष्य की आवश्यकताएं भी बढ़

**मुख्यमंत्री ने तितली उद्यान का लोकार्पण, कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन**

रही हैं। हर व्यक्ति वर्ष में दस पेड़ लगाए। पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जाने वाले उपायों से जुड़ें। बरसात के पानी के संरक्षण के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा दें, जल की बर्बादी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर का प्राणि उद्यान 27 मार्च 2021 को लोकार्पण हुआ था। तबसे अब तक 30 लाख से अधिक लोगों ने यहां प्रवेश किया। इनमें 10 लाख से अधिक विद्यार्थी हैं। यह प्राणि उद्यान पर्यावरण व मनोरंजन के लिए सहायक है। सीएम ने कहा कि प्रकृति से जितनी अधिक तारतम्यता होगी, भविष्य उतना ही अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह ने हाथी रेस्क्यू सेंटर में गंगा प्रसाद नामक हाथी प्रदान किया है।

## अनागत दिवस व अनागत स्वर्ण जयंती सम्मान समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान, लखनऊ के स्थापना दिवस की पचासवीं वर्ष गांठ व अनागत कविता आन्दोलन के प्रणेता डॉ अजय प्रसून के 72वें जन्म दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान के तत्वावधान में महबुल्लापुर लखनऊ स्थित एक विद्यालय में अनागत दिवस व अनागत स्वर्ण जयंती सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बिसरिया शिक्षा एवं सेवा संस्थान, बी ब्लॉक राजाजीपुरम, लखनऊ के संस्थापक अध्यक्ष व वयोवृद्ध साहित्यकार धुरेन्द्र स्वरूप बिसरिया प्रभंजन ने किया। मुख्य अतिथि शिवभार गुर्जर लखनवी साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था, तेलीबाग, लखनऊ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ लालता प्रसाद गुर्जर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती लता उपाध्याय व मुख्य वक्ता के रूप में डॉ मंजू सक्सेना उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डॉ अजय प्रसून की स्वयं का



हिन्दी गज़ल संग्रह कम नहीं बोलेंगी गज़लें, सुल्तानपुर के साहित्यकार राम दुलारे सिंह सुजान की अनागत कृति सामाजिक परिदृश्य में परिवार, डॉ कुसुम चौधरी का कविता संग्रह महकते फूल व हरदोई के अभिनव दीक्षित की कृति आओ जी लेते हैं चार पुस्तकों के लोकार्पण हुआ। जहाँ डॉ अजय प्रसून को युवा उत्कर्ष साहित्य मंच के राजेश कुमार सिंह श्रेयस द्वारा लाइफ टॉइम एचीवमेंट एवार्ड व विक्रम शिला हिन्दी वद्यापीठ भागलपुर, बिहार से विद्यावाचस्पति मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। वहीं अनागत साहित्य संस्थान के महामंत्री डॉ अनिल कुमार सिंह जैसवार, डॉ रामराज भारती उपाध्यक्ष, अखिलेश द्विवेदी अलख सह मंत्री, डॉ प्रेम शंकर शास्त्री बेताब सहित अनेकों साहित्यकारों को स्वर्ण जयंती सम्मान वर्ष 2025 से सम्मानित किया गया। अनागत विधा पर लेखन के लिए लेखक व कवि राम दुलारे सिंह सुजान को अनागत रश्मि रथी, डॉ कुसुम चौधरी व अभिनव दीक्षित को अनागत भारती, खैराबाद के शायर ज़नाब वसी अहमद ख़ैराबादी को माह जनवरी 2025 के अनागत मार्तण्ड व डॉ स्वाति पाण्डेय प्रीत को अनागत चंद्रिका सम्मान से अंग वस्त्र व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## वरिष्ठ भाजपा नेता का आज सरयू के तट पर हुआ अंतिम संस्कार

अवधनामा संवाददाता

**टांडा अम्बेडकरनगर।** एक दिन बिक जायेगा माटी के मोल जग मे रह जायेगे प्यारे तेरे बोल हिन्दी फिल्म धरम करम का यह गीत मिनी कटियार के नाम से चर्चित भाजपा के फायरब्रांड नेता रामसूरत मौर्य पर पूरी तरह सटीक बैठ रही है श्री मौर्य हमेशा के लिए राम में लीन हो गये 54 वर्षीय रामसूरत मौर्य का निधन लखनऊ के लारी में रविवार को हो गया। ओजस्वी वक्ता व जुझारू व्यक्तित्व के धनी रामसूरत मौर्य अब हमारे बीच नही है लेकिन उनकी यादे सभी को रूला रही हैं। भाजपा नेता रामसूरत मौर्य का निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ वे 54 वर्ष के थे उनकी असमय मौत ने टांडा समेत पूरे अम्बेडकरनगर जनपद को झकझोर दिया। श्री मौर्य टांडा के सकरावल मोहल्ले के निवासी थे परास्नातक की डिग्री से विभूषित थे वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शिक्षा वर्ग- द्वितीय वर्ष प्रशिक्षित रहे साथ ही त्रिलोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय टांडा छात्रसंघ के महामंत्री, भाजपा युवा मोर्चा फैजाबाद के जिला महामंत्री, भाजपा युवा मोर्चा अम्बेडकर नगर के जिलाध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा उप्र के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विभाग संयोजक भाजपा किसान मोर्चा, भाजपा युवा मोर्चा के सह प्रांत प्रभारी उ.प्र, क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य भाजपा अवध क्षेत्र, उप्र प्रदेश मंत्री भाजपा पिछड़ा मोर्चा उप्र, सासंद प्रतिनिधि,वर्तमान में क्षेत्रीय संयोजक भाजपा श्रम प्रकोष्ठ अवध क्षेत्र उप्र, आरएसएस के नगर कार्यवाह तथा रामकृष्ण लीला रंगमंच कस्बा टांडा के डायरेक्टर भी रहे साथ ही श्रीमौर्य कई गीत व कविताएं भी लिख चुके है मंच पर भाषण देने में वे पूरी तरह पारंगत थे उनके भाषण को सुनने का लोग इंतजार करते थे भाजपा सांसद विनय कटियार तथा सांसद डा.हरिओम पाण्डेय के प्रतिनिधि भी रहे हिन्दू और मुस्लिम दोनो समुदायों में उनकी अच्छी पैठ थी वे किताबों के बहुत शौकीन थे।

## गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने गौशालाओं का किया निरीक्षण

**उरई (जालौन)।** गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम जी गुप्ता ने आज विकासखंड कुठौद की ग्राम पंचायत पीपरी गहरवार में अस्थाई गौशाला पहुंचकर गौ माता का पूजन कर गुड़ खिलाया। इसके पूर्व शेरगढ़ घाट पर खंड विकास अधिकारी कुठौद के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने पहुंचकर जनपद की सीमा में प्रवेश के दौरान माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम जी गुप्ता को कई अस्थाई गौशालाओं का औचक निरीक्षक कार्यक्रम था। कंपकंपाती ठंड के बीच वह पीपरी गहरवार की गौशाला पहुंचे। जहां पर अस्थाई गौशाला में संरक्षित 75 गोवंशों की सर्वप्रथम गणना करवाई। इसके पश्चात गौ माता को गुड़ खिलाकर वहां की व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा तथा छोटी-मोटी कमियों को शीघ्र ही दूर करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान ग्राम प्रधानों ने समस्याओं से गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष को अवगतकराया। प्रधानों ने बताया कि सितंबर माह से गोवंशों के भरण पोषण की धनराशि अद्यतन प्राप्त नहीं हुई है। ऐसी विषम परिस्थितियों में गौशाला संचालन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

## जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने निरीक्षण किया

**उरई (जालौन)।** नगर में संचालित वृद्धा आश्रमों की हकीकत जानने के लिए जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे व परियोजना निदेशक ने नगर में संचालित दोनों वृद्धा आश्रमों का निरीक्षण किया तथा वहां मौजूद लोगों के हालचाल जानने के साथ मिलने वाली सुविधाओं को देखा। नगर में कोंच मार्ग पर संस्था चेतना द्वारा ओल्ड एज होम का संचालन किया जा रहा है। भारतीय महिला एवं मानव कल्याण शिक्षा प्रसार समिति द्वारा औरइया मार्ग आवासीय वृद्धा आवासीय वृद्धा आश्रम संचालित किया जा रहा है। 50-50 लोगों के रहने व खाने पीने के साथ जीवन जीने के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है। वृद्धाश्रमों की हकीकत जानने के लिए जिलाधिकारी द्वारा गठित 2 सदस्यों की टीम गठित की गयी थी। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेम प्रकाश मोर्या व परियोजना निदेशक डी आर डी ए अखिलेश तिवारी ने वृद्धाश्रमों का निरीक्षण किया।

# किसी भी दशा में कोई भी बच्चा नामांकन से न छूटे : बीइओ

## आउट ऑफ स्कूल बच्चो को विशेष प्रशिक्षण देकर आयुसंगत कक्षा में करे नामांकित

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्रशिक्षण हाल में समग्र शिक्षा (सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम) अंतर्गत आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से आरंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी भनवापुर राजेश कुमार ने किया।

खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा की सभी नोडल विशेष ध्यान दें कि उनके सेवित ग्राम पंचायत में कोई भी आउट ऑफ स्कूल बच्चा कदापि न मिले यदि अभी भी ऐसे बच्चे मिलते हैं तो उनका तत्काल विद्यालयों में नामांकन करें तथा उन्हें विशेष प्रशिक्षण देते हुए आयु संगत कक्षा में नामांकित करायें। प्रशिक्षक एआरपी कपिल तिवारी ने प्रशिक्षण देते हुए कहा की प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले समस्त शिक्षक



अपने विद्यालय के नोडल नामित है इनका दायित्व है कि उनके विद्यालयों में जो भी आउट ऑफ स्कूल बच्चों का नामांकन हुआ है उनके शिक्षण व्यवस्था हेतु प्रशिक्षण से सीख कर विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन करें। प्रशिक्षण के पहले दिन ट्रेनर कपिल तिवारी ने कहा कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हीकरण एवं ट्रैकिंग होना आवश्यक है। 6 से 14 वर्ष आयु के ऐसे बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे जिन्हें किसी कारणवश विद्यालय में नामांकित नहीं किया गया है अथवा नामांकन के उपरांत वह प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण नहीं कर सके हैं। उनका चिन्हीकरण करते हुए नामांकन आयु संगत कक्षा में किया जाए। प्रशिक्षण में जानकारी देते हुए ट्रेनर बदरूज़्ज़्मा, वेद प्रकाश व विष्णु कांत दिवेदी ने बताया कि 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चों का चिन्हीकरण, पंजीकरण एवं नामांकन विद्यालय में कराया जाना है। इस कार्य में सभी शिक्षक विशेष रूप से ध्यान दें। निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत समस्त बालक बालिकाओं को निशुल्क प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। ऐसे में नामांकन से वंचित बच्चों का नामांकन किया जाए। प्रशिक्षण में आबिद रिजवी, शिवाजी सिंह, गौहर अब्बास तथा रामप्रकाश मिश्रा, अरुण चतुर्वेदी, कृपा शंकर, रमेश चौधरी, अनुराग मोहम्मद, कमाल अर्पिता रेखा साधना रामराज शिवम सिंह संतोष गुप्ता सुरेंद्रनाथ यादव अवधेश भारती यमुना पाठक संजय श्रीवास्तव शिक्षक आदि लोग मौजूद रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे सात पुत्र हैं। मेरा एक पुत्र शत्रुधन से अर्सा कई वर्षो से कोई वास्ता सरोकार नहीं हैं, बाकी 6 पुत्र मुझसे संबंध रखे हुए है। शत्रुधन पुत्र चैतु के चाल चलन व किसी प्रकार की कोई घटना आदि करता हैं तो उसका हमसे और हमारे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत से हमसे व हमारे 6 पुत्रों से कोई वास्ता नहीं, उसका जिम्मेदार स्वयं शत्रुधन हैं। मैं शत्रुधन के कृत्यों से बहुत परेशान रहता हूँ काफी सोच विचार करने के बाद यह फैसला लिया हूँ की अपने पुत्र शत्रुधन पुत्र चैतु को अपने चल व अचल सम्पति से बेदखल कर रहा हूँ आज की तारीख से उसका हमसे व हमारे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा और उनके लेन देन व कृत्यों से भी हमारा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा तथा न ही हमारे परिवार वालों की कोई जिम्मेदारी होगी।

**चैतु पुत्र बतासे**
**ग्राम- पिकौरा, पोस्ट- भरवाठिया बाजार, थाना व तहसील डुमरियागंज, जनपद सिद्धार्थनगर।**

## राष्ट्रीय सांख्यकी कार्यालय

राष्ट्रीय सांख्यीकी कार्यालय यानी नेशनल स्टाटिस्टीकल आफ्सि के पहले अनुमान में 2025 वित्त वर्ष में जीडीपी ग्रोथ 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान था। यह विर्त्त वर्ष 2024 के अनुमान में और वित्त वर्ष 2025 के अनुमान से कम है जो 8.2 प्रतिशत बताई गई थी। आरबीआई शायद इस आधार पर ब्याज दर में कटौती का रास्ता अपनाये। आने वाले वित्तीय वर्ष में सरकार बजट में अर्थव्यवस्था में वृद्धि के लिये रास्ता अपनाती है इस पर सबकी निगाहे रहेगी।

मैनूफैक्चरिंग और निवेश घटने से ग्रोथ पर नकारात्मक असर पड़ना तय है। 2025 में अप्रैल से नवम्बर के बीच कैपिटल खर्चे में 12.3 प्रतिशत की सालाना गिरावट देखी गयी। गिरावट की बजह भारी बारिश और लोकसभा चुनाव की वजह से सरकार यह पैसा इन्फ्रस्ट्रक्चर के विकास में खर्च नहीं कर पाई। जिससे अर्थव्यवस्था दबाव में आ गई। वित्त वर्ष के बचे महीनों में इसमें रफ्तार आने की उम्मीद है जिससे अर्थव्यवस्था को सहारा मिलने की उम्मीद बनती है।

एनएसओ के अनुमान के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 में कृषि क्षेत्र की ग्रोथ अच्छी रहेगी। निजी खपत में खर्च बढ़ेगा। पर कैपिटल एक्सपेन्डीचर में गिरावट की वजह से हालात अच्छे नही दिख रहे है। कृषि क्षेत्र से अच्छे प्रदर्शन की वजह से ग्रामीण रूरल डिमान्ड मे रिकवरी हुई है। पर शहरी क्षेत्र में मांग कमजोर है। अब अर्थशास्त्रियों की निगाह इस पर है कि शहरी मांग बढ़ाने के लिये सरकार क्या राह निकालती है। डिमान्ड और निवेश बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। आसान विकल्प है कि टैक्स में छूट मिले जिससे लोगो पास खर्च करने के लिये ज्यादा पैसा बचे। लोग जितन ज्यादा पैसा खर्च करेगे उतना ज्यादा अर्थव्यवस्था को सहारा मिलेगा।

अगर अपनी बैठक के आरबीआई ब्याज दर में कमी करता है तो शहरी उपभोक्ता को इएमआई में राहत मिलेगी। जो बचत उपभोक्ता के पास आयेगा उससे मांग में बढ़ोतरी आयेगी। ब्याज दर कम होती है तो कार्पोरेट सेक्टर की दिलचस्पी निवेश में बढ़ती है। इससे डिमान्ड को मजबूरी मिलेगी। कार्पोटेट सेक्टर जब निवेश में बढती है। इससे डिमान्ड को मजबूरी मिलेगी। कार्पोटेट सेक्टर जब निवेश बढ़ाता है तो उससे सेक्टर अपनी क्षमता बढ़ाता है जिससे नये रोजगार पैदा होते है। इससे डिमान्ड मजबूती पकड़ती है।

सरकार का 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का वादा पूरा करने के लिये भारत की आर्थिक ग्रोथ को तेज करना होगा। प्रधानमंत्री इसमें जी जान से लगे है। इसी सन्दर्भ में नौकरशाही में भी सुधार करते जा रहे मोदी जो वादा करते है उसे पूरा करने में तत्पर रहते है इससे आशा बंधती है कि वह भारत को एक सम्पन्न राष्ट्र बनाने में सफ्ल होगे। भारत की ग्रोथ हालाकि वैश्विक स्थितियों से प्रभावित होती रहती है पर वित्त मंत्री इसके नकारात्मक असर को खत्म करने में लगाी रहती है। विश्व के विशेषज्ञों और सरकारों को उम्मीद है भारत 2047 तक सम्पन्न राष्ट्र बन जायेगा। यह हर भारतीय का सपना है। इस सन्दर्भ में गृहमंत्री का एन्ड आर्डर माफ्कि बनाने में लगे हुये है जिसमें उन्हें सफ्लता भी मिल रही है। विश्व में आपसी झगड़े खास कर इस्त्राइल युद्ध दुनियां की आर्थिक सेहत पर चोट कर रही है पर राहतें निकालनी है जिसके लिये कोशिश जारी है। गाजा और हमास में समझौता हो गया है। इसका सकरात्मक असर पड़ेगा।

## वानखेड़े ने क्रिकेट में जीता था आत्मसम्मान


के. विक्रम राव

तीव्र वर्ण संघर्ष के अंजाम में जन्में मुंबई के मशहूर वानखेडे क्रिकेट स्टेडियम की आज (19 जनवरी 2025) स्वर्ण जयंती है। पुराने ब्रेबोर्न स्टेडियम (1937) के पदाधिकारियों से अतिरिक्त टिकट मांगने पर झड़प के कारण मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने तय (1975) किया था कि उनका अलग से स्टेडियम बने। बंबई राज्य के अंग्रेज गवर्नर लॉर्ड माइकेल ब्रेबोर्न (1939) के नाम पर रखा यह पुराना स्टेडियम तभी बेरंगत हो गया। स्वाभिमान और स्वदेश प्रेम का परिणाम है वानखेडे स्टेडियम। हालांकि नया स्टेडियम 1.87 करोड़ रुपये की लागत से एक साल से भी कम समय में बनकर तैयार हो गया था। इस स्टेडियम को तीन तरफ से खुला छोड़ दिया गया था और इसमें एक क्लब हाउस और मात्र एक स्टैंड है जिसमें 7000 लोग बैठ सकते थे। इसकी बैठने की क्षमता को बाद में बढ़ाकर 45,000 लोगों तक कर दिया गया।

यूं तो बंबई साक्षी है कि ब्रिटिश राज ने क्रिकेट द्वारा भी भारत के टुकड़े करने की साजिश रची थी। यहां गुलामी के दौर में पेंटागन (पंचकोणीय) क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित होती थीं। हिंदू, मुसलमान, पारसी, ईसाई और यूरोपियन टीमें सांप्रदायिक गुटों के रूप में भिड़ती थीं। अंग्रेजी उपनिवेशवाद की साजिश के तहत। हालांकि स्वाधीन भारत में ब्रेबोर्न स्टेडियम भारतीय था पर कुछ निहित हाथों में। तभी की बात (फरवरी 1973 की) है। महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर और बंबई क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष शेषराव वानखेड़े और ब्रेबोर्न स्टेडियम के प्रबंधकों के बीच एक अंतरराष्ट्रीय मैच के टिकटों की साझेदारी पर विवाद हुआ। तब ब्रेबोर्न स्टेडियम के संचालक विजय मर्चेन्ट ने वानखेड़े से कहा आप खुद अपना स्टेडियम क्यों नहीं निर्मित कर लेते? बात का बतंगड़ बना स्वदेश भक्ति ने जोर मारा। बस वानखेड़े के प्रयास का अंजाम है आज का भव्य नया स्टेडियम। निडर वानखेड़े ने स्टेडियम के मालिकों से ठान ली थी। वे सब शक्तिशाली क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया के पदाधिकारी थे। ब्रेबोर्न स्टेडियम, अपने शाही मुखौटे के साथ, कालातीत भव्यता की आभा बिखेरता है। दक्षिण मुंबई की चहल-पहल भरी सड़कों के बीच बसा यह स्टेडियम एक ऐसे अवशेष की तरह खड़ा है, जहाँ क्रिकेट के दिग्गज कभी इसके बेदाग मैदान की शोभा बढ़ाते थे। अपनी बेहतरीन पिच के लिए मशहूर इस स्टेडियम ने 1948 से 1972 के बीच कई टेस्ट मैचों की मेज़बानी की है।



अध्यक्ष वानखेडे का करिश्मा था कि इस नवनिर्मित स्टेडियम (1975) में वेस्टइंडीज से पहला मैच खेला गया था। श्रमिकों की करिश्माई मेहनत थी कि स्टेडियम वक्त पर तैयार हो गया। खुद विजय मर्चेन्ट (ब्रेबोर्न स्टेडियम वाले) जिन्होंने वानखेड़े की खिल्ली उड़ाई थी, केवल 1500 टिकट मांगने पर चकित होकर बोले इतना बड़ा लक्ष्य इतने कम वक्त में? यूं भी बंबई प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अठारवें अध्यक्ष स्वर्गीय शेषराव कृष्णराव वानखेड़े अध्ययनशील ज्यादा रहे। वे दलित महार जाति के थे, डॉ. भीमराव अंबेडकर की तरह। उन्होंने इंग्लैंड से कानून की पढ़ाई की फिर भारतीय स्वाधीनता संघर्ष में गांधीजी के साथ शामिल हो गए। हालांकि 1942 में अंबेडकर ब्रिटिश वायसराय की सरकार में मंत्री थे। वानखेडे नागपुर में मेयर तथा मध्य प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष भी रहे। बाद में नागपुर का महाराष्ट्र में शामिल होने पर मुंबई में विधानसभा के वे अध्यक्ष चुने गए।

वे बड़े मिलनसार थे। तब मुंबई में टाइम्स आफ इंडिया का रिपोर्टर होने के नाते, मुझे वरिष्ठ साथी संजीव बंगेरा उनके पास ले गए थे। मुझे याद है हर भेंट पर वानखेड़े जी रुचिकर समाचार अवश्य देते थे। जैसे आज भी, पचासवीं वार्षिकी पर स्टेडियम के विषय में।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**यह दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली चुनाव में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है जो दिल्ली की बड़ी समस्याओं का समाधान करता है। दिल्ली के मतदाताओं को मोटे तौर पर व्यक्तिगत हमले सुनने को मिल रहे हैं और ऐसे मुद्दों पर बात हो रही है जो दिल्ली को आगे ले जाने वाले एवं विकसित राजधानी बनाने वाले नहीं हैं। भारत को तेज आर्थिक विकास की आवश्यकता है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी के चुनाव को इसके लिए पूंजी, पर्यावरण और ऊर्जा की टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहना चाहिए।**

# मुफ्त की होड़ में दिल्ली के बुनियादी मुद्दे गायब?


ललित गर्ग



सड़क से लेकर सीवर तक, पर्यावरण से लेकर विकास तक दिल्ली के बुनियादी मुद्दे की जगह मुफ्त की सुविधाओं की होड़ ने दिल्ली के चुनाव को जिन त्रासद दिशाओं में धकेला है, वह न केवल दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिये एक चिन्ता का बड़ा सबब बन रहा है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी -तीनों दलों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किए हैं लेकिन उसमें दिल्ली से जुड़े जरूरी एवं बुनियादी मुद्दों के स्थान पर नगद एवं मुफ्त की सुविधाओं के ही अंबार लगे हैं। दिल्ली चुनाव में अधिकांश बहस तरह-तरह की मुफ्त सुविधाओं की अप्रासंगिक और अवांछित विषयों पर केंद्रित है। जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे देश की राजधानी के चुनाव में इससे बेहतर की उम्मीद थी। चूंकि जरूरी मुद्दें नहीं उठ रहे हैं इसलिए भाषा भी निम्नस्तरीय बनी हुई है, दोषारोपण एवं छिद्रान्वेषण ही हो रहा है। राजनीतिक दलों द्वारा अप्रासंगिक मुद्दों पर बात करने की एक खास वजह चुनावों की प्रक्रिया में मुफ्त की सुविधाएं एवं नगद राशि का बढ़ता आकर्षण है। भाजपा दिल्ली को विकसित एवं अत्यंत आधुनिक राजधानी बनाना चाहती है तो उसके लिए यह अवसर था कि वह अपनी भावी योजनाओं और भविष्य के खाके पर बात करती, लेकिन वह भी महिलाओं एवं मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये बढ़-चढ़कर मुफ्त संस्कृति का सहारा ले रही है। कांग्रेस के लिए यह मौका था कि वे उन क्षेत्रों को रेखांकित करती जिनमें आप सरकार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। वे मतदाताओं के समक्ष बेहतर विकल्प भी प्रस्तुत कर सकती थी। कांग्रेस को चाहिए था कि वह शीला दीक्षित के दौर में हुए दिल्ली के विकास को चुनावी मुद्दा बनाती, दिल्ली को पेरिस बनाने की बात को बल दिया जाता, लेकिन उसका प्रचार अभियान मुफ्त की सुविधओं के इर्दगिर्द ही घूम रहा है, जो एक विडम्बना एवं त्रासदी ही है।

यह दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली चुनाव में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है जो दिल्ली की बड़ी समस्याओं का समाधान करता हो। दिल्ली के मतदाताओं को मोटे तौर पर व्यक्तिगत हमले सुनने को मिल रहे हैं और ऐसे मुद्दों पर बात हो रही है जो दिल्ली को आगे ले जाने वाले एवं विकसित राजधानी बनाने वाले नहीं हैं। भारत को तेज आर्थिक विकास की आवश्यकता है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी के चुनाव को इसके लिए पूंजी, पर्यावरण और ऊर्जा की टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहना चाहिए। इससे जुड़ा एक मसला रोजगार तैयार करने का है। सबसे अहम मुद्दा दिल्ली का विकास एवं प्रदूषण मुक्त परिवेश का है। लेकिन सभी राजनीतिक दल इन मुद्दों से हटकर फ्री की सुविधाओं पर ही केन्द्रित है, भला दिल्ली में अच्छे दिन कैसे आयेंगे एवं विकास की तस्वीर कैसे बनेगी? कभी-कभी लगता है समय का पहिया तेजी से चल रहा है जिस प्रकार से घटनाक्रम चल रहा है, वह और भी इस आभास की पुष्टि करा देता है। पर समय की गति न तेज होती है, न रुकती है। हां चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है। प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आ गई है, लेकिन जनता से जुड़े जरूरी मुद्दों पर एक गहरा मौन पसरा है। न गरीबी मुद्दा है, न बेरोजगारी मुद्दा है। महंगाई, बढ़ता भ्रष्टाचार, बढ़ता प्रदूषण, राजनीतिक अपराधीकरण एवं दिल्ली का विकास जैसे ज्वलंत मुद्दे नदारद हैं।

दिल्ली की मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए न कि मुफ्त की संस्कृति और जीतने की निश्चितता के आधार पर। मतदाता की मानसिकता में जो बदलाव अनुभव किया जा रहा है उसमें सूझबूझ की परिपक्वता दिखाई दे रही है लेकिन फिर भी अनपढ़ एवं गरीब मतदाता फ्री की सुविधाओं पर सोचता है और अक्सर उसी आधार पर वोट देता है। जबकि एक बड़ा मतदाता वर्ग ऐसा भी है जो उन्नत सड़के, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर देखना चाहता है। उसके लिये यमुना में बढ़ता प्रदूषण भी चिन्ता का एक कारण है। समय पर जल आपूर्ति न होना भी उसकी समस्याओं में शामिल है। चूंकि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग योग्यता और व्यापक जनहित के मुद्दे पर नहीं करता, इसलिए वह मुफ्त की संस्कृति में डूबा है। इसलिये उसके जीवन स्तर में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं आता है, विकास तो बहुत पीछे रह जाता है।

सब दल और उनके नेता सत्ता तक येन-केन-प्रकारेण पहुंचना चाहते हैं, लेकिन जनता को लुभाने के लिये उनके पास बुनियादी मुद्दों का अकाल है। जबकि दिल्ली अनेक समस्याओं से घिरी है, लेकिन इन समस्याओं की ओर किसी भी राजनेता का ध्यान नहीं है। बेरोजगारी एक विकट समस्या है, पर क्या कारोबार और निजी उद्यमों को बढ़ाए बिना केवल सरकारी नौकरियों के सहारे दिल्ली के युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है? क्या सरकारी नौकरियां ही रोजगार हैं? क्या आप अपने कारोबार में किसी को उसकी उत्पादकता की परवाह किए बिना नौकरी पर रखना चाहेंगे? मगर सरकारी नौकरियों में यही होता है। क्या यह आम जनता के करों के पैसे का सही उपयोग है? जनता के मतों का ही नहीं, उनकी मेहनत की कमाई पर लगे करों का भी जमकर दुरुपयोग हो रहा है। राजनेताओं द्वारा चुनाव के दौरान मुफ्त बांटने की संस्कृति ने जन-धन के दुरुपयोग का एक और रास्ता खोल दिया है।

हमारे चुनावी लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडम्बना यही है कि बुनियादी मुद्दों की चुनावों में कोई चर्चा ही नहीं होती। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा, महिलाओं के खातों में नगद सहायता पहुंचाने से लेकर कितनी तरह से मतदाता को लुभाने एवं लूटने के प्रयास होते हैं। न हवा शुद्ध, न पानी शुद्ध, सड़कों पर गड्ढे- इनके कारणों की कोई चर्चा नहीं। आप सरकार के दावों के बावजूद दिल्ली की शिक्षा एवं चिकित्सा की हालत जर्जर है। डिस्पेंसरियों, अस्पतालों और सफाई संस्थानों में जो धांधलियां हैं, उसके जिम्मेदार कौन है? क्या कोई उन्हें सुधारने की समयबद्ध योजना की बात करता है? आजादी का अमृत महोत्सव मना चुकी दिल्ली की इन दुर्दशाओं के कारण क्या है? क्या चुनाव में इन मुद्दों पर चर्चा होती है? क्या कोई बाबुओं और नौकरों की फौज पैदा करने वाली बेकार शिक्षा प्रणाली को सुधारने, निजी कारोबारों और रोजगार देने वाले उद्यमों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने की बात करता है? कभी सोचा है, क्यों नहीं? क्योंकि चुनाव राष्ट्र को सशक्त बनाने का नहीं बल्कि अपनी जेबें भरने का जरिया बन गया है। इस बार की दिल्ली की लड़ाई कई दलों के लिए आरपार की है।

# क्या इरडा बीमा कंपनियों की नकेल कस सकेगा?

**उपभोक्ता के बिल में मनमर्जी की कटौती तो आम बात है। इरडा जो बीमा कंपनियों पर नियंत्रण करती है। उनकी गतिविधियों पर रोक लगाती है। उसका कार्य है कि बीमा कंपनियों द्वारा अवैध रूप से रोके गए भुगतान दिलाए। उसके नियंत्रण के बावजूद क्यों नही बीमा कंपनियों पर सही से नियत्रंण नही हो रहा। इरडा ने कहा कि बीमा कंपनियां 100 रूपये के प्रीमियम पर 86 रूपया ही क्लेम दे रही है।**


अशोक मधुप



बीमा कंपनियों के बारे में हाल ही में इरडा (भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण) ने एक रिपोर्ट जारी की है कि बीमा कंपनियां बीमा खरीदार द्वारा किए 100 रूपये के भुगतान पर 86 रूपये ही क्लेम देती हैं।इस रिपोर्ट में और भी बहुत कुछ है किंतु इरडा ने यह नही बताया कि कम भुगतान करने वाली कंपनियों पर इरडा क्या कार्रवाई कर रही है? कितने मामलों में उसने पूरा भुगतान कराया? इस व्यवस्था में सुधार के लिए उसके द्वारा किए गए निर्णय क्या हैं? बिल प्राप्त हो जाने के बाद बिलों भुगतान क्यों नही हो रहा? भुगतान में विलंब की अवधि का उपभोक्ता को सूद क्यों नही दिलाया जा रहा? भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि सामान्य, स्वास्थ्य और सरकारी बीमा कंपनियां 100 रुपये का प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं। कुछ बीमा कंपनियां तो 100 रुपये के एवज में 56 रुपये ही क्लेम दे रही हैं।रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में सामान्य बीमा कंपनियों ने पॉलिसीधारकों को दावे के एवज में 76,160 करोड़ रुपये का भुगतान किया। यह 2022-23 की तुलना में 18 फीसदी अधिक है।

2023-24 में बीमा कंपनियों ने कुल 83 फीसदी दावों का निपटान किया और 11 फीसदी खारिज कर दिया। छह फीसदी दावे 31 मार्च, 2024 तक लंबित रहे। इस अवधि में सामान्य और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने कुल 2.69 करोड़ स्वास्थ्य दावों का निपटान कर 83,493 करोड़ रुपये का भुगतान किया। प्रति क्लेम औसत रकम 31,086 रुपये रही। विश्लेषकों का कहना है कि प्रीमियम लेने और दावों के निपटान में क्रमशः 100 फीसदी और 80 फीसदी का औसत ठीक-ठाक है।

कुल दावों में से 72 फीसदी थर्ड पार्टी (टीपीए) ने निपटाए। बाकी 28 फीसदी दावों का निपटान कंपनियों ने अपने तरीके से किया। 66.16 फीसदी दावे कैशलेस तरीके से निपटाए गए, जबकि 39 फीसदी में रिंइबर्समेंट मिला। सरकारी कंपनियों का क्लेम 100 रुपये के प्रीमियम के एवज में 90 रुपये से अधिक रहा है। नेशनल इंश्योरेंस ने 100 रुपये प्रीमियम लेकर 90.83 रुपये क्लेम दिया है। न्यू इंडिया ने 105.87 रुपये, ओरिएंटल ने 101.96 रुपये और यूनाइटेड इंडिया ने 109 रुपये क्लेम दिया है। सभी सरकारी बीमा कंपनियों का क्लेम औसत 103 रुपये रहा है। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि सामान्य, स्वास्थ्य और सरकारी बीमा कंपनियां 100 रुपये का प्रीमियम लेकर सिर्फ 86 रुपये ही क्लेम देती हैं। ये इरडा की रिपोर्ट है, जबकि सच्चाई कुछ और है। आप क्लेम मांग कर देखिए ,ये कंपनियां कितना परेशान करती हैं। उपभोक्ता के बिल में मनमर्जी की कटौती तो आम बात है। इरडा जो बीमा कंपनियों पर नियंत्रण करती है। उनकी गतिविधियों पर रोक लगाती है। उसका कार्य है कि बीमा कंपनियों द्वारा अवैध रूप से रोके गए भुगतान दिलाए। उसके नियंत्रण के बावजूद क्यों नही बीमा कंपनियों पर सही से नियत्रंण नही हो रहा। इरडा ने कहा कि बीमा कंपनियां 100 रूपये के प्रीमियम पर 86 रूपया ही क्लेम दे रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गयाहै कि है। कुछ बीमा कंपनियां तो 100 रुपये के एवज में 56 रुपये ही क्लेम दे रही हैं।इरडा ने ये रिपोर्ट तो जारी कर दी किंतु यह नही बताया कि प्रीमियम की एवज में कम भुगतान करने वाली बीमा कंपनियों के विरूद्ध वह क्या कार्रवाई कर रहा है? वह ऐसा कर कर रहा है कि बीमा कंपनियां पूरा भुगतान दें। उसे इस रिपोर्ट पर उठाए गए कदम और आदेश भी बताने चाहिए थें।

दरअस्ल बीमा कंपनियों की भुगतन में मनमर्जी चलती है।बीमा कराने वाले की कोई नही सुनता। मेरा ओरियंटल इंशोरेंस कंपनी का दस लाख का मैडिक्लेम है।दस साल से पुरानी पोलिसी है। पहले यह बीमा पांच लाख रूपये का था। लगभग छह साल पहले मैंने इसे बढ़ाकर दस लाख का करा लिया।दस लाख में मैं और मेरी पत्नी दोनों कवर है। मैंने लगभग चार साल पहले अपनी पत्नी की आंख का मोतियाबिदं का आपरेशन देहरादून के अमृतसर आई क्लीनिक में कराया। कंपनी का कहना है कि मोतियाबिदं के आपरेशन में हम चालिस हजार रूपये का भुगतान करेंगे। आपने खर्च कितना ही किया हो, हमें इससे कुछ नही लेना। मैंने दोनों आखों के आपरेशन का 40- 40 हजार रूपये का बिल कंपनी को भेजा। पहले आपरेशन का इन्होंने अपनी मनमर्जी से 22 हजार का भुगतान किया। दूसरी आंख का चालिस हजार रूपये का भुगतान दिया। मैंने लिखा पढ़ी की तो उत्तर आया कि हम कर सकते हैं। हमने कर दिया।काफी लिखा पढ़ी करने और धमकाने पर काफी समय बाद बचे 18 हजार रूपये भुगतान किया। इसके बाद मैंने घुटनों का ट्रांसप्लांट कराया। पहले घुटने का बिल भेजा। दो लाख 38 हजार का। इन्होंने भुगतान किया दो लाख 36 हजार का।दूसरे घुटने के आपरेशन का बिल बना दो लाख 42 हजार। इन्होंने इस भुगतान किया दो लाख 38 हजार। यह ठीक था। इतनी कटौती हो सकती है। इस पर किसी भी उपभोक्ता को आपत्ति नही होगी। पिछले साल मैं छोटे बेटे के पास राजकोट में था। वहां मुझे बाईपास सर्जरी करानी पड़ी। इस सर्जरी का खर्च में इन्होंने करीब 70 हजार की कटौती की। इसमें 55 हजार के आसपास आपरेशन के दौरान अस्पताल द्वारा मुझे खिलाए भोजन के साथ ही आपरेशन में प्रयुक्त हुए सामान निडिल, ग्लोबज और सिरेंज आदि के व्यय की की गई। अब को इनसे पूछने वाला नही कि आपरेशन के दौरान अस्पताल में रहने के दौरान क्या मरीज भोजन नही करेगा? क्या बिना भोजन किए आठ दिन रहा जा सकता है? इंजेक्शन सिरेंज, निडील, ग्लोबस आदि के बिना आपरेशन हो सकता है? किंतु कोई सुनने वाला नही। ये मेरा ही नही औरों का भी ये ही किस्सा है। उन्होने भी कहा कि उनके भी आपरेशन में प्रयोग हुई निडिल सिरेंज गलोब्स के भुगतान में मनमर्जी है। किसी केस में भुगतान कर देते हैं किसी में नहीं। ये समझ नही आता कि भुगतान में बीमा कंपनियों मनमर्जी क्यों करती हैं? इरडा को स्पष्ट आदेश करना चाहिए कि वे क्या भुगतान करेंगी क्या नही। ये ही आदेश वाहनों के बारे में होना चाहिए। इरडा ने पीछे आदेश किया कि अप्रैल 2024 से सभी अस्पताल में कैशलेश की सुविधा मिलेगी, किंतु सभी कंपनी ऐसा नही कर रही। एक बात और अप्रैल से पहले अस्पताल को कैशलैश के पैनल में शामिल करने में भी बड़ा खेला है। प्राइवेट कंपनियां तो केशलैश के पैनल में अस्पताल को शामिल करने में बहुत उदार हैं, किंतु सरकारी कंपनी नहीं। पत्नी की आखों का मोतियांबिंद का आपरेशन देहरादून के प्रसिद्ध 25 साल से ज्यादा पुराने अस्पताल अमृतसर आई क्लीनिक में कराया। इतना पुराना ये अस्पताल ओरियंटल इंशोरेंस कंपनी के पैनल में नही था। गुजराज का स्टर्लिंग अस्पताल वहां का बड़ा और 25 साल पुराना अस्पताल है। इसकी गुजरात में कई ब्रांच है। यह भी इस कंपनी के पैनल में नही है। छोटे शहरों के अस्पताल की तो बात ही क्या की जाएं।

# जनसुराज ने सड़ते तालाब में एक कंकड़ मार दिया

**प्रशांत किशोर बेसिकली एक डेटाक्रेट हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव से ले कर जनसुराज के निर्माण के बीच, वे राजनीतिक दलों को चुनाव जीताने का ठेका लेते थे। एक हवा सी बनी देश में कि जिसके पास ज्यादा डेटा, वहीं चुनाव जीतेगा और पीके डेटा के मास्टर आदमी। तो नीतीश कुमार ने पहले उन्हें अपने चुनाव के लिए साथ लिया और बाद में अपनी पार्टी में शामिल कराया।**


शशि शेखर



जनसुराज, फलां की बी-टीम है या उसे फलां से पैसा मिल रहा है या यह अमुक की अमुक के खिलाफ साजिश हैं। राजनीति में किसी भी गैर-राजनीतिक विरासत वाले व्यक्ति या समूह की एंट्री के साथ ही ऐसे शब्दों से स्वागत किए जाने की रवायत हिन्दुस्तान में पुरानी रही हैं। जनसुराज और प्रशांत किशोर के लिए भी फिलहाल ऐसे ही शब्दों/आरोपों के इस्तेमाल किए जा रहे हैं। ये आरोप कितने सही है, कितने गलत, इस पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता है। इसके लिए यकीनन आम आदमी को इंतज़ार करना होगा। आम आदमी वैसे भी जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेता। मीडिया और बुद्धिजीवी भले ऐसा करते रहे हैं और अक्सर ग़लत साबित होते रहे हैं। क्योंकि, बहुत सूक्ष्म विश्लेषण करेंगे, तो राजनीतिक इकोसिस्टम के भीतर एक किस्म का सत्ता का लौह सिद्धांत पाएंगे, जहां सब मिले हुए हैं और मिल कर किसी भी नए प्रवेशी के लिए दरवाजा नहीं खोलना चाहते।

**एजेंट और बी-टीम आरोपों का संक्षिप्त इतिहास :** अंग्रेज नौकरशाह ए ओ ह्यूम को कांग्रेस की स्थापना का आर्किटेक्ट कहा जाता है और यह भी कि कांग्रेस की स्थापना अंग्रेजों ने अपने सेफ्टी वाल्व के तौर पर की थी। आरएसएस, इसकी एक राजनीतिक शाखा बीजेपी है, की स्थापना करने वाले हेडगेवार के करीबी मित्र बीएस मुंजे के बारे में आपको यह जानकारी आसानी से मिल जाएगी कि इटली जा कर उन्होंने मुसोलिनी से मुलाक़ात की थी और उसकी राजनीतिक पार्टी का सूक्ष्म अध्ययन किया था। फिर भारत की जितनी भी कम्युनिस्ट पार्टियां है, उनका वैचारिक गर्भालान संबंध सोवियत रूस और चीन से रहा है। आप ध्यान देंगे, तो पाएंगे की भारत की कम्युनिस्ट पार्टियों के मूल अंगरेजी नाम इस तरह है, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया यानी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी। बोलचाल में भले हम भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बोल लेते है। इसका एक सरल भावार्थ यह हुआ कि भारत की कम्युनिस्ट पार्टियां महज इंटरनेशनल कम्युनिस्ट रिवोल्यूशन की एक शाखा है और आज भी ये रूस और चीन की कम्युनिस्ट पार्टियों (मार्क्स-लेनिन-माओ) की वैचारिकी पर चलते हैं। तो क्या ये सब किसी के एजेंट है? क्या ये सब किसी की बी या सी टीम है? आज भी हिन्दुस्तान में ओवैसी हो या केजरीवाल, इन पर किसी न किसी की बी-टीम होने के आरोप लगते रहे हैं। यह अलग बात है की बी-टीम का आरोप झेलते-झेलते केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब में भाजपा और कांग्रेस को बी अथवा सी ग्रेड की पार्टी बना दिया। अब जा कर कुछ ऐसा ही बिहार में देखने को मिल रहा है, जब प्रशांत किशोर की जनसुराज पर किसी दल के बी या सी टीम होने का आरोप लग रहा है।

नीतीश कुमार हो, लालू प्रसाद यादव हो, रविशंकर प्रसाद हो, सब जानते हैं की कैसे जेपी या मोरारजी भाई देसाई तक को इंदिरा गांधी की तत्कालीन कांग्रेस ने विदेशी एजेंट तक बताया था। ऐसा इसलिए की वर्षो से सत्ता पर काबिज एक राजनीति दल यह मान चुका था कि इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा। तो क्या इतिहास भूल जाना हमारे राजनेताओं की आम बीमारी है या फिर एक मजबूरी? यानी, जो नेता, जो दल खुद किसी न किसी आन्दोलन से निकले हैं, वे आज पीके को बिहार पंलिक सर्विस कमिशन में हुई धांधली पर संघर्ष कररहे छात्रों के समर्थन में आने के कारण अपना निशाना बना रहे हैं। उन्हें एजेंट या बी-टीम बता रहे हैं। फिर तो इस हिसाब से जब बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने दिल्ली के इशारे पर जेपी के ऊपर लाठी चलवाए थे, तो उसे ठीक मान लिया जाना चाहिए? क्या नीतीश कुमार या लालू प्रसाद यादव इस तर्क को मानेंगे? कभी नहीं। मेरा दृढ मत है, जो लालू प्रसाद यादव के मत का ही समर्थन है कि तवा पर रोटी एक तरफ ज्यादा समय तक रह जाए, तो जल जाती है। इसलिए तवे पर रोटी को उलटते-पलटते रहना चाहिए। ऐसे में, एक नया दल, एक नया व्यक्ति, एक नया समूह आ कर इस 20 साल से तवे पर पड़े एक रोटी को बदलने की कोशिश करें, तो क्या उसे किसी की साजिश बता कर खारिज कर देना प्रजातांत्रिक मूल्यों का संवर्द्धन माना जाना चाहिए?

**डेटाक्रेट का पॉलिटिकल होना...** प्रशांत किशोर बेसिकली एक डेटाक्रेट हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव से ले कर जनसुराज के निर्माण के बीच, वे राजनीतिक दलों को चुनाव जीताने का ठेका लेते थे। एक हवा सी बनी देश में कि जिसके पास ज्यादा डेटा, वहीं चुनाव जीतेगा और पीके डेटा के मास्टर आदमी। तो नीतीश कुमार ने पहले उन्हें अपने चुनाव के लिए साथ लिया और बाद में अपनी पार्टी में शामिल कराया। लेकिन, पीके महत्वाकांक्षी है और वे किसी राजनीतिक दल में किसी एक पद से संतोष कर लेने वाले नहीं दिखते। किसी जमाने में बिहार के लिए यह कहानी बड़ी मशहूर थी कि यहाँ बाहुबल के सहारे बूथ कैप्चरिंग कराने वालों का राजनीतिक दलों में बड़ी मांग थी। वाकई ऐसा था भी। बेगूसराय से संभवता; बूथ कैप्चरिंग की कहानी शुरू हुई मानी जाती है। बाद में बूथ कैप्चर कराने वालों को लगा कि जब हम ही इन्हें (नेताओं को) जीताते हैं, तो हम ही खुद क्यों न नेता बन जाए। फिर, 90 के दशक के बाद, आप देखेंगे तो बिहार की राजनीति में अपराधियों की एक बड़ी एंट्री होती है। कोई भी सत्ताधारी दल इस ट्रेंड को रोकने में असमर्थ था, सो उन्हें विभिन्न राजानीतिक दलों में जगह भी मिलती गयी। हालांकि, मैं प्रशांत किशोर की तुलना बूथ कैप्चर करने वालों से नहीं कर रहा हूँ, लेकिन ट्रेंड के मुताबिक़, चुनाव जीतवाते-जीतवाते निश्चित ही प्रशांत किशोर को लगा होगा कि जब मैं दूसरों को जीतवा सकता हूँ तो खुद ही क्यों न चुनाव लड़ लूं, पार्टी बना लूं। और आगे ऐसा हुआ भी। लेकिन, यहाँ एक पेंच है। एक बाहुबली का बूथ कैप्चरिंग से अकेले विधायक-सांसद बन जाना अलग बात है, लेकिन एक डेटाक्रेट का राजनीतिक दल बना कर उसे आगे ले जाना बहुत ही मुश्किल और यह मुश्किल प्रशांत किशोर के सामने भी थी। यह मुश्किल पैसे या संसाधन की नहीं, रणनीति की थी, परसेप्शन गढ़ने की क्षमता का अभाव के रूप में था। वैनिटी वैन से पहले उन पर जनसुराज यात्रा के दौरान टेंट सिटी बसाने जैसे आरोप भी लगे हैं। लेकिन, राजनीति जब परसेप्शन का खेल हो तो परसेप्शन बनते-बिगड़ते कहाँ समय लगता है।

# तराई में घने कोहरे की चेतावनी 22 से फिर यू टर्न लेगा मौसम

अवधनामा संवाददाता



■ ज्यादातर इलाकों में दिन चढ़ने के साथ अच्छी धूप खिली

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुधवार से मौसम फिर से यू टर्न लेने वाला है। नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 22 जनवरी से पश्चिमी यूपी के कुछ जिलों में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम विभाग की ओर से सोमवार व मंगलवार के लिए प्रदेश के 10 तराई जिलों में घने कोहरे की संभावना जताई गई है। हालांकि दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

सोमवार को यूपी के कुछ तराई जिलों को छोड़कर ज्यादातर इलाकों में दिन चढ़ने के साथ अच्छी धूप खिली। तपिश भरी धूप की वजह से दिन के तापमान में बढ़ोतरी भी दिखी। वहीं 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवाएं चलीं इसके असर से कोहरे के घनत्व में कमी आई।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि 22 जनवरी से नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी यूपी में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। वहीं देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच व आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाने की संभावना है। 20 जनवरी तक बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मीरजापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदासनगर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर, महाराजगंज, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, कानपुर देहात, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, झांसी और आसपास के इलाकों में कोहरा रहेगा। सोमवार के बाद से पूरे प्रदेश में मौसम साफ हो जाएगा। प्रदेश के अधिकांश जिलों में शनिवार रात घने कोहरे और गलन से परेशान हुए प्रदेशवासियों को रविवार को रवि ने राहत दी।

सुबह से धूप निकली। रात के साथ ही दिन का तापमान भी बढ़ गया और सामान्य से अधिक रहा।कहीं-कहीं दिन का तापमान तो सामान्य तापमान से 3.3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम विभाग ने 20 से 23 जनवरी तक सुबह धुंध या कोहरा रहने और दोपहर में धूप निकलने का पूर्वानुमान जताया है।

## महिला थाने पर समझौते के लिए आए दोनों पक्षों मै जम कर चले लात घुसे

**मथुरा।** महिला थाने में समझौता करने के बाद बाहर निकलते ही दो पक्ष आपस में भिड़ गए. सड़क पर ही मारपीट होने लगी. मामला सदर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत सिविल लाइंस क्षेत्र का है. इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 8 लोगों को हिरासत में लिया है, उनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार छाता थाना क्षेत्र के अंतर्गत छाता क्षेत्र के प्रेमपाल की बेटी मनीषा की 2020 में फरीदाबाद के करण से शादी हुई थी, आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही दोनों में लड़ाई-झगड़ा शुरू हो गया,बात महिला थाने तक जा पहुंची, जिसके बाद महिला थाने में दोनों को सुलह के लिए बुलाया गया. दोनों पक्ष सोमवार दोपहर महिला थाने पहुंचे तो वहां समझा-बुझाकर घर जाने के लिए कहा गया। थाने में समझौते के बाद जब दोनों पक्ष बाहर निकले तो किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई।

# पहले सामने से...फिर एसयूवी बैक करके प्रेमिका को कुचला

अवधनामा संवाददाता



■ घूमने के बहाने से एसयूवी से ले गया
■ एसयूवी लाकर उनको कुचल दिया

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में लिवइन पार्टनर की हत्या करने के मामले में हैरान करने वाले खुलासा हुआ है। आरोपी अधिवक्ता गिरिजा शंकर पाल ने अपनी लिवइन पार्टनर प्रॉपर्टी डीलर गीता शर्मा पर पहले सामने से एसयूवी से टक्कर मारी। इसके बाद गाड़ी बैक करके कुचला था। हत्या के बाद आरोपी रायबरेली के एक होटल जाकर छिप गया था। पीजीआई पुलिस ने आरोपी को रविवार को जेल भेज दिया।

एडीसीपी पूर्वी पंकज सिंह ने बताया कि रायबरेली निवासी आरोपी गिरिजा शंकर और गीता काफी साल से लिवइन में रहकर प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गीता आए दिन रुपये की मांग करती थी। शादी का दबाव डालती थी और बेइज्जत करती थी। रोज-रोज के झगड़ों से परेशान होकर उसने हत्या की साजिश रची थी। इसके तहत 17 जनवरी की रात घूमने के बहाने से गीता को एसयूवी से ले गया।

घूमने के बाद गीता को एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के पास उतार दिया। गीता पैदल ही नीलगिरि अपार्टमेंट जा रही थीं। तभी आरोपी ने सामने से एसयूवी लाकर उनको कुचल दिया। गीता के गिरते ही आरोपी ने गाड़ी बैक की और गीता को रौंदते हुए भाग गया। 18 जनवरी की सुबह उसने गीता के भाई लालचंद्र को उनके सड़क हादसे में मारे जाने की खबर दी। एडीसीपी पूर्वी ने बताया कि लालचंद्र ने गिरिजा को नामजद किया था। पहले तो आरोपी गुमराह करने लगा। सर्विलांस से उसकी लोकेशन घटनास्थल पर मिली। इस पर वह टूट गया और जुर्म कबूल लिया। आरोपी गिरिजा के खिलाफ कृष्णानगर, पीजीआई, सरोजनीनगर और रायबरेली में पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी ने वर्ष 2015 में कृष्णानगर में एक हत्या की वारदात को भी अंजाम दिया था।

# महापौर के खिलाफ पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने फूंका बिगुल

अवधनामा संवाददाता

■ अनशन की दी चेतावनी

**मथुरा।** नगर निगम के पार्षदों ने एक बार फिर महापौर के खिलाफ विरोध का बिगुल फूंक दिया है। सोमवार को नगर निगम के सभागार में हुई पार्षदों की बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि महापौर द्वारा शीघ्र ही बोर्ड बैठक नहीं बुलाई गई तथा 15वें वित्त आयोग से समस्त 70 वार्ड में प्रत्येक वार्ड में 60 लाख रुपए से होने वाले विकास कार्यों की पत्रावली स्वीकृत नहीं की गई तो सभी पार्षद नगर निगम कार्यालय पर धरना देने को विवश होंगे। इस बैठक में करीब 65 पार्षद शामिल हुए जिन्होंने अपने-अपने हस्ताक्षरों एक-एक पत्र महापौर को प्रेषित किया है।

पत्र में अवगत कराया गया है कि नगर निगम मथुरा-वृन्दावन की बोर्ड बैठक /अधिवेशन विगत 13 सितम्बर 2024 को वृन्दावन स्थित होटल हेरिटेज में आहूत की गयी थी जिसकों करीब 4 माह से अधिक का समय हो चुका है। आगामी बोर्ड बैठक न होने के कारण नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के समस्त 70 वार्डो का विकास एक दम ठप्प हो गया हैं। विकास कार्य न होने के कारण वार्डो की जनता विकट समस्याओ से जूझ रही हैं मुख्यमंत्री योगी मथुरा-वृन्दावन के समग्र विकास को लेकर काफी गंभीर है तथा विकास क्रार्य हेतु भरपूर धनराशि भेज रहे हैं। अधिवेशन के सम्बन्ध में पार्षदों ने संयुक्त हस्ताक्षर करके लिखित में ज्ञापन 2 दिसंबर 24 को दिया था लेकिन अभी तक उक्त के सम्बन्ध में कोई प्रतिकिया नही की गयी हैं और न ही कोई बोर्ड बैठक /अधिवेशन बुलाया हैं। जो उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 88 का खुला उल्लघन है। आगामी बोर्ड बैठक/अधिवेशन एवं 15 वे वित्त की पत्रावली पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान नही की गयी तो मजबूर होकर पार्षद नगर निगम कार्यालय मथुरा पर धरने पर बैठने को विवश होगे।

## सपा अंबेडकर वाहिनी के रमेश सैनी महानगर अध्यक्ष मनोनीत

**मथुरा।** अखिलेश यादव जी राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी की अनुमति और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की सहमति से संतोष कुमार जाटव प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी ने पीडीए के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए फूले अंबेडकरवादी विचारधारा के साथ साथ बहुजन महापुरुषों की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रमेश सैनी को समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी मथुरा वृंदावन महानगर का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने का मनोयन पत्र जारी किया है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी की महानगर अध्यक्ष रितु गोयल, महासचिव अभिषेक यादव, विधानसभा अध्यक्ष बल्लभभाई कुशवाहा, पूर्व महानगर अध्यक्ष अबरार हुसैन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा. राजेन्द्र प्रसाद लोधी, ओमपाल सैनी, सज्जन क्रांति, लखन गर्जर, अजय सनवाल, दिगम्बर सिंह, मुकेश सैनी, संतोष, देवकीनंदन आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# 'सुकन्या समृद्धि योजना' से बेटियाँ बनेंगी आत्मनिर्भर



अवधनामा संवाददाता

■ बालिकाओं के सुदृढ़ीकरण से परिवार, समाज और राष्ट्र बनेंगे मजबूत : कृष्ण कुमार

**लखनऊ।** हमारे देश में बालिकाओं का स्थान महत्वपूर्ण है। बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत सुकन्या समृद्धि योजना के माध्यम से बेटियों की उच्च शिक्षा, कैरियर और विवाह के लिए आर्थिक स्वावलंबन सुनिश्चित किया गया है। उक्त उद्गार सौराष्ट्र एवं कच्छ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने केंद्र शासित क्षेत्र दीव को संपूर्ण सुकन्या समृद्धि आच्छादित क्षेत्र बनाए जाने के अवसर पर 20 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। बेटियों को सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक और उपहार वितरित करते हुए कहा कि इसके माध्यम से बेटियाँ आत्मनिर्भर बनेंगी तो आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना भी साकार होगी। इस अवसर पर वित्तीय समावेशन के तहत डाकघर बचत बैंक, महिला सम्मान बचत पत्र, डाक जीवन बीमा और इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की तमाम योजनाओं से जनमनास को जागरूक करते हुए इन योजनाओं के भी खाते खुलवाए गए।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि बालिकाओं के सुदृढ़ीकरण से परिवार, समाज और अंततः राष्ट्र भी मजबूत बनता है। 10 साल तक की बालिकाओं का मात्र 250 से डाकघर में खुलने वाला सुकन्या समृद्धि योजना सिर्फ निवेश का ही एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह बालिकाओं के उज्ज्वल व समृद्ध भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। डाक विभाग के कर्मियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि घर-घर अभियान चलाकर जिस तरह से इस योजना से बेटियों को जोड़ा गया है, वह प्रशंसनीय है।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाक विभाग अब सिर्फ पत्र ही नहीं पहुँचा रहा, बल्कि सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। वित्तीय सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया, और अंत्योदय में डाक विभाग की अहम भूमिका है। एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर डाकघरों को बहुउद्देशीय बनाया गया है।

# समाज की सेवा में सोसाइटी का निरंतर प्रयास



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी द्वारा चल रहे वस्त्र वितरण वीक का हुआ समापन यह कार्य महाकुम्भ के प्रथम शाही स्नान मकर संक्रांति के दिन शुभारम्भ हुआ। इसी दिन से सोसाइटी के सदस्य द्वारा प्रतिदिन जरूरतमंद बृजवासियों को गर्म वस्त्र और कंबल मुहिया करने की मुहिम चलाई गई जिसमें संस्था की अध्यक्ष शिखा अग्रवाल जी ने बताया कि कड़कती सर्दी का मौसम चल रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए इस मुहिम की शुरुआत संस्था द्वारा संचालित एस.एफ़ स्ट्रीट स्कूल मथुरा कि दोनो शाखाओं ट्रांसपोर्ट नगर और श्यामकुंज में पढ़ रहे सभी बच्चो को दो जोड़ी सॉक्स, और गरम कपड़े वितरित करके हुई इसमें अभी तक 280 बच्चो के समान वितरित किया गया। वही मौजूद संस्था के वरिष्ठ सदस्य राजन गुप्ता ने बातया कि संस्था प्रति रात्रि भी मथुरा, वृंदावन क्षेत्र में रात्रि भ्रमण कर ठंड मैं ठिठुर रहे लोगो को कम्बल भी वितरण किए जा रहे है। अभी तक संस्था 230 से अधिक कम्बल वितरण कर चुकी है और यह कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# 'परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है'

अवधनामा संवाददाता





■ गणतन्त्र दिवस परेड में सीएमएस की झाँकी 'सर्वधर्म समभाव' की देगी प्रेरणा

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल इस वर्ष गणतन्त्र दिवस परेड में 'परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है' विषयक अनूठी झाँकी प्रदर्शित करने जा रहा है। सी.एम.एस. की यह झाँकी जनमानस के बीच एकता, शान्ति और सौहार्द के विचारों को प्रवाहित करेगी ही, साथ ही भावी पीढ़ी के उज्जवल भविष्य हेतु विश्व समाज को सुन्दर एवं सुरक्षित बनाने का आह्वान करेगी। यह झाँकी लगभग बनकर तैयार हो चुकी है, जिसे आज यहाँ सी.एम.एस. कानपुर रोड परिसर पर आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों को दिखाया गया। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने झाँकी के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि गणतन्त्र दिवस परेड में यह झाँकी 'सर्वधर्म समभाव', 'वसुधैव कुटुम्बकम' एवं 'जय जगत' की भावना के अनुरूप मानव मात्र से प्रेम करने की प्रेरणा देगी एवं प्रेम, प्यार, सहयोग, सौहार्द व भाईचारा से ओतप्रोत विश्व व्यवस्था का आह्वान करेगी। प्रो. किंगडन ने विश्वास व्यक्त किया कि गणतन्त्र दिवस परेड में सी.एम.एस. की यह झाँकी जनमानस के विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी।

इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्राओं ने झाँकी गीत 'परमपिता है एक, विश्व परिवार हमारा है, सारे जग में गूँज उठे, जय जगत का नारा है' पर मनभावन नृत्य प्रस्तुतिकरण से सभी का मन मोह लिया। इस झाँकी गीत के माध्यम से सी.एम.एस. छात्र-छात्राओं ने संदेश दिया कि हम सब एक ही परमपिता परमात्मा की संतान है और हमें अपने देश की महान सभ्यता, संस्कृति एवं 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के अनुरूप विश्व समाज को सुन्दर एवं सुरक्षित बनाने का प्रयत्न करना चाहिए। झाँकी गीत पर मनमोहक प्रदर्शन करने वाली सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस की छात्राओं में अनिशिका सिंह, मानवी अग्रवाल, सौम्या सिंह, तेजस्वी शुक्ला, श्रेयी सिंह, रुशाली बिसारिया, एश्वर्या प्रधान, अनन्या यादव, जान्हवी राय, तेजश्री संगम, उत्कर्षी गुप्ता एवं रिद्धिमा पाण्डेय शामिल हैं। प्रेस कान्फ्रेन्स में झाँकी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए प्रो. किंगडन ने बताया कि सी.एम.एस. की झाँकी चार भागों में हैं और सभी भाग अनूठे ढंग से 'विश्व एक परिवार' का संदेश दे रहे हैं।

# अल्पसंख्यक संस्थानों में शिक्षा प्रणाली को लेकर जताई चिंता



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मुमताज पीजी कॉलेज में एआईडीओ (अलायंस फॉर इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट ऑफ अंडरप्रिविलेज्ड) दिल्ली के साथ एक बैठक हुई, जिसमें मुमताज कॉलेज के अधिकारी और शिक्षक शामिल हुए। इस बैठक में मुमताज कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह के तहत 8 फरवरी को होने वाले शैक्षिक सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही कॉलेज परिसर में कॉमन स्टडी सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव भी आईडीओ की ओर से रखा गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में अल्पसंख्यक संस्थानों में शिक्षा प्रणाली को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। इडो के सीईओ अख्तर महमूद ने अपने संगठन की ओर से कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रमों और एक कॉमन सेंटर का प्रस्ताव रखा। इससे पहले मुमताज पीजी कॉलेज के प्रबंधक सैयद अतहर नबी एडवोकेट ने अतिथियों का स्वागत किया तथा उनका संक्षिप्त परिचय दिया। इस अवसर पर कॉलेज की संस्था के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. अम्मार अनीस नागरामी और सैयद बिलाल नूरानी भी उपस्थित थे। अन्य उपस्थित लोगों में आईडीओ पर्यवेक्षक मुहम्मद उमैर, मुमताज पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ अब्दुल रहीम, कार्यवाहक प्राचार्य डॉ शाजिया सिद्दीकी, प्रॉक्टर डॉ मुहम्मद सलमान खान, अतिरिक्त प्रॉक्टर डॉ शाहीन जमाल और अन्य शिक्षक डॉ जेडएच अल्वी, डॉ लियाकत अली, डॉ यासिर जमाल और डॉ आल अहमद गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित थे।

# भाषा विवि व सीबीएमआर के मध्य हुआ समझौता

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे पी पांडेय के मार्गदर्शन में हस्ताक्षर किये गए। शैक्षणिक और अनुसंधान के उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, सीतापुर-हरदोई बाईपास रोड, लखनऊ, और सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च, जो उत्तर प्रदेश सरकार के तहत एक स्वायत्त निकाय है और एसजीपीजीआईएमएस कैंपस, रायबरेली रोड, लखनऊ में स्थित है, के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य केएमसीएलयू और सीबीएमआर के बीच घनिष्ठ सहयोग और कार्यात्मक समन्वय स्थापित करना है। यह साझेदारी शिक्षकों, शोधकर्ताओं और छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने और उनके लिए आपसी सहयोग के अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है। इस समझौते के तहत मुख्य गतिविधियां निम्नलिखित होंगी। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर फंडिंग के लिए संयुक्त शोध प्रस्ताव तैयार करना। तकनीकी विशेषज्ञता और शोध अनुदान साझा करना। शोध उन्मुखीकरण कार्यक्रमों का आयोजन। आपसी रुचि के विषयों पर संयुक्त रूप से सेमिनार, कार्यशालाएं, सम्मेलन और अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना। इस ऐतिहासिक समझौते पर सीबीएमआर के निदेशक प्रो. आलोक धवन और केएमसीएलयू के कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने हस्ताक्षर किए। समारोह के दौरान, प्रो. आलोक धवन ने विभिन्न विषयों के बीच सहयोग के महत्व को रेखांकित किया और इसे नवाचार और अनुसंधान के लिए एक नई दिशा बताया। वहीं, डॉ. महेश कुमार ने इस साझेदारी को छात्रों और शिक्षकों के लिए नई सीखने और शोध के अवसर प्रदान करने वाली पहल बताया। समझौते के इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन लखनऊ में अनुसंधान और नवाचार के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है और शैक्षणिक समन्वय के एक उज्जवल भविष्य का वादा करता है।

## सातवें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी हुई पूर्ण

**मथुरा।** कोरी समाज विवाह समारोह एवं कल्याण समिति मथुरा द्वारा सातवां सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 2 फरवरी रविवार को बसंत पंचमी को रामलीला मैदान महाविद्या में होने जा रहा है जिसमें 21 जोड़े का परिचय सम्मेलन हुआ। दिनांक 20 जनवरी सोमवार को श्री कृष्ण जन्म भूमि के समीप, पोतराकुंड,योगीराज संत श्री कनुआ बाबा की बगीची पर कोरी समाज विवाह समारोह एवं कल्याण समिति द्वारा 21 जोड़ों को दुल्हन को लहंगा चुन्नी एवं दूल्हे को कोट पेंट का कपड़ा दिया गया। और कमेटी द्वारा सभी जोड़ों एवं उनके परिजनों को भोजन कराया गया।कमेठी के संरक्षक गिर्राज माहौर एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछली साल 18 जोड़े थे और इस बार 21 जोड़े हैं। जिसमें सभी समाज के लड़के, लड़की शामिल हैं। हर बार जोड़े बढ़ते ही जा रहे हैं। राजेश कुमार ने कहा हमारा प्रयास है कि सभी जोड़ों को अच्छी से अच्छी सुविधा दिला सके।

# सग्राम साईकिल रैली 1857 का मथुरा में भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता




**मथुरा।** भारतीय गणतंत्र दिवस के 76 वर्ष के उपलक्ष्य में एनसीसी के कैडेट्स द्वारा संग्राम साईकिल रैली 1957 राष्ट्र के प्रथम भारतीय स्वतंत्र संग्राम के दौर सेनानियों की स्मृति में साईकिल यात्रा अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान दल का शुभारम्भ जनपद मेरठ से दिनाक 21 जनवरी 2025 को हुना। वहीं से यह दल प्रदेश में स्थित 1857 के प्रमुद्र स्थलों से गुजरते हुए 1900 किमी बी याचा सथ करके 20 जनवरी 2025 को आगरा से बुरा कहेंचा और मधुरा स्थल के एनसीसी कैविटों द्वारा उम्दा जोश व उमंग के साथ साईकिल रैली दल का स्वागत किया गया। साईकिल रैली दल को कैविटों में एकता, अनुशासन और देश के प्रति प्रेम की झलक दिखाई दी। इस साईकिल अभियान दल में उ0प्र0 एनसीसी निदेशालय के 16 एनसीसी कैडेट्स शामिल है, जिनमें 6 गर्ल्स कैडेट्स भी है। इस दल का नेतृत्व ब्रिगेडियर नरेन्द्र चारग, सेना मेडल कर रहे हैं।

दल के एनसीसी कैडिटों की हौसला अफजाई हेतु एनसीसी निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के अपर महानिदेशक मेजर जनरल विक्रमकुमार स्वयं एनसीसी कैडेट्स के साथ अपनी सहभागिता एवं मार्गदर्शन व निर्देशन कर रहे हैं। अभियान दल का 10 यूपी बटालियन एनसीसी पहुँचने पर एन 0सी0सी0 ग्रुप मुख्यालय अलीगढ़ के डिप्टी ग्रुप कमाण्डर कर्नल विनीव त्यागी ने ध्वज लहराका दल का स्वागत किया। संग्राम 1957 साईकिल अभियान का मुख्य उददेश्य लोगों को समझाना है कि जब हम संगठित हुए तभी हम आजाद हुये और आगे बढ़े। देश को मजबूत बनाने ए समर से समृद्धि की ओर से जाने के लिए हम सब लोगों को एकजुट रहकर आगे बढ़ना होगा। बटालियन के कैडेट्स ने राष्ट्र के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का की याद में सांस्कृतिक कार्यक्रम एव नुक्कड नाटक की प्रस्तुती दी।

# 'हमें अपने पशुओं को स्वस्थ रखना चाहिए'

## दुवासु जूनोटीक बीमारियों के निदान एवं रोकथाम पर राष्ट्रीय संवाद आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा, उत्तर प्रदेश के वेटरनरी पैथोलॉजी विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जूनोटिक बीमारियों के निदान एवं रोकथाम में आने वाली चुनौतियों पर राष्ट्रीय संवाद आयोजित किया गया ।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर श्रीवास्तव ने बताया की जूनोटिक बीमारियां वे बीमारियां हैं जो पशुओं से मानव में तथा मानव से पशु में फैलती हैं। जिसमें ट्यूबरक्लोसिस, ब्रुसेलोसिस, रेबीज, लीस्टीरियोसिस, लेप्टोस्पायरोसिस आदि प्रमुख हैं। उन्होंने बताया की नगरीकरण तथा वृक्षों की कटान से विभिन्न प्रकार की जंगली पशुओं में होने वाली बीमारियां, मनुष्यों में तेजी से फैल रही है जिसमें क्यासानूर फॉरेस्ट डिजीज, मंकी पॉक्स, आदि प्रमुख है। उन्होंने बताया कि हमें अपने पशुओं को स्वस्थ रखना चाहिए जिससे कि उनसे प्राप्त होने वाले उत्पाद भी स्वच्छ और स्वस्थ वर्धक हो । इसके लिए पशुपालक किसान भाइयों को अपने पशुओं का टीबी, ब्रुसेलोसिस आदि की नियमित जांच कराते रहना अत्यंत आवश्यक है तथा संक्रमित पशुओं का इलाज व उनका पृथक्करण किया जाना अत्यंत आवश्यक होता है । जिससे अन्य स्वस्थ पशु तथा उनके संपर्क में आने वाले मनुष्य में कोई संक्रमण न हो सके। राष्ट्रीय संवाद के मुख्य वक्ता, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जत नगर के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ के. पी. सिंह ने बताया की रेबीज एक अत्यंत घातक तथा घातक जूनोटिक डिजीज है जो संक्रमित कुत्ता, सियार, बिल्ली, नेवला आदि के काटने से मनुष्य में फैला है और यदि एक बार लक्षण प्रकट हो जाए तो रोगी को बचाना संभव नहीं हो पता है। इसलिए कुत्ता, सियार, बंदर, नेवला, बिल्ली आदि के काटने पर हमें टीकाकरण अवश्य करवाना चाहिए । राष्ट्रीय संवाद के वक्ता भारतीय पशु चिकित्सा संसाधन अनुसंधान संस्थान, इज्जत नगर के पैथोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ राजवीर सिंह पवैया ने बताया कि जूनोटिक बीमारियों में ट्यूबरक्लोसिस, एक महत्वपूर्ण बीमारी है जो पशुओं से मानव में तथा मानव से पशु में फैलती है तथा संक्रमित मानव एवं पशु में टीबी के विकार उत्पन्न करती है। इससे बचाव के लिए हमें नियमित अपने पशुओं का टीबी के लिए निदान तथा संक्रमित पशुओं का इलाज व पृथक्कीकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है । राष्ट्रीय संवाद के आयोजन समिति के अध्यक्ष, प्रोफेसर विकास पाठक ने आगंतुको का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए यह सलाह दिया कि हमें हमेशा दूध को उबालकर पीना चाहिए जिससे उसमें उपस्थित जीवाणु, विषाणु या कवक नष्ट हो जाए । डरी महाविद्यालय की अधिष्ठाता, प्रोफेसर रश्मि सिंह ने बताया कि स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, विभिन्न प्रकार की बीमारियों के रोकथाम में काफी सहायक सिद्ध होता है।

## महिला ने ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**ललितपुर।** सिविल लाइन सिद्धंन रोड आईटीआई कॉलेज के सामने रहने वाली मनीषा सोनी पत्नी सतीश सोनगिरकर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 17 अप्रैल 2022 को गायत्री मंदिर में हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार सम्पन्न हुयी थी। बताया कि शादी कराने भूपेन्द्र सिंह परिहार, सुषमा सिंह, सास माधुरी, बहन छाया, जीजा संदीप भुजवल, भाई शेखर, भाभी अर्चना आये थे। बताया कि शादी तय करते समय दहेज इत्यादि की बात पर उक्त लोगों द्वारा इंकार कर दिया गया और जब कार्ड छप गये और रिश्तेदारों को शादी तय होने की बात कही, उसी समय से उक्त लोगों द्वारा दहेज की मांग की जाने लगी। बताया कि शादी में उसके परिजनों द्वारा जेवरात और नकदी के अलावा घर-गृहस्थी का सामान दिया था। पीड़िता ने कहा कि उसके पति ने मेहमानों के जाने के बाद उससे बैंक बैलेंस, नौकरी इत्यादि की जानकारी ली। बार-बार बैंक एकाउण्ट और नौकरी के बारे में पूछने पर उसे पता चला कि उक्त लोग दहेज चाहते हैं। आरोप है कि शादी के कुछ समय पश्चात उससे रुपये लेने के लिए ससुरालियों द्वारा तमाम प्रकार से प्रताड़ित किया।

# अंबेडकर पार्क का सौदर्यकरण कराए जाने पर धन्यवाद दिया

अवधनामा संवाददाता

**अमरोहा।** अवधनामा बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर स्मारक प्रबंध समिति अमरोहा (रजि.) ने अंबेडकर पार्क का जीर्णोद्धार कराए जाने पर नगर पालिका परिषद अमरोहा का धन्यवाद एवं आभार पत्र चेयरमैन शशि जैन एवं उप नगर आयुक्त / अधिशासी अधिकारी डा0 बृजेश कुमार को आभार एवं धन्यवाद पत्र सौंपकर अंबेडकर का सौंदर्यकरण कराए जाने पर धन्यवाद दिया। बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर स्मारक प्रबंध समिति अमरोहा ( रजि.) के सदस्य / पदाधिकारी चेयरमैन शशि जैन के आवास पर पहुंचे तथा धन्यवाद एवं आभार पत्र सौंपा। उसके बाद अंबेडकर पार्क समिति के सदस्य नगर पालिका कार्यालय पहुंचे तथा अधिशासी अधिकारी/ उप आयुक्त डा0 बृजेश कुमार को धन्यवाद एवं आभार पत्र सौंपकर अंबेडकर पार्क का सौंदर्यकरण कराए जाने पर पालिका प्रशासन का धन्यवाद किया। समिति के अध्यक्ष डा0 हेतराम सागर ने कहा कि अंबेडकर पार्क सौंदर्यकरण कराए जाने पर हमने चेयरमैन शशि जैन एवं अधिशासी अधिकारी डा0बृजेश कुमार का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। और आशा जताई है कि शिलापटों को भी पूर्व की भांति लगाया जाए। जिस पर समिति के सदस्यों / पदाधिकारियों के नाम भी हो। पालिकाध्यक्ष शशि जैन एवं अधिशासी अधिकारी डा0 बृजेश कुमार ने भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डा0 भीमराव अंबेडकर जी को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब सभी के लिए बहुत ही आदरणीय एवं सम्मानित है। अंबेडकर पार्क का सौंदर्यकरण का हमे सौभाग्य प्राप्त हुआ ये हम सबके लिए गौरव की बात है। बाबा साहब ने हमे दुनियां का सबसे अच्छा संविधान बनाकर दिया। जिससे देश उन्नति प्रगति की और अग्रसर है हम सब उनके बताए गए मार्ग पर चलते रहेंगे। इस अवसर पर पंडित हेतराम सागर, राजेश कुमार, डा0 मेवा सिंह, राहुल कुमार , नत्थू सिंह आर्य, रविन्द्र भारती, रमेश सिंह, डा0 मुनेंद्र मोहन , सत्यप्रकाश, चंद्रपाल सिंह शिवलाल आर्य, वरिष्ठ पत्रकार चौधरी महेंद्र सिंह, सतवीर सिंह हरिदास सागर, पूर्व चेयरमैन अतुल कुमार जैन आदि उपस्थित रहे।



## कैरियर काउंसिलिंग में छात्र-छात्राओं ने सीखे कॅरियर बनाने के गुर

**ललितपुर।** प्रगैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में प्रतिष्ठा पितामह पं.गुलाबचंद्र पुष्प की स्मृति में जहां निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, वहीं कक्षा 10, 11 एवं 12वीं के छात्रों की कॅरियर काउंसलिंग की गई। नवागढ़ तीर्थक्षेत्र कमेटी के प्रचारमंत्री डा.सुनील जैन ने बताया कि काउंसलिंग में यूपी के महरौनी ब्लाक एवं एमपी के बड़ागांव तहसील एवं घुवारा तहसील के पांच सौ छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कैरियर काउंसलर के रूप में मौजूद अशोक जैन मुंबई ने छात्र-छात्राओं को अपने करियर लक्ष्य को प्राप्त करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कांउसलर अशोक जैन ने इच्छा और करियर लक्ष्य को समझने के विभिन्न तरीकों से विद्यार्थियों को परिचित कराया, ताकि गलत लक्ष्य निर्धारित करके बाद में पछताना न पड़े। काउंसलर अशोक जैन मुंबई ने 10वी से 12वी के छात्र-छात्राओं को आगे बढने् एवं भविष्य संभालने के टिप्स देते हुए कहा कि कैरियर काउंसलिंग एक ऐसी सेवा है जिसका उद्देश्य छात्रों को अपना कैरियर शुरू करने, बदलने या आगे बढने् में मदद करता है, इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को बेहतर तरीके से समझा।

# एआइपीएमएम के प्रतिनिधियों ने जेडीयू कार्यालय पर की बैठक

- जेडीयू के कार्यकर्ताओं ने महाज़ के प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया

अवधनामा संवाददाता

**पटना।** जेडीयू के प्रदेश कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के प्रतिनिधियों और जेडीयू के वरिष्ठ नेताओं ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर गहन चर्चा की। इस बैठक का उद्देश्य पसमांदा समाज की सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक, और राजनीतिक समस्याओं पर विचार-विमर्श करना और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाना था।

बैठक का नेतृत्व जेडीयू की प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा और वरिष्ठ नेता चंदेश्वर चंद्रवंशी ने किया। जेडीयू के कार्यकर्ताओं ने महाज़ के प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। महाज़ की ओर से लियाकत मंसूरी (सलाहकार), डॉ. नूर मोहम्मद नूर (सलाहकार), रियाजउद्दीन बख्खो (संयुक्त संयोजक), और मो. कमरूद्दीन अंसारी (राष्ट्रीय महासचिव) ने इस बैठक में भाग लिया।



जेडीयू नेताओं ने कहा कि उनकी पार्टी ने हमेशा पिछड़े और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा की है और भविष्य में भी उनकी बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने पसमांदा समाज के विकास के लिए हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया। बैठक में सहमति बनी कि पसमांदा समाज और जेडीयू कार्यकर्ताओं के बीच संवाद को बेहतर बनाने के लिए नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसके माध्यम से पसमांदा समाज के मुद्दों का गहराई से अध्ययन कर ठोस रणनीतियां तैयार की जाएंगी।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के प्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि जेडीयू के साथ संवाद का यह प्रयास पसमांदा समाज के विकास के लिए सकारात्मक कदम साबित होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि यह सहयोग पसमांदा समाज को उनके अधिकार दिलाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करेगा। बैठक में यह तय किया गया कि अगली बैठक की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। इसका उद्देश्य पसमांदा समाज के विकास के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करना और उसे अमल में लाना होगा।

# स्वास्थ्य कैम्प में डॉक्टर्स ने देखे मरीज मुफ्त दी गई दवाइयां और जांच

- श्री सिद्धि विनायक मेडिकल कॉलिज की ओर लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** फ्री मेडिकल कैम्प मे डॉक्टर्स ने मरीज़ों को देखते हुए दवाईया उपलब्ध कराई। साथ ही मरीज़ों की जांच भी निशुल्क कराई गई। वार्डो मे लगातार कैम्प लगाये जाने का सिलससिला जारी है। श्री सिद्धि विनायक मेडिकल कॉलिज एण्ड हॉस्पिटल सम्भल की ओर से लगातार स्वास्थ्य कैम्प लगाकर मरीज़ों को देखने के साथ ही उनको निशुल्क दवाईयां उपलबध कराई जा रही हैं। साथ ही उनकी आवश्यक जांचे कर फ्री जांचे भी की जा रही हैं। लगातार वार्ड स्तर पर मौहल्लों मे लगने वाले दस स्वास्थ्य कैम्प का लोग पहुंचकर लाभ भी उठा रहे हैं। डॉक्टर्स की टीम कैम्पों रहकर मरीज़ों को देख रही है। हिलाली सराय वार्ड 16 मे समाजसेवी हाफिज़ वसीम के प्रतिष्ठान पर लगाये गए उधर सम्भल नगर के मौहल्ला चमन सराय मे नगर पालिका परिषद सम्भल के निवर्तमान सभासद तस्दीक ईलाही के स्कूल मे समाजसेवी आफताब ईलाही की देखरेख मे स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान कैम्प मे डॉ अमर सिंह (मेडिकल सुपरिटेंडेंट एवं इंचार्ज), डॉ आनंद कुमार सिंह (सीएमओ एवं जनरल सर्जन), डॉ अवतार सिंह मेहरा (मेडिसन), डॉ स्मृति वार्ष्णेय ( पैथोलॉजिस्ट), डॉ अमित गुप्ता (पीडियाट्रिक), डॉ गजल गुप्ता (साइकैट्रिस्ट), डॉ साहिल गुप्ता (डर्मेटोलॉजिस्ट), डॉ अनिल बघेल (एनेस्थीसिया), डॉ असद महमूद (फिजिशियन), डॉ जियाउरर्हमान (फिजिशियन), बरनाली दे (एडमिन), फैज़ सैफी, प्रिया सागर, भूपेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र शर्मा (कैंप इंचार्ज), फहीम (पीरओ), इमरान (पीरओ), सलीम (पीरओ) निवर्तमान सभासद तस्दीक ईलाही, बरनाली दे एडमिन, समाजसेवी आफताब ईलाही, डॉ0 असद महमूद, डॉ0 ज़ियाउरर्हमान, डॉ0 अवतार सिंह मेहरा, कैम्प इन्चार्ज पुष्पेन्द्र शर्मा, फाइज़ सैफी, प्रिया सागर, भूपेंद्र कुमार, इमरान मिर्जा पीआरओ, फहीम पीआरओ, सलीम पीआरओ निवर्तमान सभासद तस्दीक ईलाही, समाजसेवी आफताब ईलाही आदि रहे।



## घट यात्रा, पात्र चयन के साथ समवशरण महामण्डल विधान का हुआ शुभारंभ

**मड़ावरा (ललितपुर)।** वर्णी नगर मड़ावरा के पुण्य भाग्य से महावीर विद्या विहार में विराजमान परम पूज्य क्षमामूर्ती आचार्य विशद सागर जी, मुनि विशाल सागर, विशुद्ध सागर, विलक्ष्य सागर, विभोर सागर, क्षुल्लक विपिन सागर, आर्यिका भक्ति भारती, क्षुल्लिका वात्सल्य भारती माताजी के मंगल सानिध्य में दिनांक 21 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले 1008 श्री समवशरण महामण्डल विधान का प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप जैन के निर्देशन में विधि विधान पूर्वक घट यात्रा एवं पात्र चयन प्रक्रिया के साथ सोमवार को शुभारंभ किया गया। विगत दिनों अपने ससंघ के साथ 25 वर्षो के लंबे अंतराल उपरांत धर्मनगरी मड़ावरा पधारे आचार्य विशद सागर जी मुनिराज की प्रेरणा से सकल दिगम्बर जैन समाज मड़ावरा के संयोजन में 21 जनवरी से आयोजित होने वाले श्री समवशरण महामण्डल विधान के शुभारंभ अवसर पर ध्वजारोहण करने का सौभाग्य सूरज जैन, शुभम, रेशु जैन को प्राप्त हुआ। सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य प्रवीण जैन, अर्चना जैन को मिला, कुबेर इंद्र बनने का सौभाग्य डॉ.राकेश जैन एवं महायज्ञ नामक बनने का डा.विरधी चंद्र, चक्रवर्ती इंद्र बनने का डा.नीरज जैन को, सानत कुमार इंद्र बनने का सनत कुमार जैन को, महेन्द्र इंद्र बनने का चक्रेश कुमार, बाहुबली इंद्र बनने का राजू सेठी को सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# भारी तादाद में लोगों ने ली आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की सदस्यता



- एआइपीएमएम पिछड़े मुसलमानों की आवाजः मारूफ अली
- पसमांदा मुसलमानों की हालत दलितों से बदतरः नेहाल
- शहर के कोने-कोने से लोगों को आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज से जोड़ने के प्रयास में हैं हमः फैज मोहम्मद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रदेश कार्यालय पर लखनऊ महानगर अध्यक्ष फैज मोहम्मद अंसारी, नूरुल हसन वरिष्ठ महानगर उपाध्यक्ष व हबीब-उर-रहमान महानगर उपाध्यक्ष लखनऊ द्वारा संगठन को मजबूत करने हेतु मोहम्मद सादिक जी को जिला कार्यकारिणी सदस्य, मोहम्मद रियाज जिला कार्यकारिणी सदस्य, शमीमुद्दीन ब्लाक अध्यक्ष बक्शी का तालब, मोहम्मद रऊफ जिला कार्यकारिणी, जावेद अहमद जिला कार्यकारिणी सदस्य के पद पर मनोनीत हुए। इस अवसर संगठन के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव व राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी नेहाल अंसारी ने अपने संबोधन में आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के विचारों से नवनियुक्त सदस्यों को अवगत कराया। मारूफ अली ने कहा कि हमारा संगठन पिछड़े मुसलमानों का संगठन है, जो मुस्लिम समाज सदियों से पिछड़ा हुआ है उसका आज तक किसी ने सुध नहीं लिया, जितनी भी राजनीतिक दल हैं उन्होंने सिर्फ हमें वोट बैंक समझा जब जिसको जितना समझ में आया उसने हमारा अपनी राजनीतिक लाभ के लिये इस्तेमाल करता आ रहा है। मगर अब ऐसा नहीं होने वाला क्योंकि अब हमारे पास भी संगठन की ताकत है, हमें अब कोई वोट बैंक की तरह इस्तेमाल नहीं कर पायेगा। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के संयोजक हाजी नेहाल अंसारी ने कहा आज पसमांदा मुसलमानों की हालत हिन्दू दलित से बदतर क्यों है? किसी ने आजतक पूछा? नहीं पूछा क्योंकि वह (राजनीतिक दल) जानते हैं कि हमें जब फ्री में डरा-धमका कर वोट मिल जाता है तो इन पर मेहनत क्यों करें। उन्होंने कहा दोस्तों याद रखें कि हर समाज का कोई न कोई नेता हैं सिर्फ पसमांदा समाज को छोड़कर जिसके जिम्मेदार सिर्फ हम ही हैं हमने कभी अपना रहनुमा नहीं चुना।

फैज मोहम्मद ने कहा संगठन को मजबूत करने के लिये यह अभी एक छोटी सी मुहिम है। अभी हमें लखनऊ के कोने-कोने से लोगों आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज से जोड़ना है। उन्होंने कहा आने वाले 02 फरवरी के प्राग्राम में लखनऊ से ज्यादा से ज्यादा तादाद में लोग आयेंगे और जुड़ेंगे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कल से



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में पं. हरिहर नारायण चौबे दादा की पुण्य स्मृति में आयोजित हीरो कप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 22 जनवरी से शुरू होगा। लैदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट की तुवन मंदिर के विशाल प्रांगण में तैयारियां जोरों पर आयोजन समिति द्वारा की जा रहीं हैं। आयोजन समिति में टूर्नामेंट अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, टूर्नामेंट उपाध्यक्ष अनूप मोदी, जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष शत्रुघन यादव, उपाध्यक्ष रामकुमार कौशिक, रिंकू महाराज, अनमोल जैन चीनू, जिला क्रिकेट एसोसिएशन सचिव बृज बिहारी मिश्रा, एड. मनोज खटीक, मोंटी शुक्ला, लखन रैकवार, शिवम यादव आदि जुटे हुये हैं।

# दृढ इच्छा शक्ति से ही अभीष्ठ लक्ष्य की प्राप्ति संभवः गुप्ता

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** श्रीधनुषधारीजी महाराज गहोई सेवा समिति (रजि.) के तत्वाधान में गहोई दिवस महोत्सव का आयोजन मन्दिर श्रीश्री 1008 श्री धनुषधारीजी महाराज तालाबपुरा में तालबेहट पूर्व अध्यक्ष बुन्देलखण्ड क्षेत्रीय गहोई वैश्य सभा द्वारा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि गौसेवा आयोग अध्यक्ष/राज्यमंत्री श्याम बिहारी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि प्रदीप सरावगी झांसी, उद्योग व्यापार प्रकल्प गहोई महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय पटवारी तथा संस्थापक वरूण कस्तवार (गोरई वाले) की उपस्थिति रही। शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण व ध्वजगीत से किया। तदोपरान्त छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वन्दना व स्वागत गीत गायन किया। समिति अध्यक्ष शरद खैरा ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यो की आख्या प्रस्तुत की। नवनिर्मित राजकीय मेडीकल कालेज ललितपुर का नामकरण राष्ट्रकवि डा.मैथिलीशरणजी गुप्त के नाम पर किए जाने हेतु मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र मुख्य अतिथि को सौंपा। एकल वरिष्ठ गहोई महिला मेवादेवी पत्नी स्व.रामरतन नौगरिया एवं वरिष्ठ गहोई दम्पत्ति सी.एल.गुप्ता, उर्मिला देवी को शाल-श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। समिति संस्थापकों मे से वर्तमान में मौजूद गेंदालाल सावला, ओमप्रकाश लोहिया एवं सी.एल.गुप्ता को भी सम्मानित किया। साथ ही गहोई समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि वरूण कस्तकार, संजय पटवारी व प्रदीप सरावगी ने सभी को गहोई दिवस ने विचार रखे। मुख्य अतिथि श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि गहोई दिवस की सफलता के लिए लोगों का प्रयास एवं दृढ इच्छा शक्ति से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर सकते है हमें समाज में जो एक जुटता दिख रही है वह अन्य स्थानों की गहोई समाज मे नही मिलती। अध्यक्ष कैलाश नाथ सेठ द्वारा इस कार्यक्रम के लिए गहोई समाज व समिति का आभार जताया। समिति अध्यक्ष ने अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अतिथियों के अलावा प्रदीप चौबे, हरीश कपूर, अजय तोमर एड., मनीष अग्रवाल आदि ने भी सम्बोधित किया। संचालन मंत्री कैलाश वरसैंया ने किया। इस दौरान राजाराम गुप्ता, सी.एल.गुप्ता एड., महेश सेठ, ओमप्रकाश लोहिया, सुदामा प्रसाद नौगरैया, विनोद खैरा, बृजकिशोर नौगरैया, अशोक कुरेले, सुरेश विश्वारी, कमलेश कनकने, संजय नौगरैया, अमित, विलास पटैरिया, डा.रामगोपाल साहू, प्रदीप गुप्ता, उदित रावत, मुकेश साहू, राजीव सेठ, बृजेश गुप्ता, राहुल सेठ, प्रदीप नगरिया, अनुपम गुप्ता, सुलभ सुहाने, आशीष सुहाने, मनोज विलैया, रवीन्द्र गुप्ता, दीपक सुहाने, विनय गोपाल सोनी, प्रदीप खैरा नीरज खैरा, सतीश कुरेले, दिनेश कुरेले, वैभव गुप्ता, जयप्रकाश कुरेले, कुशल नौगरैया, अमित वरसैंया, दिलीप नौगरैया, आशीष सावला, सुरेश नौगरैया, जयराम गुप्ता, संजीव लोहिया, विशाल मलैया, नरेन्द्र सेठ, नरेश सेठ, कृष्ण कुमार लोहिया, ओमप्रकाश नौगरैया, दिनेश इन्दुरख्या, महेश सेठ बार, सुनील विश्वारी, स्वदेश सावला, डी.पी.गुप्ता, राजीव नगरिया, अंतरिक्ष खैरा, डा.आकाश खैरा, विकास पिपरसानियां, ओम विजपुरिया, रवि विजपुरिया, निशांत खैरा, संजय विजपुरिया, प्रताप सुहाने, अमित लोहिया, सुनील नगरिया, प्रवीन नगरिया आदि मौजूद रहे।



## सौ दिवसीय टीबी जांच अभियान को लेकर गोष्ठी

**मौदहा हमीरपुर।** देश की टीबी के खिलाफ जंग में सघन अभियान चला कर टीबी रोगियों की खोज की जाएगी और उसके बाद उनकी जांच कराई जाएगी ताकि टीबी को हराया जा सके। कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान को लेकर एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें साठ वर्ष के अधिक आयु के वृद्ध नागरिक,कुपोषित व्यक्तियों, ऐसे व्यक्ति जो पहले कभी टीबी से ग्रसित रहे हैं और अब ठीक हो चुके हैं और ऐसे व्यक्ति या परिवार जो टीबी के रोगियों के साथ में रह रहे हैं। साथ ही डायबिटीज रोग से ग्रस्त मरीजों, एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और धूम्रपान या नशे के आदि व्यक्तियों की जांच की जाएगी।इस सम्बंध में सीएचसी अधीक्षक डा.रजत रंजन तिवारी ने बताया कि ऐसे सभी लोगों की जांच और सीने का एक्सरे कराने का अभियान चलाया जा रहा है जिससे टीबी को हराया जा सके।इस दौरान सीएचसी का पूरा स्टाफ और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और ए.एन.एम.सहित स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्राइवेट विद्यालयों की समस्याओं को लेकर हुआ गहन चिंतन

अवधनामा संवाददाता

- प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की बैठक संपन्न
- समस्याओं को लेकर दिया जाएगा ज्ञापन

**ललितपुर।** प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की आवश्यक बैठक प्रशांति विद्या मंदिर गोविंद नगर में एसोसिएशन के संरक्षक गोविंद व्यास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में प्राइवेट स्कूलों के विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया नगर पालिका की नियमावली में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि शिक्षण संस्थानों से किसी भी तरह का गृहकर नहीं लिया जाएगा, फिर भी नगर पालिका द्वारा शिक्षण संस्थानों को गृह कर के बिल लगातार भेजे जा रहे हैं और बकायदे उनमें पुराना बकाया भी दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा जब नगर पालिका की नियमावली के द्वारा गृह कर लिया ही नहीं जाना है तो नियमित रूप से बिल दिए जाने के पीछे की क्या मंशा है समझ से परे है। सभी साथियों ने निर्णय किया के गृह कर, जलकर लगाने एवं भूगर्भ जल के पंजीयन को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक गोविंद व्यास ने ने कहा हमें कानूनी प्रक्रियाओं को समझकर विद्यालयों के साथ की जा रही अनावश्यक लूट खसोट को रोकने का काम करना होगा। उन्होंने कहा शिक्षा का अधिकार कानून के अंतर्गत जिन बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाता है इसकी क्षतिपूर्ति के रूप में विद्यालयों को मिलने वाली धनराशि अन्य प्रदेशों की तुलना में काफी कम है। हमारी एसोसिएशन इसके बढ़ाने की मांग करेगी। कपिल अग्रवाल एवं अजय जैन ने कहा हमें अपना दस्तावेजी मजबूत करना चाहिए, जिससे विद्यालयों का शोषण रुकेगा और हम अपनी समस्याओं से निजात पा सकेंगे। उन्होंने कहा हम सबको मिलकर संगठन के काम में बढ चढ कर हिस्सा लेना है जिससे संगठन की गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव, ध्यान सिंह यादव, रामसेवक, देवेंद्र तिवारी, राजेश पाल, हरिमोहन गोस्वामी, रमेश चंद्र, धन सिंह, अमन द्विवेदी, अजय जैन, राजेंद्र सिंह, सोहेल खान, स्वप्निल बरया, श्रेयस डियोढिया, शिशुपाल सिंह, रामबाबू राजपूत, संतोष कुमार, आकाश मसीह, अखिलेश पांडे, सतीश पुरोहित आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शिकायतकर्ता की संतुष्टि के लिए स्थल पर जाकर निस्तारण करायें : डीएम

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सोमवार को शासन के निर्देशानुसार तहसील पाली में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने फरियादियों को अपने समीप बुलाकर उनकी समस्याओं को सुना और कुछ समस्याओं को मौके पर निस्तारित कराया इसके अलावा शेष शिकायती पत्रों को सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्ठि ही निस्तारण का मानक माना जाए, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु धरातल स्तर पर जायें और अपनी निगरानी में समस्या का निस्तारण करायें। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 28 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 12, पुलिस का 01, चकबंदी के 05, विद्युत के 03, कृषि विभाग के 02 तथा अन्य विभागों के 05 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 08, पुलिस के 03, विद्युत के 03, विकास का 01 तथा अन्य विभागों के 06 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 13, विकास के 06, पुलिस के 08, विद्युत के 03, पूर्ति के 12 तथा अन्य विभागों के 05 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 04 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया।



# सम्पर्क मार्ग का पक्का निर्माण कराये जाने की फिर उठायी मांग

अवधनामा संवाददाता

- सांसद से लेकर जिला प्रशासन तक पूर्व में कई बार कर चुके पत्राचार
- किसानों ने लामबंद होकर डीएम को भेजा पत्र

**ललितपुर।** आधा दर्जन ग्रामीण अंचलों के सत्तर फीसदी से अधिक लोग खेती-बाड़ी करने के लिए जिस मार्ग से गुजरते हैं, वह मार्ग ठीक न होने और इसी मार्ग से अब हाई-वे पर जमा होने वाला पानी निकालने के लिए बनायी जा रही नालियों के पहले पक्का मार्ग निर्माण और जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में नाराहट के ग्राम गौना से जुड़े कई ग्रामीण अंचलों के किसानों ने लामबंद होकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि 5 सितम्बर 2019 को इसी समस्या के निस्तारण को लेकर स्थानीय सांसद को भी पत्राचार किया गया था, लेकिन आज तक कार्यवाही नहीं हुयी। गौरतलब है कि तहसील पाली के थाना नाराहट अन्तर्गत आने वाले ग्राम सरखड़ी, झरावटा, बछरई इत्यादि ग्रामीण अंचलों से मुख्यालय पहुंचे किसानों ने डीएम को ज्ञापन भेजकर अवगत कराया कि आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण अंचलों के किसान इस सम्पर्क मार्ग के जरिए अपने-अपने खेतों पर कृषि कार्य के लिए जाना पड़ता है। बताया कि इस रास्ते को पक्का निर्माण कराये जाने के लिए पूर्व में कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन सड़क निर्माण नहीं कराया गया। इतना ही नहीं किसानों ने यह भी बताया कि इस सम्बन्ध में स्थानीय सांसद अनुराग शर्मा को भी पत्राचार किया गया था, जिसके बाद आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। उक्त रास्ते का नक्शा भी संलग्न करते हुये किसानों ने बताया कि हाल ही में फोर लेन (हाई-वे) से पानी की निकासी के लिए नाली बनायी जा रही है, जिसका पानी उक्त रास्ते के जरिए ही जायेगा। ऐसी स्थिति में उक्त सम्पर्क मार्ग की हालत और भी अधिक खराब हो जायेगी। किसानों ने हाई-वे के पानी को इस रास्ते से न निकाले जाने और सम्पर्क मार्ग को पक्का निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जिला बार एसोशियेशन के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश घोष एड., घनश्यामदास कुर्मी, करन सिंह, नरेन्द्र सिंह, सोन सिंह, रामऔतार, मोहन लाल, धनीराम साहू, रविन्द्र घोष एड., संतोष साहू, मातादीन बरार, खचोंरे अहिरवार, कुन्जन सिंह, भावेन्द्र, विन्द्रावन, रमेश, रामेश्वर, धर्मेंद्र, चोखेलाल, घनश्या, ढुलुवा, खिलान अहिरवार, सरमन अहिरवार, नरेन्द्र कुमार, सुनू, ऋषिराज घोष, खिलान, चन्द्रभान, रामसेवक निरंजन, मुलायम सिंह, सुकलाल अहिरवार, जगत सिंह, शेर सिंह, माधवेन्द्र, अरविन्द तिवारी, राजेश, छक्कीलाल, हुकुम सिंह, नारायणदास, रमेश, राजीव कुमार, सानू खां, लखनलाल अहिरवार, राधेलाल, राममिलन, धरमपाल, अमित सिंह, जयप्रकाश, जयराम, दिनेश, गंगाधर, उस्मान, देवेन्द्र, प्रमोद, जसपाल सिंह, लखनसिंह, किशोरी, संजय सिंह, सोनू निरंजन, मनोहर, रामू, चतुर्भुज, संजय, राजू सेन, कैलाश, बद्रीप्रसाद, गनेश प्रसाद, रामचरन, सुरमनलाल निरंजन के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।



# सलामी बल्लेबाजों की जगह तय लेकिन बाकी को बल्लेबाजी क्रम को लेकर लचीला होना होगा : अक्षर

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले भारत के उपकप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि भारतीय टी20 टीम में सिर्फ सलामी बल्लेबाजों का क्रम ही तय है जबकि बाकी सभी बल्लेबाजों को क्रम को लेकर लचीला रूख अपनाना होगा। भारतीय टीम बुधवार को ईडन गार्डस पर पहला मैच खेलेगी। बल्लेबाजी क्रम में बार बार बदलाव के बारे में पूछने पर अक्षर ने कहा यह सिर्फ मेरे बारे में नहीं है बल्कि टीम में सभी पर लागू होता है।

उन्होंने कहा 2024 की शुरूआत से हमने तय किया था कि सलामी जोड़ी तय होगी जबकि तीसरे से सातवें नंबर तक सभी को हालात, संयोजन और मैच अप्स के अनुरूप लचीला रहने के लिये कहा गया है। अक्षर ने कहा ऐसा कोई तय क्रम नहीं है कि कोई बल्लेबाजी उसी क्रम पर खेलेगा। तीसरे से सातवें नंबर के बीच सभी के लिये यह लागू होता है। यह अभ्यास सत्र में तय होगा। उन्होंने कहा टी20 क्रिकेट में सही समय पर सही बल्लेबाज का इस्तेमाल करना अहम है। उन्होंने कहा अभी यहां आये एक ही दिन हुआ है। हमने (कप्तान सूर्यकुमार यादव, मुख्य कोच गौतम गंभीर और खुद अक्षर) बात की है। टीम नेतृत्व दल पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है। बहुत कुछ बदला नहीं है। हमारे पास स्थिर टी20 टीम है और ज्यादा दबाव नहीं है।''



अक्षर ने कहा नेतृत्व दल का हिस्सा बनने पर कड़े फैसले लेने पड़ते हैं। हमने इस पर बात की है। एक दूसरे पर भरोसा रखना और सही राय लेना अहम है। हम यह भी बात करते हैं कि जो हो गया, वो वापिस नहीं आने वाला। अगली श्रृंखला से पहले सकारात्मक सोच के साथ उतरना जरूरी है।'' उन्होंने लंबे समय बाद टीम में लौटे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का स्वागत करते हुए कहा वह आखिरी बार वनडे विश्व कप 2023 फाइनल खेले थे और रिकवरी के बाद से उन्होंने सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया है। सीनियर खिलाड़ी की वापसी से टीम का मनोबल बढता है।

## हेड कोच गौतम गंभीर के साथ अनबन की खबरों पर कप्तान रोहित शर्मा ने तोड़ी चुप्पी

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। जिसके बाद बीजीटी में रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज 3-1 से हार गई। वहीं इसके बाद से ही भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच गौतम गंभीर के बीच अनबन की खबरे सामने आई। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि रोहित शर्मा और गौतम गंभीर में सबकुछ ठीक नहीं है, दोनों के बीच अनबन चल रही है, लेकिन इन दावों की सच्चाई कप्तान रोहित शर्मा ने सामने रख दी है। रोहित ने गौतम गंभीर के साथ अपने रिश्ते की सच्चाई बताई है। रोहित शर्मा ने कहा कि हेड कोच गौतम गंभीर उस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करते तो बतौर कप्तान आपको मैदान पर करना होता है। वह पूरी तरह आपके फैसले के साथ होते हैं, वह कप्तान के तौर पर आपके फैसले पर भरोसा दिखाते हैं।

# चार स्पिनरों के जांचे परखे फार्मूले पर निर्भरता के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी से सिराज बाहर

स्पिन पर भारत की निर्भरता और पुरानी गेंद से मोहम्मद सिराज के प्रभावित नहीं कर पाने के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी टीम से उन्हें बाहर रहना पड़ गया। भारत ने 19 फरवरी से शुरू हो रहे आठ टीमों के टूर्नामेंट के लिये 15 सदस्यीय टीम का शनिवार को ऐलान किया।

भारत को अपने सारे मैच दुबई में खेलने हैं। दुबई की पिचें तेज गेंदबाजों की ज्यादा मदद नहीं करती लिहाजा भारत ने वेस्टइंडीज में हुए टी20 विश्व कप की तरह चार स्पिनरों कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर को चुना है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने वानखेड़े स्टेडियम पर टीम का ऐलान करने के बाद मीडिया से कहा हम ऐसी टीम चाहते थे जिसमें हमारे पास दोनों विकल्प हों यानी नयी गेंद से गेंदबाजी का और डैथ ओवरों का भी। जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिये उपलब्ध नहीं हैं और 12 फरवरी को अहमदाबाद में आखिरी मैच में ही लौटेंगे। नागपुर और कटक में पहले दो वनडे के लिये हर्षित राणा को चुना गया है। रोहित ने स्वीकार किया कि सिराज की गैर मौजूदगी में टीम में अनुभव की कमी लग रही है लेकिन उन्होंने इस फैसले का कारण भी बताया।



उन्होंने कहा हम चाहते थे कि अर्शदीप सिंह आखिर में और मोहम्मद शमी नयी गेंद से गेंदबाजी करें। अगर सिराज नयी गेंद से गेंदबाजी नहीं कर रहा है तो वह उतना प्रभावित नहीं कर पाता। उन्होंने कहा हमने इस पर विस्तार से बात की और हम तीन तेज गेंदबाजों को ही लेकर जा रहे हैं क्योंकि हम चाहते हैं कि सारे हरफनमौला उपलब्ध हों। सिराज के लिये यह दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन हमारे पास कोई विकल्प नहीं था। हमें विशेष भूमिका के लिये विशेष खिलाड़ी चाहिये।

# ओम शांति ओम गाने पर खूब झूमे सुनील गावस्कर सचिन ने शेखर रवजियानी के साथ गाया गाना

वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में भारत के कई जानेमाने क्रिकेटर शामिल हुए। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में एक रंगारंग कार्यक्रम रखा, जिसमें सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री, सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा समेत कई दिग्गज क्रिकेटर मौजूद रहे। वर्षों से इस स्टेडियम ने फैंस को कई यादगार पल दिए हैं, जिसमें 2011 के वनडे विश्व कप में इसी मैदान पर भारत की जीत भी शामिल है। यह तेंदुलकर, गावस्कर और रोहित जैसे क्रिकेटरों का होम ग्राउंड भी रहा है। सालगिरह समारोह के दौरान गावस्कर ने अपने शानदार डांस मूव्स के साथ सभी फैंस को एक विजुअल ट्रीट भी दी।

वायरल हो रहे एक वीडियो में गावस्कर को लोकप्रिय संगीतकार और गायक शेखर रवजियानी के साथ प्रसिद्ध बॉलीवुड गाना ओम शांति ओम पर अपना थिरकते दिखे। जब फैंस गावस्कर के मूव्स का आनंद ले रहे थे, तभी शेखर ने सचिन तेंदुलकर को गाने के लिए कहा। उनकी रिक्वेस्ट को पूरा करते हुए मास्टर ब्लास्टर ने फैंस के लिए ओम शांति ओम गाना गाया। इसके बाद गावस्कर ने शेखर की सुर में सुर मिलाया।

इस कार्यक्रम में मुंबई क्रिकेट के दिग्गजों ने हिस्सा लिया। इनमें रोहित शर्मा, दिलीप वेंगसरकर, रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे और डायना एडुल्जी सहित पूर्व और वर्तमान भारतीय क्रिकेट कप्तान शामिल रहे। इस दौरान मुंबई के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दिग्गज पुरुष और महिला खिलाड़ी भी मौजूद थे। सभी ने अपने करियर और भारत की समग्र क्रिकेट यात्रा को आकार देने में स्टेडियम के महत्व के बारे में बताया।

इस हफ्ते की शुरुआत में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) और उसके प्रशंसकों को एक पत्र भेजा था, जिसमें उन्हें वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ पर बधाई दी गई थी। इस मौके पर एमसीए के पदाधिकारियों और शीर्ष परिषद के सदस्यों ने वानखेड़े स्टेडियम की सम्मानित विरासत का जश्न मनाते हुए एक कॉफी टेबल बुक और स्मारक डाक टिकट जारी किया। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाने और सुनील गावस्कर के 75वें जन्मदिन के जश्न के साथ शाम और भी उज्जवल हो गई। सचिन गावस्कर को केक खिलाते भी दिखे।

## दोहरे ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने हिमानी मोर से विवाह किया

भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने दो दिन पहले सोनीपत की हिमानी मोर से विवाह किया। स्टार खिलाड़ी 27 वर्षीय नीरज ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर विवाह की घोषणा की। नीरज ने विवाह समारोह की तस्वीरों के साथ एक पोस्ट में लिखा मैंने अपने परिवार के साथ अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू किया। हर उस आशीर्वाद के लिए आभारी हूं जिसने हमें इस पल तक पहुंचाया। प्यार से बंधे, हमेशा खुश रहें। चोपड़ा के चाचा भीम ने 'पीटीआई' को बताया कि विवाह देश में हुआ और यह जोड़ा हनीमून के लिए रवाना हो गया है। हिमानी वर्तमान में अमेरिका में पढ़ाई कर रही हैं। भीम ने हरियाणा में पानीपत के पास खंडरा में अपने गांव से बताया हां, विवाह दो दिन पहले भारत में हुआ। मैं यह नहीं बता सकता कि यह कहां हुआ। उन्होंने कहा लड़की सोनीपत की है और वह अमेरिका में पढ़ाई कर रही है।

# ऋषभ पंत होंगे लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान, संजीव गोयनका ने किया एलान, बोले वो हमारे लिए सफल होंग

भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जाएंट्स का कप्तान बनाया गया है। सोमवार को टीम के मालिक संजीव गोयंका ने इसका एलान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में पंत आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तान बनेंगे। बता दें कि, लखनऊ ने केएल राहुल को रिटेन नहीं किया था जो पिछले संस्करण तक टीम की कप्तानी कर रहे थे। आगामी संस्करण के लिए लखनऊ को कप्तान की तलाश थी जो अब पंत के रूप में पूरी हो गई है।


गोयनका ने कहा बहुत सरल है और यह भविष्य के लिए लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान की घोषणा के बारे में है और वह ऋषभ पंत हैं। हमने उस समय ही इस पर फैसला कर लिया था जब हमने उन्हें नीलामी



में जीता था, लेकिन हम एक साथ इसकी घोषणा करने के लिए समय का इंतजार कर रहे थे। लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम ने पंत को आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। पंत इस तरह आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ी बन गए थे। उन्होंने इस मामले में श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया था जो 26.75 करोड़ रुपये में बिके थे। 2016 के बाद पहली बार पंत दिल्ली के अलावा किसी और टीम से खेलते दिखेंगे। ऋषभ पंत के लिए लखनऊ और आरसीबी के बीच शुरुआत में जंग देखने मिली थी। पंत दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य के साथ नीलामी में उतरे थे और कम ही समय में उनकी कीमत 10 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई थी। इस दौरान हैदराबाद भी दौड़ में शामिल हुई, लेकिन लखनऊ ने भी हार नहीं मानी। नीलामी टेबल पर हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन और लखनऊ के मालिक संजय गोयनका लगातार पंत के लिए बोली लगाते रहे और देखते ही देखते कीमत 17 करोड़ के पार पहुंच गई थी। हैदराबाद और लखनऊ यहां भी नहीं रुके और पंत पर बोली बढ़ती रही। लखनऊ ने पंत के लिए 20.75 करोड़ रुपये की बोली लगाई और हैदराबाद ने हाथ वापस खींच लिए। हालांकि, दिल्ली ने आरटीएम का इस्तेमाल किया। इसके बाद लखनऊ ने पंत के लिए 27 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया और दिल्ली ने अपने हाथ पीछे कर लिए। इस तरह पंत 27 करोड़ रुपये में बिके और लखनऊ ने उन्हें आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी के तौर पर लिया। पंत ने 2016 से दिल्ली का प्रतिनिधित्व किया था और उन्होंने 110 मैचों में 35.31 के औसत से 3284 रन बनाए जिसमें एक शतक और 18 अर्धशतक शामिल हैं। पंत को 2021 में टीम का कप्तान बनाया गया था और उन्होंने उसी सीजन में टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाया। आईपीएल 2025 सीजन के लिए हुई मेगा नीलामी से पहले लखनऊ ने निकोलस पूरन, मयंक यादव, रवि बिश्नोई, मोहसिन खान और आयुष बडोनी को रिटेन किया था।

# कन्नप्पा से अक्षय कुमार का लुक सामने आया, महादेव के अवतार में त्रिशूल लिए दिखे एक्टर

तीन दशकों से हिंदी सिनेमा पर राज कर रहे बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार अब साउथ सिनेमा की ओर रुख कर रहे हैं। वह आगामी फिल्म कन्नप्पा से तेलुगु इंडस्ट्री में डेब्यू कर रहे हैं। सोमवार को फिल्म से अभिनेता का पूरा लुक सामने आया है। गौरतलब है कि कन्नप्पा की घोषणा पिछले साल की गई थी। फिल्म में अभिनेता की एंट्री ने लोगों में काफी उत्साह पैदा कर दिया था। पिछले कुछ समय से उनके इस फिल्म का हिस्सा होने की अफवाहें चल रही थीं, लेकिन आखिरकार अक्षय के फर्स्ट लुक के साथ ही इस खबर की पुष्टि हो गई है।




कन्नप्पा फिल्म से अक्षय कुमार का पूरा लुक सामने आ गया है। वह फिल्म में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में खिलाड़ी कुमार एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे हाथ में डमरू लिए नजर आ रहे हैं। भगवान शिव का यह लुक उन पर काफी सूट कर रहा है। अक्षय कुमार ने शानदार पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, कन्नप्पा के लिए महादेव की पवित्र आभा में कदम रखना। इस महाकाव्य कथा को जीवंत करना सम्मान की बात है। भगवान शिव हमें इस दिव्य यात्रा पर मार्गदर्शन करें। ओम नमः शिवाय। अक्षय कुमार को भगवान शिव की भूमिका में देखने के लिए प्रशंसक काफी उत्साहित दिख रहे हैं। एक यूजर ने कहा, मैं इसके लिए इंतजार नहीं कर सकता। एक ने अभिनेता को बॉलीवुड का बादशाह बताया है। एक यूजर ने लिखा, महादेव की भूमिका में अक्षय सर जितना परफेक्ट कोई और नहीं लग सकता। लोग फायर इमोजी के साथ भी अपना उत्साह व्यक्त कर रहे हैं।

मोहन बाबू द्वारा निर्मित कन्नप्पा में विष्णु मांचू मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। भगवान शिव पर आधारित पौराणिक फिल्म में प्रभास, अक्षय कुमार, मोहनलाल, सरथकुमार, मधु, मोहन बाबू, काजल अग्रवाल और ब्रह्मनंदन जैसे सितारे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कन्नप्पा से पहले अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म स्काई फोर्स 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## सिंगर दर्शन रावल ने बेस्ट फ्रेंड धरल सुरेलिया के संग रचाई शादी, देखें फोटोज

शादियों का सीजन चल रहा है। हाल ही में सिंगर अरमान मलिक ने आशना श्रॉफ से शादी की। खैर, एक और प्रतिभाशाली सिंगर ने शादी की है और वह हैं दर्शन रावल। एक दशक से भी ज्यादा समय से दर्शन ने अपनी मधुर आवाज, प्रतिभा और अच्छे लुक्स से लोगों का दिल जीता है। गौरतलब है कि दर्शन की सबसे ज्यादा फैन संख्या महिलाओं की है। सिंगर ने आखिरकार धरल सुरेलिया से शादी कर ली है। दर्शन रावल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की हैं। ये तस्वीरें मस्ती, प्यार और खुशी से भरी हुई हैं। दर्शन और धरल दोनों बेहद ही सुंदर और शानदार लग रहे हैं। इनकी तस्वीरें देखकर हर कोई मुस्कुरा उठेगा। सिंगर ने तस्वीरों के साथ कैप्शन लिखा, मेरा सबसे अच्छा दोस्त हमेशा के लिए?



दर्शन रावल और धरल सुरेलिया की शादी की तस्वीरों पर प्रशंसकों की भर-भर के बधाईयां दे रहे हैं। फैन्स ने नवविवाहित जोड़े को बधाई दी। एक व्यक्ति ने लिखा, आप दोनों के लिए गुप्त रूप से शुभकामनाएं देने से लेकर खुशी से भरी शादीशुदा जिंदगी की बात करने तक। आप दोनों बहुत सपनों जैसे लग रहे हैं। दूसरे ने टिप्पणी की, आप दोनों को बधाई आपके लिए बहुत खुश हूं। एक और प्रशंसक ने लिखा, तो आखिरकार हम इतने सालों के बाद उसे भाभी कह सकते हैं। एक और टिप्पणी में लिखा है, आप लोगों को आपके जीवन के बाकी हिस्सों के लिए केवल और केवल खुशियों की कामना करता हूं।

# सैफ अली खान पर हमला करने वाला बांग्लादेश का राष्ट्रीय स्तर का कुश्ती चैंपियन था, रिपोर्ट्स का दावा

सैफ अली खान चाकू घोंपने के मामले में एक चौंकाने वाला मोड़ आया, ताजा रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि हमलावर, जिसकी पहचान मोहम्मद शहजाद के रूप में हुई है, बांग्लादेश में रहने के दौरान राष्ट्रीय स्तर का कुश्ती चैंपियन था। हमलावर कथित तौर पर बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में घुसा था और पिछले कुछ महीनों से मुंबई में रह रहा है।



शहजाद 16 जनवरी की सुबह सैफ और करीना कपूर खान के बांद्रा स्थित आलीशान घर में घुस गया और जब रेस अभिनेता ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसने उन पर चाकू से हमला कर दिया, उन्हें चाकू मार दिया और मौके से भाग गया। इस प्रक्रिया में उनके एक घरेलू सहायक को भी चोट लगी है। कथित तौर पर आरोपी अभिनेताओं को लूटने के इरादे से घर में घुसा था। 19 जनवरी, रविवार को ठाणे से गिरफ्तार किए जाने के बाद शहजाद ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि वह बांग्लादेश में जिला स्तर और राष्ट्रीय स्तर का पहलवान है। पुलिस का मानना है कि पहलवान के रूप में उसके इतिहास ने ही उसे सैफ और घर के अन्य लोगों पर काबू पाने में मदद की। हमले के बाद शहजाद कथित तौर पर बांद्रा, दादर, वर्ली, अंधेरी और ठाणे की यात्रा करता रहा और आखिरकार जब पुलिस ने उसे पकड़ा तो उसने ठाणे में एक लेबर कैंप के पास छिपकर रहने का फैसला किया। जांच के दौरान यह भी पता चला कि शहजाद कुछ महीने पहले वर्ली में काम करते समय एक और डकैती में शामिल था। उस पर कथित तौर पर हीरे की अंगूठी चुराने का आरोप लगाया गया था, जिसके बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया था।

इसके बाद उसने ठाणे में द ब्लेयर ऑल डे रेस्टोरेंट में दो महीने काम किया और उसका अनुबंध दिसंबर 2024 में समाप्त हो गया। जबकि शहजाद को रविवार को बांद्रा कोर्ट ने पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया, उसके वकील ने उसका बचाव करते हुए कहा कि मुंबई पुलिस के पास आरोपी के बांग्लादेशी नागरिक होने का कोई सबूत नहीं है। वकील ने कहा, उन्होंने कहा कि वह 6 महीने पहले यहां आया था, लेकिन यह गलत बयान है। वह 7 साल से अधिक समय से यहां रह रहा है। उसका परिवार भी मुंबई में है।

# पेड मीडिया के आरोपों पर बिग बॉस 18 के विजेता करण वीर मेहरा ने दिया जवाब, कहा काश मेरे पास इतने पैसे होते

बिग बॉस 18 के विजेता करण वीर मेहरा, जिन्हें लोगों से काफी प्यार मिलता था, पर वोट और समर्थन खरीदने के लिए पैसे का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया, यहाँ तक कि मीडिया से भी। शो जीतने के बाद, अभिनेता ने इंडिया टुडे डिजिटल से इन आरोपों के बारे में विशेष रूप से बात की और अपने सफर पर वापस नज़र डाली। जब उनसे इस बारे में प्रतिक्रिया मांगी गई कि कैसे उन पर मीडिया को पैसे देने और पीआर के ज़रिए वोट खरीदने का आरोप लगाया गया, तो अभिनेता ने हँसते हुए कहा, काश मेरे पास इतने पैसे होते, तो मुझे यह शो करने की ज़रूरत नहीं पड़ती। कल्पना कीजिए कि मीडिया को खरीदना! लेकिन यह ऐसा है जैसे कोई रेस हारने वाला अक्सर मेरे जूते का फीता खुल जाने जैसे बेकार बहाने बनाता है। लोग तरह-तरह की बातें कहते हैं, यह सब खेल का हिस्सा है।

अभिनेता ने रनर-अप विवियन डीसेना के साथ अपनी 12 साल पुरानी दोस्ती के बारे में भी बात की, जिसके साथ उनका प्यार-नफरत वाला रिश्ता था। अभिनेता ने कहा अच्छा लड़का है। शो के अंत में हम इतने नर्वस थे कि मुझे लगता है कि हमने अपनी दोस्ती वापस पा ली है। लेकिन अब जब मैंने ट्रॉफी जीत ली है, तो मुझे नहीं पता कि वह




कहाँ खड़ा है। उससे पूछो रिलेशनशिप स्टेटस क्या है। इस सीजन को द करण वीर मेहरा शो के नाम से टैग किया गया था और अपनी यात्रा को याद करते हुए, विजेता ने कहा कि वह हमेशा जीतना चाहता था। उन्होंने कहा मैंने हमेशा सर्वश्रेष्ठ, शीर्ष के लिए लक्ष्य बनाया है। यह सब भाग्य के बारे में है कि बाद में चीजें कैसे आकार लेती हैं, लेकिन किसी को सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद करनी चाहिए। इसके अलावा, मैंने कुछ बहुत कठिन समय भी देखे हैं, मुझे अपमानित किया गया है और निर्माताओं से काम मांगा गया है। मैंने अपने दोस्तों को मुझसे ज्यादा सफल होते भी देखा है। लेकिन अब, अगर मेरे प्रशंसक मेरा समर्थन करते रहेंगे, तो मैं वाकई जीवन में बहुत आगे तक जाने की उम्मीद करता हूँ। आखिरी टिप्पणी में, जब उनसे खेल के शुरुआती चरणों के दौरान सक्रिय न होने और टीम द्वारा निर्देशित होने के आरोपों के बारे में पूछा गया, तो करण ने कहा, मुझे पता है कि लोगों ने ऐसा कहा है, लेकिन मुझे वास्तव में नहीं पता कि इस पर कैसे प्रतिक्रिया करनी है। मेरा हास्य और एक-लाइनर तब भी मौजूद थे। साथ ही, मैं शो की शुरुआत में किशोर झगड़ों में शामिल नहीं होना चाहता था, लेकिन मैं कुछ व्यक्तिगत संबंध बना रहा था। मुझे बीच में एहसास हुआ कि मैं उनसे पीछे रह सकता हूँ और इसलिए मैंने पूरी ताकत लगा दी। लेकिन मैं हमेशा पहले दिन से ही खेल का हिस्सा रहा हूँ।

# बीग बॉस 18 में हार के बाद विवियन डीसेना ने अपने फैंस से माफ़ी मांगी, कहा मैंने आपको निराश किया, मुझे खेद है

अभिनेता विवियन डीसेना के प्रशंसक इस बात से दुखी हैं कि वह बिग बॉस 18 की ट्रॉफी जीतने में मामूली अंतर से चूक गए और रविवार को करण वीर मेहरा को विजेता घोषित किया गया। शो के समापन के बाद अपने पहले पोस्ट में विवियन ने अपने प्रशंसकों से उन्हें निराश करने के लिए माफ़ी मांगी और उनके समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। विवियन ने अपने एक्स हैंडल पर एक भावुक नोट लिखा, जिसमें लिखा था, मुझ पर विश्वास करने और निस्वार्थ प्यार और समर्थन देने के लिए मैं तहे दिल से आपका शुक्रिया अदा करता हूँ। मैंने आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश की है और अगर मैंने आपको किसी भी तरह से निराश किया है तो मुझे खेद है।

उन्होंने आगे कहा, मैं आपकी सभी भावनाओं को महसूस कर सकता हूं; भावनाओं का यह उफान देखकर मैं भी भावुक हो गया हूं। आप सभी का साथ पाकर मैं बेहद खुश और गौरवान्वित हूं। मैं वादा करता हूं कि मैं कड़ी मेहनत करूंगा और हर तरह से आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। उन्होंने निष्कर्ष निकाला आप सभी मेरे परिवार और मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। मैंने अपने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है, वह सिर्फ आपकी वजह से है। मैं अपने प्रशंसकों का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। आप सभी को मेरा सलाम। बिग बॉस 18 के घर में 100 से अधिक दिनों तक बंद रहने के बाद, विवियन, करण, अविनाश मिश्रा, रजत दलाल, ईशा सिंह और चुम दरंग शो के शीर्ष 6 फाइनलिस्ट बन गए। रविवार को विजेता की दौड़ से बाहर होने वाली पहली ईशा थीं, उसके बाद चुम, अविनाश और रजत थे। जैसे ही विवियन और करण ने बिग बॉस 18 के घर की लाइटें बंद कीं और होस्ट सलमान खान के साथ मंच पर शामिल हुए, सुपरस्टार ने अपने खास अंदाज में करण वीर मेहरा को विजेता घोषित किया और अभिनेता ने 50 लाख रुपये के चेक के साथ ट्रॉफी अपने घर ले गए। विवियन बिग बॉस 18 में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले प्रतियोगियों में से एक थे, हालांकि, पूरे शो में उन्हें अपनी बात पर अड़े रहने और मजबूत राय रखने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। सलमान ने भी अभिनेता को पूरे सीजन में अपना खेल सुधारने के लिए कई चेतावनियाँ दी थीं। विवियन टेलीविजन पर सबसे लोकप्रिय चेहरों में से एक हैं, जिन्होंने प्यार की ये एक कहानी, मधुबाला-एक इश्क एक जुनून, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की और सिर्फ तुम जैसे शो में काम किया है।



# बीड सरपंच हत्या मामले में मराठा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



**मुंबई।** मराठा महासंघ के जिला अध्यक्ष अरविंद देशमुख ने कहा कि अजित पवार बीड के संरक्षक मंत्री हैं। उन्हें बीड में सरपंच और परभाणी में दलित व्यक्ति के परिवारों को न्याय सुनिश्चित करना चाहिए।

महाराष्ट्र के बीड में सरपंच हत्या मामले में के विरोध में मराठा संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने सोमवार को जालना में उपमुख्यमंत्री अजित पवार को काले झंडे दिखाए। दरअसल, अजित पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की जिला इकाई के एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। मराठा महासंघ के जिला अध्यक्ष अरविंद देशमुख ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। कार्यकर्ताओं ने सरपंच बीड के मसजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या और हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार दलित व्यक्ति सोमनाथ सूर्यवंशी की न्यायिक हिरासत में मौत की निंदा करते हुए नारेबाजी की।

मराठा महासंघ के जिला अध्यक्ष अरविंद देशमुख ने कहा, ÷अजित पवार बीड के संरक्षक मंत्री हैं। उन्हें बीड में सरपंच और परभाणी में दलित व्यक्ति के परिवारों को न्याय सुनिश्चित करना चाहिए।÷ बता दें कि बीड के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का नौ दिसंबर को अपहरण किया गया था। उन्हें यातनी दी गई और बाद में उकी हत्या कर दी गई। उन्होंने (सरपंच) एक पवनचक्की परियोजना का संचालन करने वाली एक ऊर्जा कंपनी पर जबरन वसूली की कोशिश को रोकने का प्रयास किया गया 35 वर्षीय सोमनाथ सूर्यवंशी की 15 दिसंबर को न्यायिक हिरासत में परभाणी के एक सरकारी अस्पताल में मौत हो गई थी। उन्हें संविधान की कांच से बनी प्रतिकृति के अपमान पर परभणी में हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

# यासीन मलिक के मामलों की सुनवाई के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्था की जाए, सुप्रीम कोर्ट का आदेश

**याचिका**

**सीबीआई ने अपनी याचिका में कहा था कि दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद मलिक को सुरक्षा कारणों से जम्मू नहीं ले जाया जा सकता।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू -कश्मीर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से कहा है कि वह यासीन के खिलाफ दो मामलों की सुनवाई कर रही जम्मू की विशेष अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की उचित सुविधा करें। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को भी तिहाड़ जेल में ऐसी व्यवस्था करने के लिए कहा। आइए पढ़ते हैं सुप्रीम कोर्ट की अहम खबरें। जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी यासीन मलिक के खिलाफ चल रहे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू -कश्मीर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से कहा है कि वह यासीन के खिलाफ दो मामलों की सुनवाई कर रही जम्मू की विशेष अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की उचित सुविधा करें। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने रुबिया अपहरण केस और वायु सेना अधिकारी हत्या मामले में चल रही सुनवाई के दौरान आदेश दिया। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को तिहाड़ जेल में भी उचित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पीठ ने दोनों उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रारों को 18 फरवरी को अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। साथ ही सीबीआई की याचिका पर सुनवाई 21 फरवरी को तय की है।

शीर्ष अदालत जम्मू ट्रायल कोर्ट के 20 सितंबर, 2022 के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे मलिक को निर्देश दिया गया था कि उन्हें राजनेता मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रूबिया सईद के अपहरण के मामले में अभियोजन पक्ष के गवाहों से जिरह करने के लिए शारीरिक रूप से पेश किया जाए। इस मामले में सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि तिहाड़ जेल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मामले की सुनवाई करने की सुविधा पहले से उपलब्ध है। मलिक को अदालत ले जाने की जरूरत नहीं है। तिहाड़ जेल में कोर्ट लगता है, इससे पहले भी कई मामले की सुनवाई होती रही है। सीबीआई ने अपनी याचिका में कहा था कि दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद मलिक को सुरक्षा कारणों से जम्मू नहीं ले जाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में ही जम्मू कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। मलिक तिहाड़ जेल में बंद है। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले में आरोपी क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जमानत याचिका पर सुनवाई 18 फरवरी तक के लिए टाल दी। सीबीआई और ईडी 36000 करोड़ रुपये के 12 वीवीआई हेलीकॉप्टर्स की खरीद में उसकी भूमिका की जांच कर रही है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सीबीआई के वकील द्वारा समय मांगने के बाद सुनवाई स्थगित कर दी।

## सेना के डेयरडेविल्स ने रचा कीर्तिमान, 40 जवानों ने मानव पिरामिड बनाकर कर्तव्य पथ पर की परेड



**नई दिल्ली।** डेयरडेविल्स टीम ने इस मानव पिरामिड के साथ कर्तव्य पथ पर विजय चौक से लेकर इंडिया गेट तक, कुल दो किलोमीटर की दूरी तय की। भारतीय सेना की डेयरडेविल्स टीम सिग्नल कॉर्प्स का हिस्सा है। भारतीय सेना की डेयरडेविल्स टीम ने कीर्तिमान रचा है। डेयरडेविल्स, भारतीय सेना की मोटरसाइकिल राइडर टीम है, जो गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर परेड करने वाली है। इस टीम ने 20 जनवरी को कर्तव्य पथ पर एक कारनामा किया, जिसके तहत 40 जवानों ने सात मोटरसाइकिलों पर 20 फीट ऊंचा मानव पिरामिड बनाया। डेयरडेविल्स टीम ने इस मानव पिरामिड के साथ कर्तव्य पथ पर विजय चौक से लेकर इंडिया गेट तक, कुल दो किलोमीटर की दूरी तय की। भारतीय सेना की डेयरडेविल्स टीम सिग्नल कॉर्प्स का हिस्सा है। इस टीम ने पूर्व में भी कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

# बलवंत सिंह रजोआना की दया याचिका पर 18 मार्च तक फैसला ले केंद्र



**नई दिल्ली।** पीठ रजोआना की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें रजोआना की मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने की मांग की गई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि रजोआना की दया याचिका पर फैसला लेने में बहुत देर हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि बलवंत सिंह रजोआना की दया याचिका पर 18 मार्च तक फैसला लें। बलवंत सिंह राजोआना को साल 1995 में पंजाब के तत्कालीन सीएम बेअंत सिंह की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि हम आपको अंतिम मौका दे रहे हैं। या तो आप फैसला करें या फिर हम मेरिट के आधार पर सुनवाई करेंगे।

पीठ में जस्टिस गवई के अलावा जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन भी शामिल हैं। पीठ रजोआना की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें रजोआना की मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने की मांग की गई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि रजोआना की दया याचिका पर फैसला लेने में बहुत देर हुई है।

रजोआना के वकील ने कहा कि वह जेल में 29 साल बिता चुका है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह मामला बेहद संवेदनशील है। तुषार मेहता ने पीठ से छह हफ्ते का समय मांगा। इस पर पीठ ने कहा कि %हम 18 मार्च को मेरिट का आधार पर सुनवाई करेंगे। तब तक अगर आप फैसला लेते हैं तो अच्छा, वरना हम मेरिट के आधार पर इसकी सुनवाई करेंगे।

रजोआना की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल 25 सितंबर को केंद्र सरकार, पंजाब सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन से जवाब मांगा था। 31 अगस्त 1995 को पंजाब के तत्कालीन सीएम बेअंत सिंह और 16 अन्य की एक बम विस्फोट में हत्या कर दी गई थी। यह विस्फोट चंडीगढ़ में नागरिक सचिवालय के गेट पर हुआ था। रजोआना के एक साथी दिलावर सिंह ने मानव बम बनकर खुद को विस्फोट किया था। इस मामले में साल 2007 में विशेष अदालत ने रजोआना को मौत की सजा सुनाई थी।

## मदुरै में किशोर पर हमला और पैरों पर गिराने का आरोप

**चेन्नई।** छह लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(बी), 351(2) और इसके अलावा एससी एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 3(1)(आर) और 3(1)(एस) के तहत मामला दर्ज किया गया है। तमिलनाडु के मदुरै में एक अनुसूचित जाति के किशोर पर हमला करने और उसे अपने सामने झुकने के लिए मजबूर करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 16 जनवरी को एक घटना के संबंध में 19 वर्षीय लड़के द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।

# रक्षा मंत्री ने एनसीसी कैडेट्स में भरा जोश योगदान

**गुणवत्ता**

**राजनाथ सिंह ने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व की गुणवत्ता और अनुशासन को बढ़ावा देती है।**



**नई दिल्ली।** दिल्ली छावनी में गणतंत्र दिवस को लेकर चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के शिविर के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुझे एनसीसी कैडेटों में भारत की छवि नजर आती है। कैडेटों की ऊर्जा और उत्साह दर्शाता है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को एनसीसी कैडेट्स में जोश भरा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एनसीसी कैडेट रहे हैं। पीएम मोदी ने विकसित भारत बनाने लक्ष्य तय किया है। कैडेट्स को उनके लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करना चाहिए। रक्षा मंत्री ने एनसीसी कैडेट्स से भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने के लिए कहा। दिल्ली छावनी में गणतंत्र दिवस को लेकर चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के शिविर के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैडेटों और अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे एनसीसी कैडेटों में भारत की छवि नजर आती है। एनसीसी कैडेट के अनुशासन और एकता की रक्षा मंत्री ने सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत में शरीर अनेक हैं, पर आत्मा एक है। शाखाएं अनेक हैं मगर जड़ एक है। किरणें अनेक हैं, मगर प्रकाश एक है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि राजनीति में आने से पहले वह स्वयं एक छात्र, एनसीसी के कैडेट और भौतिकी के शिक्षक थे। कैडेटों की ऊर्जा और उत्साह दर्शाता है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है और होगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व की गुणवत्ता और अनुशासन को बढ़ावा देती है। दिल्ली छावनी में 30 दिसंबर से चले गणतंत्र दिवस शिविर में देश भर से कुल 2,361 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। यह शिविर 27 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ समाप्त होगा। इस वार्षिक कार्यक्रम में 917 बालिका कैडेट भी भाग ले रही हैं। इस साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर प्रबोवो 25 और 26 जनवरी को भारत में रहेंगे। पहले खबर थी कि प्रबोवो भारत के बाद पाकिस्तान के दौरे पर जाने वाले हैं। हालांकि अब इंडोनेशियाई राष्ट्रपति पाकिस्तान नहीं जाकर मलेशिया की यात्रा करने वाले हैं।

## बॉयफ्रेंड की हत्या के आरोप में गर्लफ्रेंड को मौत की सजा

**तिरुवनंतपुरम।** ग्रीष्मा को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) समेत अन्य धाराओं के तहत और उसके चाचा को आईपीसी की धारा 201 के तहत दोषी ठहराया गया है। मृतक की पहचान शेरोन राज के तौर पर की गई है। केरल की एक अदालत ने 2022 में अपने बॉयफ्रेंड की हत्या के आरोप में मुख्य आरोपी (गर्लफ्रेंड) को मौत की सजा सुनाई। आरोपी की पहचान ग्रीष्मा के तौर पर की गई है। नेय्याट्टिनकारा अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय ने इस मामले के तीसरे आरोपी निर्मलकुमारन नायर (लड़की के चाचा) को तीन साल की सजा सुनाई। उसे सबूतों को नष्ट करने का दोषी पाया गया था। इस मामले की दूसरी आरोपी ग्रीष्मा की मां को सबूतों की कमी के आधार पर बरी कर दिया गया है। मुख्य आरोपी ग्रीष्मा ने शैक्षणिक उपलब्धियों, आपराधिक इतिहास न होने के कारण सजा में नरमी की मांग की थी। अपने 586 पन्नों के फैसले में अदालत ने कहा कि अपराध की गंभीरता से ज्यादा दोषी की उम्र पर विचार करने की जरूरत नहीं है। ग्रीष्मा को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) समेत अन्य धाराओं के तहत और उसके चाचा को आईपीसी की धारा 201 के तहत दोषी ठहराया गया है। मृतक की पहचान शेरोन राज के तौर पर की गई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पीड़ित को उसकी गर्लफ्रेंड ग्रीष्मा ने 14 अक्तूबर 2022 को तमिलनाडु के कन्याकुमारी के रामवर्मनचिराई स्थित उसके घर में जड़ी-बूटी नाशक आयुर्वेदिक टॉनिक के साथ जहर दे दिया।

# अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मदद घटने से 5.56 लाख कम हो गए लाभार्थी



**वाशिंगटन।** अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद गरीबी और भूखमरी अपने चरम पर है। इसी बीच एनआरसी प्रमुख जान एगलैंड ने अफगानिस्तान में एजेंसियों के द्वारा वित्तीय कटौती पर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान को मिलने वाली वित्तीय सहायता में कटौती अफगानी महिलाओं के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकती है।

अफगानिस्तान को इन दिनों आर्थिक संकट जैसे कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच रविवार को नॉर्वेजियन रिफ्यूजी काउंसिल के प्रमुख जान एगलैंड ने अफगानिस्तान में एजेंसियों के द्वारा वित्तीय कटौती पर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान को मिलने वाली वित्तीय सहायता में कटौती अफगानी महिलाओं के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और लड़कियों को मदद देने वाली गैर-सरकारी संस्थाओं और मानवीय सहायता की घटती वित्तीय सहायता से यह स्थिति और बिगड़ रही है।बता दें कि एनआरसी ने 2022 में लगभग 7.7 लाख अफगानों की मदद की, लेकिन 2023 में यह संख्या घटकर करीब 4.9 लाख रह गई। साथ ही साल 2024 की बात करें तो एजेंसी ने केवल 2,16 लाख लोगों की मदद की, इस लाभार्थियों में से आधी महिलाए हैं। इसको लेकर एगलैंड ने कहा कि पिछले दो वर्षों में कई सहायता एजेंसियों ने अपने कार्यक्रमों और कर्मचारियों में कटौती की है। उनका कहना है कि महिलाओं की मदद के लिए सबसे बड़ा खतरा फंडिंग में कटौती और शिक्षा की कमी है।

2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान में बहुत से लोग गरीबी और भूखमरी का सामना कर रहे हैं, क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय सहायता अचानक बंद हो गई थी। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से, अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय मदद और बैंक ट्रांसफर पर रोक लगी हुई है, जिससे वहां की अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान हुआ है।

साथ ही मामले में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने अफगानिस्तान के संकट के बीच वहां की मदद जारी रखने की अपील की है। जहां एनआरसी जैसी संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, और टीकाकरण जैसे कार्यक्रमों के जरिए लोगों तक मदद पहुंचा रहे हैं, लेकिन महिलाओं को तालिबान द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर एगलैंड ने अंतिम में कहा कि अफगान महिलाएं और लड़कियां यह नहीं भूल पाईं कि जब तालिबान सत्ता में आया था, तब विश्व नेताओं ने उनकी प्राथमिकता शिक्षा और मानवाधिकारों को बताया था। अब स्थिति यह है कि अफगानिस्तान में महिलाएं और एकल माताएं आजीविका कार्यक्रमों की कमी के कारण और भी कठिनाइयों का सामना कर रही हैं।

# राष्ट्रपति बनते ही सबसे पहले कौन-से बड़े फैसले लेंगे ट्रंप?

**मंजूरी**

**कार्यकारी आदेश को लागू करने के लिए संसद की मंजूरी की जरूरत नहीं होती।**



**वॉशिंगटन** कार्यकारी आदेश, राष्ट्रपति द्वारा जारी आदेश होता है, जिसकी कानून के बराबर ताकत होती है। कार्यकारी आदेश को लागू करने के लिए संसद की मंजूरी की जरूरत नहीं होती। हालांकि अदालत में इन्हें चुनौती दी जा सकती है। अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद डोनाल्ड ट्रम्प कड़े फैसले लेने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप पहले ही दिन करीब 100 कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे। जिन कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, उनमें आव्रजन, सीमा सुरक्षा, ऊर्जा और शासन से संबंधित आदेश शामिल हो सकते हैं। ट्रंप के एक करीबी नेता ने यह दावा किया है। उल्लेखनीय है कि कार्यकारी आदेश, राष्ट्रपति द्वारा जारी आदेश होता है, जिसकी कानून के बराबर ताकत होती है। कार्यकारी आदेश को लागू करने के लिए संसद की मंजूरी की जरूरत नहीं होती। हालांकि अदालत में इन्हें चुनौती दी जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम अपने एजेंडे को लागू करने में काफी तत्पर है और उसी के तहत आव्रजन, ऊर्जा और सरकारी भर्ती नीतियों में बड़े बदलाव करने वाले आदेश जारी करने की तैयारी है। ट्रम्प सरकार में व्हाइट हाउस डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ़ पद की जिम्मेदारी संभालने जा रहे स्टीफ़न मिलर ने बताया कि कार्यकारी आदेशों के तहत दक्षिणी सीमा पर आपातकाल घोषित करने, सीमाओं पर सैन्य तैनाती , तस्करों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया जाएगा। साथ ही मेक्सिको में बने रहो नीति को बहाल करना, पकड़ो और छोड़ो नीति को समाप्त करना और ऊर्जा से संबंधित आपातकाल घोषित करना शामिल होगा। इनके अलावा आर्कटिक ड्रिलिंग को खोलना, पाइपलाइन लाइसेंसिंग/निर्माण में तेजी लाना, सरकारी कर्मचारियों को हटाने के लिए सुधार आदि भी शामिल हैं। मिलर ने कहा, वह (ट्रंप) हमेशा हम सभी के लिए लड़ते रहे हैं। इसका मतलब है कि हमारे लोगों को शिकार बनाने वाले आपराधिक गिरोहों और विदेशी गिरोहों का खात्मा होगा। इसका मतलब है कि हर अमेरिकी नागरिक को न्याय मिलेगा, जिसने किसी अवैध विदेशी के कारण अपने प्रियजन को खो दिया है। ट्रंप कार्यकारी आदेश के तहत निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन के कुछ फैसलों को भी पलट देंगे, जिनमें जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौता, जीवाश्म ईंधन उत्पादन पर प्रतिबंध हटाना और घरेलू तेल ड्रिलिंग का विस्तार करना प्रमुख हैं।

## ट्रंप के शपथ लेने से पहले ऑस्ट्रेलिया-जापान के विदेश मंत्रियों से मिले जयशंकर

**वॉशिंगटन।** विदेश मंत्री जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा कि वॉशिंगटन डीसी में क्वाड के सहयोगी विदेश मंत्री सीनेटर वोंग से मिलकर प्रसन्नता हुई। इसके बाद उन्होंने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मुलाकात की। अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वॉशिंगटन डीसी में रविवार को ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय और क्वाड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। जापानी विदेश मंत्री के साथ बैठक के बाद उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मिलकर अच्छा लगा। हमारे द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की।

# चीनी अधिकारियों ने 35 लोगों को कार से कुचलने के आरोपी को दी फांसी

**वाहन**

**पिछले साल जुलाई में मध्य चीन के हुनान प्रांत की राजधानी चांग्शा में एक वाहन ने पैदल चलने वाले लोगों को कुचल दिया।**



**बीजिंग।** पिछले साल जुलाई में मध्य चीन के हुनान प्रांत की राजधानी चांग्शा में एक वाहन ने पैदल चलने वाले लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच घायल भी हुए।

चीनी अधिकारियों ने 62 वर्षीय व्यक्ति को फांसी दे दी। पिछले साल एक स्टेडियम के बाहर व्यायाम कर रहे लोगों पर व्यक्ति ने अपनी कार चढ़ा दी थी, जिसमें 35 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 40 लोग घायल हुए थे। आरोपी फैन वेइकेउ तलाक के बाद संपत्ति बंटवारे से खुश नहीं था। कोर्ट द्वारा मौत की सजा सुनाने के एक महीने से भी कम समय में उसे फांसी दे दी गई। चीनी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में बताया गया कि झुहाई इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट ने कानून के अनुसार खतरनाक तरीकों से सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने के अपराध के लिए फैन पर सार्वजनिक मुकदमा चलाया। अदालत ने उसके मकसद को घृणित और उसके तरीके को क्रूर बताया। चीन में पिछले कुछ समय से सार्वजनिक हिंसा की घटनाओं में वृद्धि हुई है। सुरक्षा अधिकारी इन घटनाओं के लिए असंतुष्ट तत्वों को दोषी ठहराते हैं।

पिछले साल जुलाई में मध्य चीन के हुनान प्रांत की राजधानी चांग्शा में एक वाहन ने पैदल चलने वाले लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच घायल भी हुए।

इससे पहले पिछले साल सितंबर में चीन के पूर्वी प्रांत में एक बस ने छात्रों के एक समूह को कुचल दिया। हादसे में 11 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 13 घायल हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, छात्र और अभिभावक सुबह 7 बजे के बाद ताइआन शहर के एक स्कूल के गेट पर इंतजार कर रहे थे, तभी बस ने उन्हें कुचल दिया।

# आव्रजन के खिलाफ अभियान पर पुनर्विचार कर रहे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट (आईसीई) के पूर्व कार्यवाहक निदेशक होमन ने कहा कि नए प्रशासन ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई फैसला नहीं लिया है। उन्होंने कहा, हम इस लीक पर गौर कर रहे हैं और उसके अनुसार फैसला लेंगे। अमेरिका में अवैध आव्रजन के खिलाफ अभियान चलाने संबंधी सूचना लीक होने के बाद नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप योजना पर पुनर्विचार कर रहे हैं। मीडिया में यह सूचना आई थी कि ट्रंप के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के तत्काल बाद सोमवार को आव्रजन के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाया जाएगा, जिसकी शुरुआत शिकागो से हो सकती है। न्यूयॉर्क का मियामी भी आव्रजन अभियान की सूची में शामिल था। ट्रंप के बॉर्डर जार टॉम होमन ने शनिवार को वाशिंगटन पोस्ट को बताया कि ट्रंप का आने वाला प्रशासन अगले हफ्ते शिकागो में आव्रजन छापे की योजना पर पुनर्विचार कर रहा है। इसकी वजह विवरण का लीक होना है। अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट (आईसीई) के पूर्व कार्यवाहक निदेशक होमन ने कहा कि नए प्रशासन ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई फैसला नहीं लिया है। उन्होंने कहा, हम इस लीक पर गौर कर रहे हैं और उसके अनुसार फैसला लेंगे। आईसीई ने इस पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि गत दिनों मीडिया में यह खबर आई थी कि ट्रंप शपथ के साथ ही देशभर में अवैध आव्रजन के खिलाफ अभियान चलाएंगे। इसके लिए एजेंसियां तैयारी कर चुकी हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल ने सूत्रों के हवाले से बताया था कि अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग ने अभियान को अंजाम देने के लिए 100-200 अधिकारियों को लगाया है। हफ्ते भर चलने वाले इस अभियान के बाद अवैध आव्रजन के आरोपियों को उनके देश वापस भेज दिया जाएगा।

# कोलंबिया में शांति वार्ता पर बातचीत नाकाम होने से भड़की हिंसा, 80 से ज्यादा लोगों की मौत

**कोलंबिया।** हिंसा कोलंबिया के कैटाटुम्बो क्षेत्र में हो रही है। हिंसा को देखते हुए कोलंबिया सरकार ने इस क्षेत्र में पांच हजार सुरक्षाबलों को तैनात किया है।

कोलंबिया में बागी गुट के साथ शांति वार्ता नाकाम होने के बाद हिंसा का दौर जारी है। इस हिंसा में अब तक 80 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और दो दर्जन के करीब लोग घायल हुए हैं। हिंसा के चलते हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हिंसा कोलंबिया के कैटाटुम्बो क्षेत्र में हो रही है। हिंसा को देखते हुए कोलंबिया सरकार ने इस क्षेत्र में पांच हजार सुरक्षाबलों को तैनात किया है। कैटाटुम्बो क्षेत्र कोकीन बनाने और तस्करी के लिए बदनाम है। इस इलाके में प्रभाव रखने वाले दो सशस्त्र संगठन नेशनल लिबरेशन आर्मी और कोलंबिया मार्क्सीसिस्ट



रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस (स्व्रत्रष्ट) गुट के बीच यह हिंसा हो रही है। इन दोनों गुटों के बीच शांति की कोशिश की जा रही थी, लेकिन उसके नाकाम होने के बाद हिंसा भड़क गई। इस हिंसा की चपेट में कई आम नागरिक भी आ गए हैं। हिंसा के चलते स्थानीय लोग पलायन कर गए हैं और कई पड़ोसी राज्यों में रह रहे हैं तो कुछ लोग कोलंबिया की सीमा पार कर वेनेजुएला पहुंच गए हैं। कैटाटुम्बो क्षेत्र की सीमाएं वेनेजुएला से लगती हैं। शरणार्थियों के लिए नजदीकी शहरों में आश्रय स्थल बनाए गए हैं। रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस एक समय कोलंबिया के सबसे बड़े गुरिल्ला संगठनों में से एक था। साल 2016 में एफएआरसी, ईएलएन और ड्रग तस्करों के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते को लेकर कुछ विवाद होने के चलते हिंसा भड़की। दरअसल यह पूरा विवाद नशे के कारोबार पर प्रभुत्व से जुड़ा हुआ है। हालांकि इस हिंसा की कीमत आम लोगों को चुकानी पड़ रही है।

# राज्य सूचना आयुक्त ने दलित बस्ती में जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र प्रताप सिंह रविवार को जनपद जौनपुर के मड़ियाहूं तहसील स्थित अटरिया गांव के निवासी संजय सिंह के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पहुचें। इसके उपरांत ग्राम मीरपुर बेलवा बाजार, शीतलगंज स्थित अनूप सिंह गोलू के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। राज्य सूचना आयुक्त के द्वारा दलित बस्ती में जाकर गरीब, आसहाय एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सीता गौतम, शोभाई रिकाई, अनीता गीता, सुनीता गोलका, गयादीन नीमरा, मंजू, सरिता, सुमन, देवकी, सविता, अच्छेलाल, हरि, मुकुंद, प्रेमचंद, छोटेलाल को कम्बल वितरण किया गया। दलित बस्ती में रहने वाली सीता के बने हाथों का खाना खाकर राज्य सूचना आयुक्त भावुक हो उठे। राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र प्रताप सिंह ने इस दौरान समाज के कमजोर वर्ग की मदद के लिए लगातार प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय जाति धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज की संयुक्त जिम्मेदारी है कि हम हर व्यक्ति को सम्मान का दर्जा दे और अवसर प्रदान करें, ताकि वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें।

इसके उपरान्त भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगत नारायण दुबे के यहां आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य भारत यदुवंशी, सोनू सिंह, चंदन सिंह गोलू, आसिफ, पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ. शैलेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनीश, अमित सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र प्रताप सिंह जौनपुर स्थित डाक बंगले में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि आरटीआई भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का सशक्त माध्यम है। यदि कोई अधिकारी मांगी गई सूचनाओं को टाल मटोल करता है या समुचित सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराता है तो निश्चित तौर पर कहीं न कहीं कोई गड़बड़ी होती है। ऐसे में राज्य सूचना आयोग में अपील करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया गया जागरूक




अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** परिवहन आयुक्त के पत्र द्वारा प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में घायलों/मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने एवं आम जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। उक्त के अन्तर्गत 20 जनवरी 2025 को सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) वाराणसी मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें हौज टोल प्लाजा पर बिना रेफ्लेक्टर लगे वाहनों पर रेफ्लेक्टर लगाया गया एवं सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उक्त अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सत्येन्द्र कुमार सिंह, यात्रीकर /मालकर अधिकारी प्रमोद कुमार, यातायात निरीक्षक सुशील मिश्रा, हौज टोल के मैनेजर बालकृष्ण दुबे, गयात्री प्रोजेक्ट से मनीष, रोड सेफ्टी मैनेजर पवन सिंह, एवं यातायात पुलिस व प्रवर्तन कार्मिक मौजूद रहे।

## प्रेमी युगल ने मंदिर में रचाई शादी

**जौनपुर(खुटहन)** स्वजनों के विरोध के चलते दो दिनों पूर्व घर से भागे प्रेमी युगल को पुलिस ने पकड़ थाने लाया तो दोनों शादी करने की जिद पर अड़ गए। उनके आगे दोनों पक्षों को विवश होकर सहमति प्रदान करना ही पड़ा। कई मानिंद जनों की मौजूदगी में थाना परिसर स्थित मंदिर में एक दूजे को जयमाल पहनाकर दोनों सात जन्मों तक साथ निभाने की कसमें खाई। थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव निवासी सजातीय युवक और युवती का महीनों से आपस में प्रेम संबंध चल रहा था। युवती के अभिभावक को इसकी जानकारी हुई तो युवती पर पाबंदियां लगाई जाने लगी। गत शनिवार को दोनों घर से फरार हो गए। घटना की सूचना युवती के पिता द्वारा थाने पर दी गई। सोमवार को पुलिस ने युवक के एक रिस्तेदार के घर से दोनों को बरामद कर लिया। थाने लाकर दोनों के स्वजनों को बुलाया गया तो युवती युवक संग शादी करने को अड़ गई। गांवो के कई लोग थाने पर पहुंच समझाने बुझाने लगे। प्रेमी युगल के जिद के आगे किसी की न चली। प्रेमी ने मंदिर प्रांगण में प्रेमिका की मांग भर दोनों एक दूसरे के गले में जयमाल पहना कर जन्म जन्मांतर के लिए एक दूजे के हो गए।

# नोबेल लॉरियेट अर्थशास्त्रियों पर छात्राओं द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान मे अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेता पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभाग की कुल 17 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने ऑथर लुइस, अमर्त्य सेन, सोलो, रेगुनर फ्रिश, रॉबर्ट मुंडेल ,फ्रेडरिक हेयक, जेम्स ए रॉबिंसन, मिल्टन फ्रीडमैन, सर रिचर्ड स्टोंस, अभिजीत बैनर्जी , रॉबर्ट लुकास, साइमन कुज़्नेट्स, विलियम नॉर्डहॉस, डूफ्लो, साइमन जॉनसन, जॉन हिक्स, जॉन रिचर्ड निकोलस आदि पर अपने पीटी प्रदर्शित किये।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकांक्षा यादव, द्वितीय स्थान शिवांकी पटेल और तृतीय स्थान सान्या सिंह को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर आशिमा घोष ने की। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने उनके व्यक्तित्व के निर्माण में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के महत्व का उल्लेख किया। इस प्रकार के कार्यक्रम ज्ञानवर्धन के साथ-साथ पाठ्यक्रम को रुचिकर बनाते हैं। कार्यक्रम का संचालन अरशद विभाग के समन्वय का प्रोफेसर शिखा दीक्षित ने किया। निर्णायक की भूमिका प्रोफेसर मेजर अर्चना पॉल और डॉक्टर रीना यादव ने अदा की। कार्यक्रम में विभाग की अतिथि प्रवक्ता प्रीति राय, शोध छात्र-छात्राएं आशीष सिंह, राहुल विश्वकर्मा, अंजलि मिश्रा और अनामिका सिंह के साथ-साथ छात्राएं उपस्थित थी। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर शिखा दीक्षित द्वारा दिया गया।

# खड़ंजा पर दीवाल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (सुजानगंज)** स्थानीय विकास खंड के ग्राम सभा पढ़ुआ में तारापट्टी के बार्डर से प्रदीप शुक्ला के घर तक 20 वर्षो से विधायक निधि से खड़ंजा निर्मित है।इस रास्ते से कई घरों के लोग आते जाते है।उस रास्ते पर दबंगों द्वारा खड़ंजा पर दीवाल निर्माण कर रहे हैं।जिसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। गांव निवासी रविशंकर ने बताया बताया कि इस रास्ते पर 50 वर्षो से अधिक लोगों का आना जानें का रास्ता है। जिस पर 20 वर्ष पुर्व विधायक निधि से खड़ंजा निर्मित है।उसी खड़ंजा पर पुनः प्रमुख निधि से खड़ंजा निर्माण हों रहा था। कुछ दुर तक होने पर अशोक शुक्ला द्वारा निर्माण कार्य को रोककर दीवाल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिसकी शिकायत प्रशाशन की गई लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है । विरोध प्रदर्शन में धीरज शुक्ला, प्रदीप, सतीश, सक्षम व महिला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के याद में गरीबों को बांटे कंबल

**सरायमीर,आजमगढ़।** कस्बे के मेन चौक क्षेत्र के रहने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इस्माइल पहलवान की याद मे गरीबों में एक हजार कम्बल का वितरण का कर्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम निजामाबाद डाक्टर अतुल कुमार गुप्ता के हाथों से गरीबों को कम्बल देकर शुभारम्भ.किया गया। स्वतंत्रता सेनानी इस्माईल पहलवान के परिवार के मो0आजम एडोकेट अलीग0 सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी तरह का कार्यक्रम अगली साल भी सम्पन्न हुआ था। सभी वकताओं ने देश की आजादी में वीर जवानों व उनकी कुरबानियों को याद किया गया। कम्बल पाने वालो में गरीब महिल,पुरूष,सभी समुदाय के लोग थे।कड़ाके की ठण्ड में कम्बल पाकर लोग काफी खुश दिखे। एसडीएम निजामाबाद को माला पहनाकर व शाल भेंटकर सम्मानित करने वालो में सम्भ्रांत लोगो व ऐडैकेट सहित मो0 आजम ऐडोकेट अलीग0आदि लोगो द्वारा सम्मानित किया।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रबंधक महासंघ ने कुलपति को किया सम्मानित

**परीक्षा संचालन व मूल्यांकन में सहयोग का दिया आश्वासन**



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रबंधक महासंघ ने कुलपति प्रो. वंदना सिंह और उप कुलसचिव (परीक्षा) अजीत प्रताप सिंह को आगामी परीक्षा संचालन और मूल्यांकन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महासंघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन को हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कुलपति को मुकुट और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। महासंघ के अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार तिवारी और संरक्षक अशोक दुबे की अगुवाई में हुए इस आयोजन में महासंघ के कई प्रबंधकों ने हिस्सा लिया। प्रमुख रूप से डॉ. ज्ञान प्रकाश पाठक, प्राचार्य शरद सिंह (लीलावती अध्याय प्रसाद महाविद्यालय, बराई थानागद्दी), अखिल प्रताप सिंह (मालती देवी महाविद्यालय), मुन्ना यादव (श्री अभिमन्यु महाविद्यालय), नीरज मिश्रा (भोलानाथ महाविद्यालय), विनोद तिवारी, विद्याधर तिवारी महाविद्यालय, राजकुमार मौर्य और डॉक्टर रिंकू मौर्य सहित कई प्रबंधक उपस्थित रहे। इस अवसर पर महासंघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता लाने के लिए समन्वय और सहयोग की आवश्यकता है। साथ ही, उन्होंने नए वर्ष के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं और विश्वविद्यालय के सतत विकास में योगदान देने का संकल्प लिया।इस कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय के शिक्षाविदों और प्रबंधकों के बीच सकारात्मक ऊर्जा और आपसी सहयोग का माहौल देखने को मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### रोटरी मिडटाउन और रोटरी रॉयल्स ने किया काइट फ्लाइंग इवेंट का आयोजन



**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन और रोटरी रॉयल्स ने रोटेरियन अनिता गोयल के आवास पर एक शानदार काइट फ्लाइंग इवेंट का आयोजन किया। इस अवसर पर काइट्स का प्रायोजन रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन पारितोष बजाज द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में रोटरी के सदस्य और उनके परिवारजनों ने पतंग उड़ाने का आनंद लिया। सभी ने मिलकर इस पारंपरिक खेल का आनंद लिया और यह इवेंट रोटरी परिवार के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन अवसर बना। क्लब अध्यक्षा राधा सक्सेना एवं रॉयल्स की अध्यक्षा शर्मीली जैन ने ने इस इवेंट को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में इस प्रकार के और कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई। इस अवसर पर सतपाल गुलाटी, नीरज चुग, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, अमृता अग्रवाल, विनय गोयल, सौरभ अग्रवाल, हरप्रीत सिंह भाटिया, सौरभ पुरी, राजीव चड्ढा आदि उपस्थित रहे।

### सर्वसम्मति से उद्योग व्यापार मंडल के अनोज कुमार गुप्ता बने अध्यक्ष



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक आवश्यक बैठक कप्तानगंज स्थित एक विद्यालय के प्रांगण में आहूत की गई। बैठक अध्यक्षता प्रेमचंद गुप्ता व संचालन अखिलेश गुप्ता ने किया। बैठक में पहुंचे मुख्य अतिथि विनोद अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि संत प्रसाद अग्रवाल और महामंत्री दुर्गा प्रसाद गुप्त की उपस्थिति में व्यापारी हित में संगठन की निर्वाचन प्रक्रिया में सर्वसम्मति अनोज कुमार गुप्ता को कप्तानगंज इकाई का अध्यक्ष घोषित करते ही संगठन द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया है। इस दौरान सुरेश शर्मा, अमन अग्रवाल, अवधेश गुप्ता, राजेश सोनकर, अखिलेश गुप्ता, चित्रसेन प्रजापति, हिमांचल प्रसाद गुप्त, सोहन प्रसाद गुप्त, राजेंद प्रसाद गुप्ता, अब्दुल्ला आजमी, उमेश गुप्ता, रिजवान, दयाराम गुप्त, मनोज जायसवाल सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने मुविवि के कुम्भ अध्ययन कोर्स की सराहना की

**कुलपति ने भेंट की पाठ्य सामग्री**



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने महाकुंभ के महत्व और भव्यता से जनमानस को जागरूक करने के लिए कुम्भ अध्ययन पर 6 माह का प्रमाण पत्र कार्यक्रम तैयार किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने आज महाकुंभ नगर में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल को कुम्भ अध्ययन से संबंधित नए प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ करने के बारे में बताया और इससे सम्बन्धित पाठ्य सामग्री भेंट की। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया। ज्ञातव्य हो कि राज्यपाल पटेल ने मुक्त विश्वविद्यालय को निर्देशित किया था कि महाकुम्भ जैसे पुनीत अवसर पर वह अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए अधिक से अधिक लोगों को महाकुंभ के बारे में जानकारी प्रदान करे। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि राज्यपाल पटेल के मार्गदर्शन में इस कोर्स का निर्माण विद्वान लेखक मंडल द्वारा मात्र डेढ़ महीने में किया गया और पाठ्य सामग्री तैयार होते ही जनवरी 2025 में यह कार्यक्रम लॉन्च कर दिया गया। जिसका लाभ महाकुंभ क्षेत्र में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को मिलेगा। विश्वविद्यालय ने इससे संबंधित पाठ्य सामग्री ऑनलाइन कर दी है। इस छह महीने के सर्टिफिकेट कोर्स का लाभ देश भर में लोग उठा सकते हैं। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि इससे पहले उत्तर प्रदेश के इस एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय ने 2019 में कुंभ पर जागरूकता पाठ्यक्रम शुरू किया था। इसमें कुम्भ की विशेषताओं के साथ-साथ योग के विषय को भी शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि इस कोर्स की लांचिंग के बाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विजिट करने वालों की संख्या हजारों में पहुंच गई है। कुम्भ अध्ययन प्रमाण पत्र में प्रवेश लेने वालों की रुचि को देखते हुए कुलपति ने आईसीटी सेल को वेबसाइट की क्षमता बढ़ाने का निर्देश दिया है।

# राम की बात मानने में झिझक क्यों: राम नाथ कोविंद

**पूर्व राष्ट्रपति ने सुनी मोरारी बापू की कथा, चिदानंद सरस्वती बोले- हम न बंटेंगे, न डरेंगे, न लड़ाएंगे**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा है कि हम श्रीराम को मानते हैं तो उनकी बातों को मानने में झिझक क्यों होती है। महाकुंभ में मोरारी बापू की कथा में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पत्नी और बेटी के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर स्वामी चिदानंद ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम न बंटेंगे, न बाटेंगे, न डरेंगे, न डराएंगे, न कटेंगे, न लड़ेंगे, न लड़ाएंगे। रामनाथ कोविंद ने संतों और श्रद्धालुओं से कहा कि मैंने देखा है कि हम श्रीराम को मानते हैं। उनके चरित्र को मानते हैं। उनके चरित्र को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करते हैं। लेकिन राम की नहीं मानते हैं। जहां राम की बात मानने की आती है, वहां हम थोड़े से झिझकने क्यों लगते हैं। यह एक चुनौती है। राम की बातों को मानने और उनके बताए रास्तों पर कैसे चलें, इसके लिए हमें धीरे-धीरे प्रयास करना होगा। ताकि प्रभु श्रीराम का चरित्र हम सब के जीवन में आए। श्रद्धालुओं और संतों से कोविंद ने कहा कि आप सब मेरा परिवार हैं। मेरे मन में एक ही बात है कि बापू की श्रीराम कथा श्रृंखला की 950वीं कथा है। यह एक सुखद संयोग है और हम एक हजार श्रीराम कथाओं तक पहुंचने की ओर बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर मोरारी बापू ने रामनाथ कोविंद के साथ अपनी पुरानी स्मृतियों का स्मरण करते हुए कहा कि आज भी मुझे याद है, जब आप गुरुकुल आए थे। सभी व्यवस्थाएं एक ओर थीं, पर आपकी आस्था एक ओर थी। आपने हमारे पूरे गांव को कहा था कि यदि कभी दिल्ली आओ तो कहीं और मत रुकना, राष्ट्रपति भवन में रुकना। इस प्रकार आपने राष्ट्रपति भवन को राष्ट्र भवन के रूप में सभी को दर्शन कराए।

## छापेमारी के नाम पर व्यापारियों के शोषण के खिलाफ डीएम को सौंपा ज्ञापन

**आजमगढ़।** नार्कोटिक्स दवा के नाम पर छापेमारी कर व्यापारियों के शोषण के खिलाफकेमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले दवा व्यापारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। संगठन अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने बताया कि नोर्कोटिक्स दवाओं की बिक्री को लेकर स्थानीय औषधि निरीक्षक द्वारा पुलिस बल एवं प्रशासन के साथ छापेमारी कर दवा व्यापारियों को नाजायज रूप से डरवाया धमकाया जा रहा है। जबकि दवा व्यापारी सामान्य रूप से अपना कार्य करते हुए दवाओं का पूरा लेखा जोखा रखते है।

# बिजली कर्मचारियों का आन्दोलन जनता की परिसम्पत्तियों को बचाने का है: सैयद मुनौव्वर

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बिजली के निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मचारियों का आन्दोलन अब जन आन्दोलन का रूप ले रहा है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आव्हान पर विद्युत क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ प्रदेश व्यापी आन्दोलन के तहत सोमवार को भी जनपद-आजमगढ़ के विद्युत कर्मचारियों, सिधारी, आजमगढ़ में विरोध सभा कर चेतावनी दी है कि निजीकीरण प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु पावर कारपोरेशन प्रबन्धन कन्सल्टेन्ट की नियुक्ति की प्रक्रिया तत्काल रद्द करें। अन्यथा आन्दोलन लोकतान्त्रिक तरीके से जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक प्रभु नारायण पाण्डेय श्प्रेमीश् ने कहा कि काली पट्टी बाँध कर विरोध सभा लगातार चलती रहेगी तथा 23 जनवरी को लखनऊ में कन्सल्टेन्ट नियुक्त करने हेतु प्रबिडिंग कन्सल्टेन्ट नियुक्त करने हेतु प्री बिडिंग कान्फ्रेन्स हो रही है। इसका तीव्र प्रतिकार किया जायेगा। सभा को सम्बोधित करते हुए बिजली मजदूर नेता सैयद मुनौव्वर अली ने कहा कि बिजली कर्मचारियों का यह आन्दोलन अरबों रूपयों की जनता की परिसम्पत्तियों को बचाने निजीकरण के बाद, जनता के निजी क्षेत्र के बेतहाशा टैरिफ बिजली के रेट बढ़ा कर बिजली से जनता को लूटने से बचाने के लिए जन आन्दोलन है तथा निजी घरानों की लूट को रोकने के लिए, बिजली कर्मचारी आन्दोलित हैं।

# किसना डायमंड ज्वेलरी ने बांटी 100 से ज्यादा खुशियों की चाबी

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** भारत की अग्रणी ज्वेलरी रिटेल चेन में से एक किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने आज देशभर के 100 भाग्यशाली ग्राहकों को मारुति सेलेरियो कारें उपहार में दीं। ये कारें 11 शहरों में विजेताओं को एक साथ सौंपी गई, जो अबकी बार आपके लिए कैंपेन के भव्य समापन का हिस्सा था। इस शानदार पहल में 51,219 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिससे यह न केवल किसना के इतिहास में बल्कि पूरे उद्योग में सबसे बड़ी मुहिमों में से एक बन गई।

यह कैंपेन 1 सितंबर, 2024 को शुरू हुआ और 18 जनवरी, 2025 को समाप्त हुआ। इसके तहत, ग्राहकों को 20,000 या उससे अधिक की डायमंड, प्लेटिनम, या सॉलिटेयर ज्वेलरी खरीदने पर और 50,000 या उससे अधिक की गोल्ड ज्वेलरी खरीदने पर कार जीतने का मौका दिया गया था। ग्राहकों को एक लकी ड्रा में भाग लेने का विकल्प दिया गया, जिसमें वे मारुति सुजुकी सेलेरियो जीत सकते थे। यह किसना की अपने ग्राहकों के लिए यादगार क्षण बनाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

कैंपेन के ग्रैंड फिनाले के हिस्से के रूप में, किसना ने पूरे भारत से 104 विजेताओं का चयन किया। उत्तर भारत में सबसे अधिक 20,795 ग्राहकों ने भाग लिया, इसके बाद अन्य क्षेत्रों में भी भारी उत्साह देखा गया। विजेताओं को उनकी कारों की चाबियां विशेष आयोजनों में सौंपी गई, जो दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों में आयोजित किए गए।

हरि कृष्णा ग्रुप के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, घनश्याम ढोलकिया ने कहा, अबकी बार आपके लिए कैंपेन में ज्वेलरी खरीदारों की जबरदस्त भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि हमारे ग्राहकों का किसना पर गहरा भरोसा और स्नेह है। यह कैंपेन खुशी बांटने और हमारे निष्ठावान ग्राहकों को कुछ असाधारण जीतने का अवसर देने की भावना को समर्पित है। किसना डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी के डायरेक्टर, पराग शाह ने कहा, यह कैंपेन हर भारतीय घर से जुड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवधि के दौरान देखी गई उत्सुकता और भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि किसना अपने ग्राहकों के साथ एक गहरा बंधन साझा करता है, जो हर ज्वेलरी पीस में परंपरा, आधुनिकता और विश्वास का मेल प्रस्तुत करता है।

विजेताओं को गाड़ियों की डिलीवरी के दिन ही टेली-कॉल्स के माध्यम से सूचित किया गया, ताकि उत्साह चरम पर हो और यह अनुभव उनके लिए यादगार बने। किसना की क्षेत्रीय उपस्थिति ने इसे दूर-दराज के क्षेत्रों में भी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने में सक्षम बनाया, जिससे हर किसी को इस भव्य उत्सव का हिस्सा बनने का समान अवसर मिला।

किसना का अबकी बार आपके लिए कैंपेन ग्राहकों को अनोखे ढंग से जोड़ने और ज्वेलरी शॉपिंग के जादू को जीवन के खास पलों के साथ मनाने का एक नया अनुभव प्रदान करता है।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यात्रिक अभियंता ई0एन0एच0एम0 एण्ड डी0एम0 लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 07-Mech-EnHM-LKO के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके बंद होने की तिथि व समय 10.02.2025, 15:00 है जो उसी दिन 15:30 बजे वेबसाइट पर खोले जाएगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। टेंडरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रावधान हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो की ireps पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कम्प्रेहेन्सिव एनुअल मेन्टेनेन्स कॉन्ट्रैक्ट ऑफ लूकास मेक हायड्रोलिक रेस्क्यू डिवाइस (एच०आर०डी०) टू कम्पलीट सेट ऐट लखनऊ (एस०पी०ए०आर०एम०वी०–01 एण्ड आर०सी०आर०वी०–01) एण्ड वन कम्पलीट सेट ऐट ए०आर०एम०वी०/अयोध्या कैण्ट ऑफ लखनऊ डिवीज़न फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री इयर्स। | | |
| निविदा टाइप | एकल निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बन्द होने की दिनांक एवं समय | 10.02.2025 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 21.01.2025 |
| प्री–बिड येस/नो | नो | प्री बिड कुएरी डेट टाइम | नॉट अप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रू) | Rs. 27,05,153.87 (Including GST) | टेंडरिंग सेक्शन | टेण्डर (ई0एन0एच0एम0 एण्ड डी0एम0) |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फॉर ईच शेड्यूल आइटम | बिडिंग यूनिट | % एज अबव/बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि (रू) | Rs. 54,100.00 | ऑफर की वैधता | 45 दिन |
| निविदा मूल्य (रू) | शून्य | कार्य की अवधि | 36 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 27.01.2025 | | |

नं. 07–Mech-EnHM-LKO दिनांक: 18.01.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 208/25

# बाजार में स्थिरता आने पर रुपये में जोरदार उछाल की उम्मीद, एसबीआई की रिपोर्ट में किया गया दावा

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ( एसबीआई ) की एक रिपोर्ट के अनुसार मौजूदा बाजार अनिश्चितताओं के समाप्त होने के बाद भारतीय रुपये में मजबूत सुधार दिख सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डॉलर इंडेक्स (डीएक्सवाई) में अब भी कुछ गति बाकी है, लेकिन एसबीआई ने 2016-2017 की अवधि से समानता बताते हुए कहा कि रुपये में उसी समय की तरह अस्थिरता के दौर के बाद मजबूत उछाल आ सकती है।




डॉलर इंडेक्स (डीएक्सवाई) विदेशी मुद्राओं के बास्केट के सापेक्ष डॉलर के मूल्य का एक सूचकांक है। रिपोर्ट ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि कई कारकों के कारण डॉलर इंडेक्स ऊपर की ओर बढ़ना जारी रख सकता है। इसमें डॉलर पर वैश्विक वित्तीय प्रवाह का उलटफेर भी शामिल होता है। डोनाल्ड ट्रम्प की ÷अमेरिका को फिर से महान बनाओ÷ जैसी आर्थिक विकास समर्थक नीतियों का समर्थन करने वाली ÷बड़ी टेक÷ कंपनियों का प्रभुत्व, डॉलर की मजबूती में योगदान देता है। एसबीआई ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में भारत की मुद्रा प्रचलन में 78,000 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है, जो लगभग 35.9 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, यह देश के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 11 प्रतिशत है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक) ने नवंबर 2024 तक रुपये को थामने के लिए फॉरेक्स बाजार में 1.7 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली की। इसके जरिए विदेशी मुद्रा बाजार में सक्रिय रूप से हस्तक्षेप किया है।

भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, ÷नवंबर 24 तक भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से विदेशी मुद्रा की शुद्ध बिक्री 1.7 लाख करोड़ रुपये थी और हमारा मानना है कि रुपये में गिरावट को देखते हुए कम से कम आज की तारीख तक यह 1.7 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को आसानी से पार कर गई होगी।

एसबीआई का मानना है कि सबसे बुरा दौर जल्द ही खत्म हो सकता है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कम होने और बाजार की स्थितियों के स्थिर होने के बाद रुपये के मूल्य में सुधार की उम्मीद है। यह दृष्टिकोण भारत की मुद्रा के लिए उम्मीद की किरण की तरह है, हाल के दिनों में एक चुनौतीपूर्ण व्यापक आर्थिक माहौल का सामना कर रही है।

भारतीय स्टेट बैंक ( एसबीआई ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक ( आरबीआई ) अपने लिक्विडिटी मैनेजमेंट फ्रेमवर्क (एलएमएफ) में महत्वपूर्ण बदलावों की घोषणा कर सकता है । इन समायोजनों में पहले चरण के रूप में दैनिक परिवर्तनीय दर रेपो (वीआरआर) नीलामी शामिल हो सकती है। साथ ही, लिक्विडिटी आवश्यकताओं को संतुलित करने और बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करने के लिए अभिनव उपाय भी शामिल हो सकते हैं। एसबीआई ने कहा, ÷आरबीआई लिक्विडिटी मैनेजमेंट फ्रेमवर्क में और बदलाव की संभावना...दैनिक वीआरआर पहला कदम...इस तरह के बदलाव और अगले दौर की पहल आरबीआई द्वारा स्मार्ट और व्यावहारिक हैं ...अस्थायी और स्थायी लिक्विडिटी इंजेक्शन/निकासी का नाजुक मिश्रण अभी भी प्रगति पर है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में व्यापक मोबिलिटी समाधान प्रदर्शित किए

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपने टोयोटा मोबिलिटी सर्विस (टीएमएस) स्टॉल पर विशेष वाहनों और अभिनव मोबिलिटी समाधानों की विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन करके भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में उत्साह को और बढ़ा दिया। टोयोटा हाइलक्स प्लेटफॉर्म पर निर्मित ये वाहन विविध क्षेत्रों में औद्योगिक मोबिलिटी गतिशीलता, परिचालन दक्षता और भिन्न क्षेत्रों में निरंतरता को आगे बढ़ाने के लिए टोयोटा की स्थायी प्रतिबद्धता को उजागर करते हैं।

हॉल नंबर 6 में समर्पित उपस्थिति के साथ, टीकेएम आपातकालीन प्रतिक्रिया, खनन, रसद और संरचना जैसे उद्योगों के लिए डिज़ाइन किए गए समाधानों को प्रदर्शित करके आगंतुकों को आकर्षित करता है। प्रत्येक विशेष वाहन हाइलक्स की अद्वितीय स्थायित्व, विश्वसनीयता और अनुकूलनशीलता का लाभ उठाता है, जो विश्वसनीय रूपांतरण भागीदारों के सहयोग से उद्देश्य-निर्मित समाधान प्रदान करने में टोयोटा की विशेषज्ञता को रेखांकित करता है।

प्रत्येक समाधान हाईलक्स की अद्वितीय शक्तियों को प्रदर्शित करता है - इसकी मजबूत चेसिस, उत्कृष्ट ऑफ-रोड क्षमताएं तथा विभिन्न औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए अनुकूलन क्षमता, जो इसे विशिष्ट गतिशीलता समाधानों के लिए आदर्श मंच बनाती है। टोयोटा मोबिलिटी सर्विस (टीएमएस) विशेष वाहनों से कहीं ज़्यादा प्रदान करती है - यह मोबिलिटी को सरल बनाने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करती है। प्रमुख सेवाओं में लचीले वित्तपोषण और लीजिंग समाधान शामिल हैं, जो विविध व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप हैं, और व्यापक रखरखाव और बीमा पैकेज हैं, जो निर्बाध संचालन सुनिश्चित करते हैं। कनेक्टेड फ्लीट सेवाएँ वास्तविक समय की निगरानी और प्रबंधन के माध्यम से दक्षता बढ़ाती हैं, जबकि विस्तारित वारंटी और 24/7 सड़क के किनारे सहायता पूर्ण विश्वसनीयता और मन की शांति प्रदान करती है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में टोयोटा के स्टॉल निम्नलिखित स्थानों पर स्थित हैं-

## किसना डायमंड ज्वेलरी ने बांटी 100 से ज्यादा खुशियों की चाबी!




**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी ज्वेलरी रिटेल चेन में से एक किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने आज देशभर के 100 भाग्यशाली ग्राहकों को मारुति सेलेरियो कारें उपहार में दीं। ये कारें 11 शहरों में विजेताओं को एक साथ सौंपी गईं, जो स्न्अबकीट्ठबारट्ठआपकेट्ठलिए कैंपेन के भव्य समापन का हिस्सा था। इस शानदार पहल में 51,219 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिससे यह न केवल किसना के इतिहास में बल्कि पूरे उद्योग में सबसे बड़ी मुहिमों में से एक बन गई।यह कैंपेन 1 सितंबर, 2024 को शुरू हुआ और 18 जनवरी, 2025 को समाप्त हुआ। इसके तहत, ग्राहकों को 20,000 या उससे अधिक की डायमंड, प्लेटिनम, या सॉलिटेयर ज्वेलरी खरीदने पर और 50,000 या उससे अधिक की गोल्ड ज्वेलरी खरीदने पर कार जीतने का मौका दिया गया था। ग्राहकों को एक लकी ड्रा में भाग लेने का विकल्प दिया गया, जिसमें वे मारुति सुजुकी सेलेरियो जीत सकते थे। हरि कृष्णा ग्रुप के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री घनश्याम ढोलकिया ने कहा, अबकी बार आपके लिए कैंपेन में ज्वेलरी खरीदारों की जबरदस्त भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि हमारे ग्राहकों का किसना पर गहरा भरोसा और स्नेह है।

यह कैंपेन खुशी बांटने और हमारे निष्ठावान ग्राहकों को कुछ असाधारण जीतने का अवसर देने की भावना को समर्पित है।

## बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने लॉन्च की नई बीएमडब्ल्यू एस 1000 आरआर



**लखनऊ।** नई बीएमडब्ल्यू एस 1000 आरआर भारत में ऑटो एक्सपो 2025 के दूसरे दिन लॉन्च कर दी गई है। यह बेहद लोकप्रिय सुपर स्पोर्ट बाइक देश में कंप्लीटली बिल्ट-अप यूनिट के रूप में उपलब्ध होगी। बुकिंग्स बीएमडब्ल्य मोटोराड डीलर नेटवर्क के माध्यम से शुरू हो चुकी है और डिलीवरी अप्रैल 2025 से शुरू होगी। श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट और सीईओ , बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, ''नई बीएमडब्ल्यू एस 1000 आरआर ने लगातार सुधार और सफलता की अपनी असीम चाह को जारी रखते हुए अपनी अग्रणी स्थिति को और मजबूत बनाना जारी रखा है। यह उन रेसिंग प्रेमियों की पसंदीदा बाइक है, जो नये स्तर का रोमांच ढूंढ रहे हैं। नई बीएमडब्ल्यू एस 1000 आर आर अपने शानदार ट्रैक परफॉर्मेंस के साथ सुपरबाइक्स का प्रतीक बन गई है। इंट्रोडक्ट्री एक्स-शोरूम कीमतें रूपये 21,10,00 है राइडर्स दो वैकल्पिक पैकेजेज -डायनैमिक और एम के साथ अपनी बाइक को और भी कस्टमाइज़ कर सकते हैं। डायनैमिक पैकेज आर आर की रेसिंग क्षमताओं को और अधिक प्रदर्शन और आराम के लिए बेहतर बनाता है। एम पैकेज आरआर की स्पोर्टिनेस को और अधिक मजबूत करता है। ग्राहकों को अपनी पसंद की बीएमडब्ल्यू मोटोराड मोटरसाइकिल्स खरीदने में सक्षम बनाने के लिये बीएमडब्ल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया कस्टमाइज्ड एवं लचीले वित्तीय समाधान पेश करेगी। ग्राहक बाइक डिलीवरी से पहले ही अपने लोन की मंजूरी भी प्राप्त कर सकते हैं।

## महाकुंभ 2025 में Bingo! Tedhe Medhe लेकर आए भौकाल लोक

**लखनऊ।** महाकुंभ 2025 में आईटीसी Bingo! Tedhe Medhe ने ज़बरदस्त कैंपेन भौकाल लोक शुरू किया है। यह कैंपेन उत्तर प्रदेश की संस्कृति, स्वाद और भवनों का जशन मनाने के साथ धूम मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

भौकाल का मतलब है स्वैगर और लोक का मतलब है क्षेत्र। जब इन दोनों शब्दों को जोड़ते हैं, तो यह एक ऐसी जगह दिखाता है, जहां आप अपने स्टाइल, कॉन्फिडेंस और मस्ती को खुलकर अभिव्यक्तकर सकते हैं।

यह कैंपेन उत्तर प्रदेश की जीवंत संस्कृति, स्वाद और भावना को सेलिब्रेट करने के लिए तैयार किया गया है। ये ब्रांड अपने ग्राहकों से जुड़ने के लिए एक सच्चे मिट्टी के बेटे के रूप में दिखेगा , जिसमें खास तौर पर इस क्षेत्र की संस्कृति की समझ होगी।

Bingo! Tedhe Medhe का भौकाल लोक एक्सपीरियंस जोन महाकुंभ में ब्रांड के मजेदार और अलग अंदाज को पूरी तरह से रोचक बनाएगा। ये एक ऐसा मौका




देगा जहां लोग शुद्ध एंटरटेनमेंट का मजा ले सकते हैं और एक नई दुनिया में खो सकते हैं।

महाकुंभ में ब्रांड की भागीदारी से श्री सुरेश चंद उन्होंने कहा, हम महाकुंभ 2025 का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं, जो परंपरा, संस्कृति और समुदाय का बेहतरीन संगम है। अपने खास एक्सपीरियंस जोन के जरिए, हमारा मकसद है उत्तर प्रदेश के जायके और ज़िंदगी को बिंगो की बोल्डनेस के साथ मिलाकर इस उत्सव को और भी रोमांचक बनाना!

भौकाल ज़ोन में क्या देखें?

यहां यूपी की फेमस चाट का असली मज़ा मिलेगा, वो भी Bingo! के खास फ्लेवर्स मसाला तड़का, चटपटे ट्विस्ट और नए लॉन्च किए गए एक्स्ट्रा तीखा के साथ। सब कुछ एकदम अलग! यहां आप अपने पसंदीदा Bingo! फ्लेवर के साथ अपनी अनोखी चाट बना सकते हैं।

**इंटरएक्टिव कंटेंट ज़ोन**

यहां आप यूपी थीम वाले गमछा, फंकी सनग्लासेस और चुलबुले संवादों का उपयोग के जरिए सोशल मीडिया कंटेंट बना सकते हैं। बस हैशटैग #BhaukaalLok डालना न भूलें, ताकि आपका कंटेंट तेजी से वायरल हो ।

मस्ती और धमाल से भरा ये ज़ोन हर किसी का फेवरेट बन जाएगा। यहां आप Bingo! के हॉट एक्स्ट्रा तीखा फ्लेवर के साथ ठंड में बोनफायर का मज़ा ले सकते हैं। साथ ही बवाल म्यूजिक पर डांस करके उसका आनंद ले सकते हैं।

महाकुंभ में यह कैंपेन 14 जनवरी से शुरू हो रहा है। यहां आपको नवाचार, परंपरा और एक्साइटमेंट का बेहतरीन कॉम्बो मिलेगा।

## गोडावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने पेश किए दो नए ई-स्कूटर और लॉन्च किया ई-ऑटो, हर जरूरत के लिए खास समाधान

**नई दिल्ली।** लेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपने नए उत्पादों का अनावरण किया। कंपनी ने दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटर्स इब्लू फियो ज़ेड और इब्लू फियो डीएक्स, और तीन पहियों वाला इलेक्ट्रिक ऑटो इब्लू रोज़ी इको लॉन्च किया। कंपनी का उद्देश्य ऐसे वाहन बनाना है, जो पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाएं, ऊर्जा की बचत करें और लंबे समय तक टिकाऊ रहें। कंपनी ने अपने ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह वाहन पेश किए हैं। इब्लू फियो ज़ेड को खासतौर पर शहर के अंदर कम दूरी के सफर के लिए डिजाइन किया गया है। यह लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर दैनिक यात्रा की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। वहीं, इब्लू फियो डीएक्स अधिक पावर और बेहतर प्रदर्शन के साथ आता है और एक बार चार्ज करने पर 150 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करता है। इसकी कीमत 2,95,999



(एक्स-शोरूम) तय की गई है।

इसके अलावा, इब्लू रोज़ी इको, जो तीन पहियों वाला इलेक्ट्रिक ऑटो है, बिजनेस के लिए एक उपयोगी विकल्प है। इसे विशेष रूप से ऑनलाइन ऑर्डर डिलीवरी, गोदाम से घर तक सामान पहुंचाने और यात्रियों को शहर के भीतर उनकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने इन वाहनों के जरिए टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। यह पहल न केवल ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करती है, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के डायरेक्टर और सीईओ श्री हैदर खान ने कहा कि ''इन तीनों नए वाहनों की पेशकश भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में एक बड़ा कदम है। कंपनी का लक्ष्य भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों को नई पहचान देना और इन्हें अधिक लोकप्रिय बनाना है।'' उन्होंने बताया कि कंपनी की रिसर्च और डेवलपमेंट टीम ने इन गाड़ियों को भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया है। इन वाहनों का निर्माण इस तरह किया गया है कि यह न केवल पर्यावरण की रक्षा के लक्ष्यों को पूरा करें, बल्कि टिकाऊ और उन्नत तकनीक से लैस हों।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने मोबिलिटी समाधानों को किया पेश



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी ड्राइव.फ्यूचर सोच के साथ भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में दूसरे दिन अपनी नई तकनीकों का प्रदर्शन किया है। तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करते हुए, कंपनी ने सीएएसई (कनेक्टेड, ऑटोनोमस, शेयर्ड और इलेक्ट्रिक) तकनीक में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इनोवेशन, स्थिरता और ग्राहक-केंद्रित पहल पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस ब्रांड ने आधुनिक युग के लिए मोबिलिटी को बेहतर बनाने वाले व्यावहारिक समाधानों को प्रस्तुत किया।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सीईओ राजीव चाबा ने कहा, ÷हम भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में सीएएसई तकनीकों में अपनी अग्रणी पहलों को प्रदर्शित करने के लिए उत्साहित हैं। यह मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराता है। ड्राइव.फ्यूचर की हमारी दृष्टि उन्नत तकनीक का लाभ उठाकर मोबिलिटी को स्थायी, जुड़े हुए और ग्राहक-केंद्रित अनुभव में बदलने में निहित है। हम प्रौद्योगिकी जोन और विविध पावरट्रेन शोकेस के माध्यम से व्यावहारिक और स्थायी समाधान प्रदान करने के लिए सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। यह न केवल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अधिक सुलभ बना रहे हैं ,बल्कि एक हरित, स्मार्ट और अधिक जुड़े भविष्य के साथ ड्राइविंग अनुभव को भी बढ़ा रहे हैं।

## 10 दिवसीय फाईवर टू सिल्क एक्सपो का शुभारंभ

**कानपुर।** फाईवर टू सिल्क एक्स्पो द्वारा प्रदर्शनी ' मोती महल लॉन नं. 2, कानपुर में दिनांक 17 जनवरी से 27 जनवरी 2025 ,समय 11ः00 से रात्रि 9ः00 तक चलेगी 7 सर्दियों व वैवाहिक कार्यकर्मो पर साड़ी और सूट के 25000 से भी ज्यादा नए डिजाइन उपलब्ध, जिसमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के बेहतरीन कलेक्शन प्रस्तुत किए गए हैं। फाईवर टू सिल्क एक्सपो द्वारा मोती महल मे आयोजित प्रदर्शनी को श्रीमती प्रमिला पांडे, मेयर, कानपुर ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदर्शनी मे आए सभी आर्टिजन एवं बुनकरों से बात कर उनका उत्साह वर्धन किया ।श्रीमती प्रमिला पांडे, मेयर, कानपुर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लघु तथा कुटीर उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा जिससे लोगों की आय मे वृद्धि होगी। समाज की उन्नति मे इस तरह की प्रदर्शनी का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के आयोजक आशीष गुप्ता ने कारीगरों



को एक मंच प्रदान कर सराहनीय कार्य किया है। उमंग सिल्क एक्सपो द्वारा अयोजित प्रदर्शनी के उदघाटन के अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए श्री अनीस मंसूरी जी ने कहा कि ÷ संस्थान द्वारा आयोजित सिल्क एक्स्पो व सेल में देश भर से आए सिल्क बुनकरों व डिजाईनरो ने अपने अपने प्रदेश संस्कृति काव्य और त्यौहारो को सिल्क पर छापा है, लखनऊ में आयोजित उमंग सिल्क एक्स्पो का मकसद देशभर के सिल्क उत्पादों का एक ही छत के तले प्रदर्शनी करना है। फाईवर टू सिल्क एक्स्पो में कांजीवरम उपाडा, गढ़वाल पटोला , बैंगलोर सिल्क , कांथा वर्क, डकारी जामदानी, पैठानी, बनारसी, भागलपुरी की साड़ियो, कश्मीरी पश्मीना साड़ी, सूट सॉल जैकेट स्टोल आदि बिक्री हेतु उपलब्ध है।एक्जीवीशन में गुजरात की पटोला सिल्क , तेलांगना की उपाडा सिल्क तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क , महाराष्ट्र की पैठानी सिल्क, पर गई कलाकारी लोगो को अपनी ओर खीच रही है7 इस प्रदर्शनी में पश्चिम बंगाल के काला हस्ती से आए बुनकर ने भगवान श्री कृष्ण के नोका विहार का द्रश्य सिल्क पर पेंट किया किया है साड़ियो पर बनी डीजायनो में कश्मीरी केशर की डीजायन के साथ ही कश्मीरी कहावा भी है।

## किआ इंडिया ने पेश की नई EV6



**दिल्ली।** भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में किआ इंडिया ने अपनी नई EV6 का अनावरण किया। कंपनी ने घोषणा की है कि इस इलेक्ट्रिक वाहन की बुकिंग आज से शुरू हो गई है। यह वाहन किआ की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा का एक और महत्वपूर्ण कदम है। नई किआ EV6 सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। यह वाहन कंपनी के ADAS 2.0 पैकेज से लैस है, जिसमें 27 उन्नत सुरक्षा और ड्राइवर असिस्टेंस फीचर्स शामिल हैं। पिछले मॉडल की तुलना में इसमें 5 नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जो इसे और भी बेहतर बनाती हैं। नई किआ EV6 में ये उन्नत सुरक्षा फीचर्स दिए गए हैंः इनमें फ्रंट कोलिजन अवॉइडेंस असिस्ट शहर, पैदल यात्री, साइकिल चालक और जंक्शन टर्निंग के लिए; फॉरवर्ड कोलिजन अवॉइडेंस जंक्शन क्रॉसिंग और लेन चेंज असिस्ट के साथ, लेन फॉलो असिस्ट वाहन को लेन में बनाए रखने के लिए, इवेसिव स्टीयरिंग असिस्ट टक्कर से बचने के लिए शामिल हैं। ये सभी फीचर्स कंपनी के प्रमुख मॉडल EV9 से प्रेरित हैं और टक्कर सुरक्षा, संरचनात्मक मजबूती, और यात्रियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाते हैं। किआ की फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक एसयूवी EV9 ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में तकनीक और नवाचार के नए मानक स्थापित कर रही है। इस वाहन ने प्रतिष्ठित WCOTY 2024 (वर्ल्ड कार ऑफ द ईयर) का खिताब जीतने के साथ ही अपनी जगह और मजबूत कर ली है। EV9 में 99.8 kWh की बैटरी लगाई गई है, जो एक बार चार्ज करने पर 561 किमी तक की रेंज देती है। यह इसे शहर के साथ-साथ लंबी दूरी की यात्राओं के लिए भी उपयुक्त बनाती है। इसकी सुविधा बैटरी को केवल 24 मिनट में 10% से 80% तक चार्ज कर देती है, जब इसे 350kW DC चार्जर से जोड़ा जाता है।

## ओप्पो इंडिया ने नए एआई फीचर्स के साथ पेश की रेनो 13 सीरीज़

**लखनऊ।** ओप्पो इंडिया की पॉपुलर रेनो13 5जी सीरीज़ का भारत में लॉन्च हो गया है। यह सीरीज़, स्मार्टफोन के अनुभव को परिभाषित करने के लिए बनाई गई है। इसमें इमेजिंग और प्रोडक्टिविटी के लिए एक फ्लैगशिप स्तर का कैमरा सिस्टम, मीडिया टेक डायमेंसिटी 8350 एसओसी चिपसेट तथा कई अत्याधुनिक एआई फीचर्स दिए गए हैं। रेनो13 सीरीज़ अल्ट्रा-ड्यूरेबल डिज़ाइन के साथ उन लोगों के लिए बनाई गई है, जो असाधारण परफॉर्मेंस पसंद करते हैं। इस सीरीज़ में दो स्मार्टफोन, रेनो13 और रेनो13 प्रो शामिल हैं, जो दोनों वॉटर एवं डस्ट रज़िस्टैंस के लिए आईपी66, आईपी68 और आईपी69 सर्टिफिकेशन के साथ आते हैं। यह स्टाईल और ड्यूरेबिलिटी के लिए एक बेहतरीन डिवाईस है। इसके अलावा, रेनो13 सीरीज़ में 80 वाट की सुपरवूक फास्ट चार्जिंग भी दी गई है, ताकि यह डिवाईस लंबे समय तक बेहतरीन परफॉर्मेंस प्रदान कर सके।



यह स्मार्टफोन मेनलाईन रिटेल आउटलेट्स, ओप्पो ई-स्टोर और फ्लिपकार्ट से खरीदा जा सकता है, और इसका मूल्य मात्र 37,999 रुपये से शुरू होता है।

ओप्पो रेनो13 5जी में फ्रंट और बैक में कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 7आई और एयरोस्पेस ग्रेड एलुमीनियम फ्रेम की सुरक्षा दी गई है। आईवरी व्हाईट वैरिएंट में बैक में इसका वन-पीस स्कल्पटेड ग्लास अद्वितीय बनावट मे मैट और ब्लैक फिनिश का मिश्रण है। ओप्पो ने भारत के लिए ल्युमिनस ब्लू कलर वैरिएंट भी पेश किया है। इस वैरिएंट में ऑफसेट प्रिंटिंग और रिफ्लेक्टिव कोटिंग द्वारा अद्वितीय ग्लोईंग इफेक्ट प्राप्त किया गया है, जो कैमरा मॉड्यूल के चारों ओर सूक्ष्म एवं आकर्षक ग्लोईंग आउटलाईन उत्पन्न करता है।

यह डिवाइस ओप्पो के सिग्नेचर ऑल-राउंड आर्मर आर्किटेक्चर के साथ आती है, जो स्मार्टफोन को झटकों से सुरक्षा प्रदान कर ज्यादा टिकाऊ बनाता है। इस डिवाइस में ट्राई-माईक्रोफोन सिस्टम और ऑडियो ज़ूम है तथा, इसके फ्रंट और बैक कैमरा एक साथ ड्युअल 4के वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करते हैं। रेनो13 में क्रिएटिविटी के लिए एआई लाइवफोटो फीचर दिया गया है, जो शटर दबाए जाने के 1.5 सैकंड पहले से लेकर 1.5 सेकंड बाद तक की वीडियो क्लिप को अपने आप रिकॉर्ड कर लेता है।

ओप्पो रेनो13 में कई जेन-एआई फीचर्स शामिल हैं, जो यूजर्स के दैनिक काम आसान बनाते हैं। इसके एआई टूल बॉक्स 2.0 में स्क्रीन ट्रांसलेटर, एआई राइटर, एआई रिप्लाई और एआई रिकॉर्डिंग समरी जैसे प्रोडक्टिविटी फीचर्स शामिल हैं, जो ऑफिस मीटिंग्स को पांच घंटे तक इंग्लिश या हिंदी में रिकॉर्ड कर सकते हैं और नोट्स, सारांश एवं ट्रांस्क्रिप्ट्स तैयार कर सकते हैं।

एआई इमेजिंग ओप्पो की प्रोप्रायटरी एलगोरिद्म की मदद से कम रोशनी में भी फेशियल डिटेल्स को स्पष्ट बनाकर फेशियल कॉन्टूर्स को निखार देती है। रेनो13 में एआई स्टूडियो, जेनएआई की मदद से फोटो को साई-फाई से लेकर विंटेज या कार्टून तक पहले से निर्धारित अनेक प्रारूपों में बदल सकता है। यूज़र्स एआई मोशन की मदद से स्टिल इमेजेस को एनिमेटेड बना सकते हैं, या एआई रीइमेज की मदद से 20 से ज्यादा टैंपलेट्स द्वारा फोटो को फिर से इंटरप्रेट कर सकते हैं।

## नई मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक भारत में लॉन्च



**लखनऊ/कानपुर।** मिनी इंडिया ने नई मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक को लॉन्च करने की घोषणा की है। कार कम्प्लीटली बिल्ट-अप यूनिट के रूप में उपलब्ध होगी और इसे देश भर के सभी मिनी अधिकृत डीलर्स के साथ-साथ शापडाटमिनीडाटइन पर बुक किया जा सकता है। डिलीवरीज अप्रैल 2025 से शुरू होगी। श्री विक्रम पावह, प्रेसिडेंट और सीईओ, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, ''नई मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक का लॉन्च, आधुनिक नवाचार के साथ सदाबहार डिजाइन को मिलाने की मिनी की विरासत पर जोर देता है। अपने डायनैमिक, स्पोर्टी एक्सटीरियर और विशेष जॉन कूपर वर्क्स ट्रिम के साथ, यह विशेष एडिशन शानदार ड्राइविंग का मजा देता है और प्रभावशाली पर्सनैलिटी का प्रतीक है। इंटीरियर का स्पोर्टी विवरण मोटरस्पोर्ट जुनून की अभिव्यक्ति है, जबकि अत्यधिक डिजिटल इंटरैक्टिव इंटरफेस हाई-टेक अनुभव प्रदान करते हैं। यह विशेष जॉन कूपर वर्क्स पैक मिनी प् के प्रसिद्ध रेसिंग जीन्स के लिए एकदम उपयुक्त सम्मान है।'' एक्स-शोरूम की कीमत रूपये 55,90,000 है स्टैण्डर्ड दो साल की वारंटी के साथ असीमित किलोमीटर की पेशकश की गई है। मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक पर 2 साल 24X7 रोड-साइड असिस्टेंस मन की पूर्ण शांति प्रदान करता है। ये लाभ कार के स्वामित्व के साथ हस्तांतरणीय हैं।

# मतीउल्लाह सिद्दीकी जिला सचिव व कादिर हसन वि.स. सचिव मनोनीत

पूर्व मंत्री समेत कई दिग्गज नेताओं ने दोनों के मनोनयन पर दी बधाई



जिला सचिव मतीउल्लाह



विधानसभा सचिव कादिर

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** समाजवादी युवजन सभा के जिला कार्यकारणी में मतीउल्लाह सिद्दीकी को जिला सचिव व विधान सभा रामकोला के कार्यकारणी में कादिर हसन को विधान सभा सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। मनोनयन पर बधाई देने वालों में तांता लगा हुआ है।

बता दें कि समाजवादी पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता रहे रामकोला विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर निवासी मतीउल्लाह सिद्दीकी पुत्र मंसूर अहदम को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के अनुमति पर युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी के संस्तुति पर जिला कार्यकारणी में जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार इसी गांव के कादिर हसन पुत्र अली हसन को विधानसभा अध्यक्ष रामकोला निठुरी राजभर के प्रस्ताव पर कार्यकारिणी में विधानसभा सचिव मनोनीत किया गया है।

इन दोनों पदाधिकारियों को पार्टी के प्रति निष्ठा व लगन के साथ सक्रिय कार्यकर्ता रहने का फल मिला है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इन दोनों मनोनीत पदाधिकारियों को पार्टी के प्रति मजबूती से खड़ा रहने व पार्टी के प्रति इमानदारी पूर्वक कार्य करने का अपील किया है। इस मौके पर संयुक्त रूप से दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि हम लोगों को जो पद मिला है उसे इमादारी के साथ निर्वहन करेंगे।

पार्टी को मजबूत करने के लिए हर तरह से कार्य किया जाएगा। इस पद तक पहुंचे के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते है। इन दोनों के मनोनयन पर पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह, जिलाध्यक्ष शुक्रुल्लाह अंसारी, रामकोला विधान सभा अध्यक्ष निठुरी राजभर, सपा नेता एके बादल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मेहदी हसन, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि अली हसन, सपा नेता राकेश उर्फ भोला यादव, प्रेम प्रकाश दुबे, रब्बुल हसन, अमलेश रस्तोगी, रमेश यादव, शैलेश यादव, विजय यादव, वरुण शर्मा, अख्तर हसन, नबी हसन, सहीम हसन, पूर्व प्रधान बृजेश यादव, रामकृपाल उर्फ धमारी यादव सहित तमाम लोगों ने बधाई दिया है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 85 शिकायतें

**अमेठी/मुसाफिरखाना।** शासन की ओर से जारी निर्देशों के क्रम में सोमवार को जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किए गए। समाधान दिवस में कुल 85 शिकायतें आई। दस मामले दिवस के दौरान निपटाएं गए हैं। मुसाफिरखाना में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल और पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने जनसुनवाई की। सबसे अधिक प्रार्थना पत्र तिलोई तहसील में प्राप्त हुए हैं। अमेठी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, तहसील गौरीगंज व तहसील तिलोई में संबंधित उपजिलाधिकारी ने जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील गौरीगंज में 09 शिकायतें में प्राप्त हुई जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 21 शिकायत में प्राप्त हुई

# 26.94 लाख रुपए से निर्मित कई परियोजनाओं का लोकार्पण

### क्षेत्र का विकास कराना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है : पी एन पाठक



विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक पाठक

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** सोमवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने क्षेत्र में विधायक निधि से 26.94 लाख रुपए लागत से निर्मित एक सामुदायिक भवन, सीसी सड़क समेत स्मृति द्वार का लोकार्पण वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया।

विधान सभा क्षेत्र के गांव बोहरापुर में राम जानकी मंदिर के पास 9.74 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया उसके उपरांत ग्राम पंचायत धर्मपुर खुर्द में पीच रोड से अनिल पांडेय के घर जाने वाले मार्ग तक 9 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड व दिघवा बुर्जुग स्थित 4.20 लाख की लागत से निर्मित पंडित द्वारका प्रसाद स्मृति द्वार का लोकार्पण विधायक पी.एन पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। विधायक श्री पाठक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य हो रहे हैं। क्षेत्र का विकास कराना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भाजपा सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में बनी सरकार विश्व पटल पर भारत को मजबूती मिली है, तो मुख्यमंत्री योगी की सरकार ने प्रदेश के विकास में कई योजनाएं संचालित कर अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया है।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाते डॉ परवेज आलम

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जागरूकता वाहन को हरी डंडी दिखाकर डॉ परवेज आलम ने रवाना किया। ये वाहन गांवो में जाकर लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करने का काम करेगी साथ ही कप्तानगंज सीएचसी पर 21 जनवरी को लगने वाले स्वास्थ्य शिविर में भाग लेने के लिए भी अपील करेगी। इस दौरान डॉ परवेज आलम ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सभी को जागरूक होना पड़ेगा जब तक हम पूर्ण रूप से मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं होंगे तब तक हमारा विकास नहीं हो सकता। ऐसे में सभी लोगों को जागरूक होना होगा। जिसको लेकर 21 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बड़ा शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें जो भी मानसिक रोगी है उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर सुर्यभान कुशवाहा ने कहा कि मानसिक रोग से पीड़ित मरीज के इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बृहद शिविर का आयोजन किया गया है इसके लिए प्रचार वाहन भेज कर गांव-गांव में लोगों को जागरूक किया जा रहा है जो भी लोग इससे पीड़ित है इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। इस दौरान डॉ उमेश चंद यादव डॉ पंकज गुप्ता, डा गोपाल, डा शशि भूषण सिंह, नीरज गुप्ता, आत्मा सिंह, हेमंत मल्ल, रवि प्रताप सिंह, राम प्रताप सिंह, मिथिलेश पाल,आशुतोष पटेल धर्मेंद्र यादव, संदीप गोंड, सुरेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, राजेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## एडीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर उप्र दिवस-2025 को भव्य एवं गरिमामयी ढंग से मनाये जाने हेतु अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में एक बैठक सम्पन्न हुई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस को भव्यपूर्ण ढंग से निरन्तर आयोजित किया जा रहा है। उक्त आयोजन त्रिदिवसीय (24-26 जनवरी 2025 के मध्य) आयोजन विभिन्न विभागों द्वारा जनसहभागिता के सहयोग से मनाया जायेगा। उप्र दिवस-2025 के आयोजन की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश'' है। समस्त विभागों द्वारा इसी थीम पर प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं, रोड शो आदि का आयोजन सुनिश्चित कराया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, पीडी डीआरडीए सतीश चन्द्र मिश्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# डीएम व एसपी के समक्ष प्रस्तुत किए गए 112 मामले, मात्र 11 का निस्तारण

### हाटा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन, डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद



हाटा तहसील में शिकायत सुनते डीएम व एसपी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में सोमवार को तहसील हाटा के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को बारी - बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी संदर्भों का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिए। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि./कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 112 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 70 में से 11 को तत्काल निस्तारित किया गया। पुलिस विभाग से संबंधित 15, विकास विभाग से संबंधित 06 तथा अन्य विभाग के 21 प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 112 में से 11 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 101 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समय से पूर्व निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

## इंदिरा गांधी महाविद्यालय के छात्र छात्र-छात्राओं को एआरटीओ ने दी यातायात के नियमों की जानकारी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के क्रम में सोमवार को इंदिरा गांधी महाविद्यालय गौरीगंज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई और यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के ये छात्र तीन दिन तक ट्रैफिक पुलिस के साथ वालेंटियर के रूप में काम करेंगे। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सर्वेश कुमार ने बताया कि बताया कि यह बच्चे अगले तीन दिनों तक ट्रैफिक पुलिस के साथ वालंटियर के रूप में सड़क पर चलने वाले लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे। यातायात प्रभारी शोभनाथ, सामाजिक कार्यकर्ता चंद्र पाल यादव सी ओ गौरीगंज आदि मौजूद रहे।

## नेशनल हाईवे -931 के चौड़ीकरण के लिए सरकारी मुआवजे पर भड़के किसान, तहसील में किया विरोध प्रदर्शन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नेशनल हाईवे 931 के बाईपास चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण में मिल रहे कम मुआवजे से नाराज दर्जनों किसानों ने तहसील में जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि उन्हें 2017 के पुराने सर्किल रेट के हिसाब से मुआवजा दिया जा रहा है, जबकि वर्तमान में सर्किल रेट काफी अधिक है। तहसील क्षेत्र के सहजीपुर, ठेंगहा और बदलापुर ग्राम सभा के किसानों की जमीन हाईवे निर्माण के लिए ली जा रही है। किसानों का कहना है कि आठ साल पुराने रेट पर मुआवजा मिलने से कई किसान पूरी तरह भूमिहीन हो रहे हैं। नाराज किसानों ने सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर वर्तमान सर्किल रेट के अनुसार मुआवजा देने की मांग की। एसडीएम ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मामले की शिकायत जिलाधिकारी से वार्ता कर समस्या के निस्तारण का भरोसा दिया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कामलादेव मिश्र, रामराज तिवारी, रामबली, श्याम बहादुर सिंह,लाल बिहारी पांडेय समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## भाजपा ने किया डॉक्टर अंबेडकर की विरासत का सम्मान

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** बड़का गांव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष विशंभर पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की विरासत का सम्मान करने का काम की है। भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर ने न्याय, समानता और सशक्तिकरण पर आधारित एक आदर्श राष्ट्र की परिकल्पना की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने उनके विचारों को अपनाते हुए सामाजिक और आर्थिक सुधारो की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। भाजपा की सरकार ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया है। इनमें जन्मभूमि महू, शिक्षा भूमि लंदन, दीक्षाभूमि नागपुर, महापरिनिर्वाण भूमि दिल्ली और चैत्य भूमि मुंबई शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में डॉक्टर अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की जो शोध और सामाजिक आर्थिक बदलाव के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करता है।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने वित्त मंत्री को भेजा 11 सूत्रीय ज्ञापन

**अमेठी।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने आगामी बजट में व्यापारियों और उद्योगों को छूट देने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सम्बोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन डीएम को दिया है। ज्ञापन में आयकर में छूट की सीमा दस लाख करने और आयकर दाताओं और जी एस टी में पंजीकृत व्यापारियों को आयुष्मान कार्ड योजना की तरह दस लाख रुपए का व्यापारी हेल्थ कार्ड जारी करने की मांग की है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी के साथ राहुल अग्रहरि, सोनू कसौंधन आदि ने डी एम को ज्ञापन सौंपा। जी.एस.टी. के विभिन्न स्लेब को घटाकर अधिकतम तीन स्लेब किया (जाए तथा 28त्न जी.एस.टी. का स्लैब अत्यधिक होने के कारण समाप्त किया जाए। नकद लेन-देन की सीमा को बढ़कर एक लाख किया जाए। आयकर देने वाले सभी व्यक्तियों को रू0 10 लख रुपए का दुर्घटना बीमा दिया जाए।

## आठवें वेतन आयोग के गठन की सरकार की घोषणा से कर्मचारियों में खुशी का माहौल

### 23 जनवरी को होगा खिचड़ी भोज

जल निगम कर्मियों को अभी तक नहीं मिला सातवें वेतन आयोग का लाभ

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** केंद्र सरकार की ओर से आठवें वेतन आयोग के गठन से कर्मचारियों के बीच खुशी का माहौल है। सभी सरकारी कार्यालयों और स्कूल कालेजों में सरकारी कर्मचारी और शिक्षक आठवां वेतन आयोग लागू होने के बाद अपनी तनख्वाह में संभावित वृद्धि की गणना में लगे हुए हैं।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने नव वर्ष के स्वागत और आठवें वेतन आयोग के गठन की खुशी में, 23जनवरी को लोक निर्माण विभाग के गौरीगंज डाक बंगले में खिचड़ी भोज का आयोजन किया है।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष सुभाष पांडेय और मंत्री अजय कुमार सिंह की ओर से खिचड़ी भोज के लिए आमंत्रण पत्र जारी किए गए हैं। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने भी आठवें वेतन आयोग के गठन का स्वागत किया है। जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद और महामंत्री रमाकांत मौर्य ने कहा कि सरकार की घोषणा स्वागत योग्य है। सरकार इसी वित्तीय वर्ष में काम शुरू करे, प्रधानमंत्री जी को पुरानी पेंशन बहाली पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए।

### जल निगम कर्मियों को अभी तक नहीं मिला सातवें वेतन आयोग का लाभ

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश जल निगम के बारह हजार से अधिक अभियंताओं और कर्मचारियों को अभी तक सातवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिला है। यही नहीं छठवें वेतन आयोग के लागू होने के बाद एरियर की धनराशि भी अभी तक नहीं मिली।

आठवें वेतन आयोग के गठन की सरकार की घोषणा के बाद जल निगम विभाग के सभी कार्यालयों में अभियंता और कर्मचारी अवशिष्टों के भुगतान को लेकर चर्चा हो रही है।

# देश का गौरव है हमारा संविधान : पवन मिश्र



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने भाजपा द्वारा चलाये जा रहे संविधान गौरव अभियान के कार्यकर्मो को सफल बनाने के लिये भाजपा किसान मोर्चा देवरिया की तैयारी बैठक डाक बंगला देवरिया में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उत्सव स्वरूपी अभियान को सफल बनाने के लिये किसान मोर्चा के कार्यकर्ता मनयोग से जुटे।उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने बाबा साहब का अपमान किया है, भाजपा सरकार संविधान गौरव अभियान के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों का प्रचार किया जाएगा और संविधान के शिल्पकार माननीय बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी जाएगी। भाजपा किसान मोर्चा देवरिया संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत 22 जनवरी को पथरदेवा विधानसभा के शाहजहांपुर और बरवामीर छापर में 23 जनवरी को देवरिया विधानसभा के विशुनपुरा गांव और रुद्रपुर विधानसभा के रूदपुर नगर में, 24 जनवरी को बरहज विधानसभा के सेल्हरापुर गांव और सलेमपुर विधानसभा के हरैया गांव में, 25 जनवरी को रामपुर विधानसभा के भटनी और भाटपाररानी विधानसभा के रानीघाट गांव में अनसूचित वर्ग के किसान परिवारों के बीच चौपाल आयोजित कर घर-घर जाकर अभियान सम्बन्धी पत्रक वितरित किया जाएगा और अनुसूचित वर्ग के प्रभावशाली व्यक्तियों से भी सम्पर्क किया जाएगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री किसान मोर्चा भगवान यादव ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश राय, प्रभुनाथ पाण्डेय, सुब्रत सिंह, डॉ विनोद पाण्डेय, रामेश्वर यादव, राजन धर द्विवेदी, विजेंद्र चौहान, प्रमोद पाण्डेय, विनोद दुबे, विजय कुशवाहा, वीरेंद्र पाठक, बृजेश शर्मा, सुमन्त चतूर्वेदी, विनय यादव उपस्थित रहे।

## एसजेएस गुरुबक्शगंज में बच्चों के संग अभिवावक भी बन गये बच्चे



**सतांव, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए क्षेत्र में चर्चित विद्यालय एसजेएस गुरुबक्शगंज में रविवार को बच्चों संग अभिवावकों की अनूठी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरान्त हुआ। इस प्रतियोगिता में प्ले-ग्रुप से कक्षा पाँच तक के बच्चों और उनके अभिवावकों ने प्रतिभाग किया। इस अनूठी प्रतियोगिता में अवेयरनेस रेस, अम्ब्रेला रेस,हिप-हिप हुर्रे रेस, म्यूजिकल चेयर रेस, जलेबी रेस, क्रोक्रोडाइल रेस, परचेज वेजीटेबल रेस, चपाती मेकिंग रेस, रस्साखींच प्रतियोगिता समेत एक दर्जन से अधिक खेलों का आयोजन किया गया। इन सभी खेलों में बच्चों और उनके अभिवावकों ने प्रतिभाग किया। सभी खेलों में महिला अभिवावकों ने पुरुष अभिवावको से ज्यादा दमखम दिखाते हुए पदक और उपहार प्राप्त किये। इस अनूठे आयोजन में अभिवावक आज सारे तनाव और चिन्ताओं से विमुख होकर अपने बच्चों संग बच्चे बनकर खेलते नजर आये। अभिवावकों ने विद्यालय प्रबन्ध समिति से हर वर्ष ऐसे आयोजन कराने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.अभय सिंह (सहायक प्रवक्ता अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायबरेली), डॉ. नीतू सिंह (सहायक प्रवक्ता अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायबरेली), विद्यालय के प्रबन्धक अग्रज सिंह, सहप्रबन्धिका अनुश्री सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीती सिंह ने सभी सभी विजेता बच्चों और उनके अभिवावकों को पदक व उपहार प्रदान किए।

# सड़क सुरक्षा के लिए नो हेल्मेट, नो फ्यूल अभियान की जनपद में शुरुआत



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया है कि सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और हेल्मेट के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नो हेल्मेट, नो फ्यूल रणनीति को जनपद में लागू किया जा रहा है। इस संबंध में नोएडा मॉडल की रणनीति के आधार पर परिवहन आयुक्त, प्रदेश द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। नो हेल्मेट, नो फ्यूल अभियान को पहले शहरी क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाएगा। अभियान के प्रभाव और परिणामों का मूल्यांकन करने के बाद इसे ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तारित किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी संबंधित तेल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे और जनपद के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को इस अभियान के महत्व और क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। सभी पेट्रोल पंपों पर शत-प्रतिशत सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित की जाएगी, और ईंधन वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नियमित अनुश्रवण किया जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा नो हेल्मेट, नो फ्यूल की जागरूकता के लिए होर्डिंग, बैनर, पंपलेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा। स्कूल, कॉलेज, सामुदायिक केंद्र और पेट्रोल पंपों पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। एनजीओ, स्थानीय स्वंसेवी संगठनों और मीडिया के सहयोग से इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया जाएगा। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग हेल्मेट न पहनने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत जुर्माना लगाएंगे। सभी पेट्रोल पंप संचालकों को नो हेल्मेट, नो फ्यूल नीति का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना होगा। नीति के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित पेट्रोल पंप के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**अमेठी।** भीम राव अम्बेडकर स्टेडियम में युवा कल्याण विभाग एवं प्रादेशिक विकास दल की ओर से आयोजित तीन दिवसीय जनपदीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का समापन हुआ। अंतिम दिवस विजेता खिलाड़ियों को उप जिलाधिकारी न्यायिक अभिनव कनौजिया ने पुरस्कार वितरण कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया गया। अंतिम दिन बैडमिंटन, कुश्ती, जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजयी खिलाड़ियों का एसडीएम न्यायिक ने पुरस्कृत किया गया। तीसरे दिन जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने भी स्टेडियम में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ, उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, सचिव एथलेटिक्स एसोसिएशन अमेठी संदीप कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी निधि श्रीवास्तव, अपूर्व यादव, रागिनी पांडेय, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन संघ महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में तहसील कादीपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं को बहुत ही गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही समस्याओं का निराकरण कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा तहसील दिवस में समय पर उपस्थित न होने वाले अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा तहसील दिवस में आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक समझ कर सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही एकीकृत प्रयास कर निस्तारण के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जन शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा तहसील दिवस के अवसर पर ठंड के दृष्टिगत उचित पात्र व्यक्तियों को कंबल वितरण किया गया। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 195 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 132, पुलिस विभाग के 17, विकास विभाग से सम्बन्धित 26 एवं अन्य 20 प्रार्थना प्राप्त हुए, जिनमें 10 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। अवशेष 185 प्रार्थना पत्र सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किये गये। इसी प्रकार अन्य समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर जन शिकायतें सुनी गयी और सम्बन्धित तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा निस्तारित किए गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 चौधरी, उप जिलाधिकारी कादीपुर उत्तम कुमार, सीओ कादीपुर विनय गौतम, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) अशोक सिंह, उप निदेशक कृषि रामाश्रय यादव सहित अन्य समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी तथा क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्यो के लिये 500/- रुपये से किया पुरस्कृत

**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक ने थाना कादीपुर में एक महिला पुलिस कर्मी को दस्तावेज रखरखाव और संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया है।

यह पुरस्कार उनके मनोयोग से कार्य करने और विभागीय कार्यों में अनुकरणीय योगदान के लिए दिया गया है।महिला आरक्षी अन्नू चौहान ने दस्तावेजों के रखरखाव और संरक्षण में उच्च मानकों का पालन किया है, जिससे विभागीय कार्यों में सुगमता आई है। तथा उन्होंने अपने कार्य में मनोयोग और समर्पण का परिचय दिया है, जिससे विभागीय कार्यों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। उनका यह समर्पण और उत्कृष्ट कार्य अन्य पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये इस पुरस्कार का उद्देश्य महिला पुलिस कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित करना और विभागीय कार्यों में उच्च मानकों को बनाए रखना है। इसके साथ ही, यह पुरस्कार अन्य पुलिस कर्मियों को भी मनोयोग और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

# डीएम-एसएसपी ने अन्तर्राष्ट्रीय पैरा एथलीट को मदद का दिया आश्वासन

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से अंतराष्ट्रीय पैरा एथलीट अभिषेक की आर्थिक समस्या को समझते हुए आगे के खेलों में प्रतिभाग करने हेतु आर्थिक मदद का आश्वासन दिया तथा उन्होंने मौके पर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण करने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी रमेश रंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने उप जिलाधिकारी कृर्ति राज और अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ शिकोहाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को न केवल सुना अपितु समस्याओं का तुरंत समाधान भी किया, जिलाधिकारी ने कुछ समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा की समस्याओं का आकलन मौके पर जाकर ही किया जा सकता है, इस समीक्षा के दौरान ज्यादातर मामले कानून व्यवस्था, राजस्व, पंचायती राज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, विद्युत जल निगम, दिव्यांगता इत्यादि से सम्बंधित आए, इस दौरान एक मामला अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट रजत व कांस विजेयता अभिषेक का आया, जिसने जिलाधिकारी को अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह पैरा एथलीट में चार राष्ट्रीय मेडल जीत चुका है, व नौ राज्य स्तरीय वह दो अंतरराष्ट्रीय मेडल का भी विजेता है और प्रार्थी आगे भी आने वाले विश्व चैंपियनशिप एशियन यूथ गेम में प्रतिभाग करना चाहता है, किंतु उनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, जिससे आगे के खेल को जारी रखने में असमर्थ है, जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि उनकी प्रतिभा को सही मुकाम दिलाने हेतु प्रशासन पूरी मदद करेगा, इसी तरह विशाल शर्मा नामक एक शिकायतकर्ता का कहना था कि कुछ दबंग उसकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं जिस पर जिलाधिकारी ने तुरंत पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर रवाना किया, ताकि शिकायतकर्ता के साथ न्याय हो सके, इसी तरह श्यामवीर नामक शिकायतकर्ता की शिकायत थी कि क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा प्रार्थी के मकान की नापतोल किए बिना ही प्रार्थी के विरुद्ध फर्जी व बनावटी तथ्यों के आधार पर धारा (67)1 के तहत कार्यवाही की गई है, जो पूर्ण रूप से अवैध है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि राजस्व की एक टीम बनाकर जांच करने के निर्देश दिए, हरि सिंह नामक एक प्रार्थी ने शिकायत की, कि उसके गांव में जगह-जगह गंदगी व्याप्त है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि गांव की नियमित रूप से सफाई कराई जाए, इसी तरह से जिलाधिकारी के समक्ष कुल 47 शिकायतें आई जिनमें से मौके पर 07 समस्याओं का निस्तारण किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी इत्यादि उपस्थित रहें।

# संक्षिप्त समाचार

## अधिकारी स्पष्टीकरण दें: एसडीएम

**फिरोजाबाद।** उप जिलाधिकारी सिरसागंज ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सिरसागंज के अवसर पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी, सिरसागंज, गन्ना निरीक्षक, सिरसागंज, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्तत्रण सेवा, सहायक अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड सिरसागंज, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई शिकोहाबाद, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अरॉव व मदनपुर, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) अरॉव व मदनपुर, सहायक विकास अधिकारी (समाज) मदनपुर व अरॉव अनुपस्थित रहें, जिस पर उन्होने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन की एक प्राथमिकता का विषय है, जिस पर उन्होने अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।

## मस्जिद रोड पर नाली निर्माण कार्य जल्द कराने की मांग



**टूंडला।** नगर पालिका परिषद टूंडला द्वारा मस्जिद रोड पर दुकानों एवं घरों के सामने नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसे पालिका कर्मचारियों ने तीन दिन से कार्य ना करने पर आने जाने में लोगों को दिक्क़तो का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने पालिका ईओ से मांग की है कि इस कार्य को जल्द कराया जाए। नगर के मस्जिद रोड पर नगर पालिका परिषद द्वारा नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसे लेकर पालिका ने खुदाई करके डाल दी है। वहां के दुकानदार एवं घरों के लोगों को आने जाने में दिक्क़त का सामना करना पड़ता है लोगों ने पालिका अधिशासी अधिकारी से मांग की है कि इस नाली निर्माण को जल्द पूरा कराया जाए। मांग करने वालों में निर्मल जैन, जितेन्द्र गुप्ता, सोनू अग्रवाल, संजय शर्मा, भारत राठौर, पवन अग्रवाल, करण आदि प्रमुख है।

## सी.एम. डैशबोर्ड पर जनपद की रैंक में निरंतर गिरावट

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने सी.एम. डैशबोर्ड, मुख्यमंत्री के प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ विभागों की संचालित योजनाओं की खराब प्रगति के कारण सी.एम. डैशबोर्ड पर जनपद की रैंक में निरंतर गिरावट आ रही है, सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, अनुसूचित जाति के पूर्वदशम् दशमोत्तर छात्रवृत्ति, बाल विकास परियोजना, जल जीवन मिशन ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के भवन, सड़क निर्माण, फैमिली आई.डी., स्वच्छ भारत मिशन फेस-2, लोक निर्माण विभाग के सेतु, नई सड़कों का निर्माण, सड़कों के अनुरक्षण, एंबुलेंस संचालन की प्रगति निराशाजनक है, संबंधित अधिकारी माह के अंत तक प्रगति सुधारें अन्यथा उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही होगी। उन्होने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पोषण अभियान में जनपद 75वीं, पर्यावरण में 62 वीं, एंबुलेंस संचालन में 49वीं, दुग्ध विकास में 46वीं, निराश्रित गोवंश संरक्षण, मुख्यमंत्री गौधन सहभागिता योजना में 29वीं रैंक, विद्युत आपूर्ति ग्रामीण में 25वीं रैंक पर है जबकि माह दिसम्बर में लोक निर्माण विभाग की सड़क अनुरक्षण में 10 में से 03, सेतु निर्माण में 10 में से 05, नयी सड़क निर्माण में 10 में से 04, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा की सड़क निर्माण में 10 में से 05 एवं भवन निर्माण में 10 में से 04 अंक प्राप्त हुये हैं, जिस कारण प्रदेश में जनपद की रैंक खराब हुयी है। श्री सिंह ने समीक्षा के दौरान असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में संचालित परियोजनाओं के निर्माण का कार्य ठेकेदारों के भरोसे छोड़ा गया है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में तहसील महसी में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील महसी में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर सीडीओ चन्द्र ने अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीडीओ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। सीडीओ ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद भी की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत कुमार व अधि.अभि. विद्युत नानपारा रंजीत कुमार, ए.आर. को-आपरेटिव संजीव तिवारी, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ब्लूमिंग बड्स में सीबीएसई इंग्लिश विषय पर मॉक एग्जाम



- परीक्षा के डर को निकालने के लिए आयोजित की गई परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** शहर के कोचिंग संस्थान यूनिक इंग्लिश क्लासेज के द्वारा बोर्ड परीक्षा को देखते हुए बच्चों में परीक्षा के डर को दूर करने के लिए एक मॉक एग्जाम का आयोजन नगर के मेला बाग स्थित ब्लूमिंग बड्स स्कूल में किया गया। जहां बच्चों ने मॉक एग्जाम में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। रविवार को यूनिक इंग्लिश क्लासेज द्वारा इंग्लिश विषय के मॉक एग्जाम में शहर के ज्ञांनदीप स्कूल,सेंट डोमिनिक्स, ब्लूमिंग बड्स और अन्य स्कूल के 354 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों को उन सभी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा जो बोर्ड परीक्षा में होती हैं। बच्चे सुबह से केंद्र पर पहुंचना प्रारंभ हो गये थे। बच्चों को विद्यालय में प्रवेश सुबह साढ़े नो बजे दिया गया और 10 बजे परीक्षा प्रक्रिया शुरू की गई। बच्चों में परीक्षा के प्रति उत्साह नजर आया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक डॉ.राज पचौरी ने बच्चों को आशीष वचन दिए एवम् यूनिक इंग्लिश क्लासेज के संचालक अनुज दीक्षित ने बच्चों को दिशा निर्देशित और उन्हें परीक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर से परीक्षा के डर को निकालना है। इस आयोजन पर शिवनाथ यादव, विजय शर्मा, मोहित कोचर, दीपक तिवारी सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिकाओं का योगदान रहा।



## कार्यालय अधिषासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड नं.-2 (सिविल), लो.नि.वि., लखनऊ

पत्रांक :- 138/ई-टेन्डर/2023-24 दिनांक :- 13.01.2025

### ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (विज्ञप्ति)

1. अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड-2, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के श्रेणी-ए, बी, सी एवं डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

| क्रम सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा लागत (लाख में) | बिड सिक्योरिटी रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिनों में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | गोमतीनगर फेज-2 स्थित आवास सं0-एफ-205 टाइप-4 में किचेन व स्टोर की क्षतिग्रस्त रैक व वार्ड रोब बदलने का कार्य। | 1.29 | 12900.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 2 | लखनऊ | गोमतीनगर फेज-2 स्थित आवास सं0-बी-205 टाइप-4 में अध्यासन परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त किचेन की मरम्मत, क्षतिग्रस्त दोनो बाथरूमो का नवीनीकरण, क्षतिग्रस्त खिडकी दरवाजे बदलने का कार्य, क्षतिग्रस्त वार्ड रोब बदलने का कार्य एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 2.30 | 23000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 3 | लखनऊ | गोमतीनगर फेज-2 मंत्री आवास स्थित आवास सं0-डी-112, टाईप-4 में क्षतिग्रस्त दो बाथरूमों का नवीनीकरण एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 2.09 | 20900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 4 | लखनऊ | गोमतीनगर फेज-2 मंत्री आवास स्थित आवास सं0-एफ-206 टाइप-4 में अध्यासन परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त किचेन व बाथरूमों की मरम्मत, क्षतिग्रस्त खिडकी दरवाजे व जाली लगाने का कार्य एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 2.52 | 25200.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 5 | लखनऊ | गोमतीनगर फेज-2 मंत्री आवास स्थित आवास सं0-10 टाइप-6 में अध्यासन परिवर्त न के कारण क्षतिग्रस्त दो बाथरूमों की मरम्मत व किचेन का नवीनीकरण क्षतिग्रस्त वार्ड रोब की मरम्मत व बाहरी सतह की क्षतिग्रस्त प्लास्टर मरम्मत व रंगाई पुताई का कार्य एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 4.77 | 47700.00 | 770.00 | 60 दिन |
| 6 | लखनऊ | गोमतीनगर फेज-2 मंत्री आवास स्थित आवास सं0-12 टाइप-6 में अध्यासन परिवर्त न के कारण क्षतिर्गस्त वार्ड रोब बदलने का कार्य, सीढियों पर रेलिंग ग्रिल की मरम्मत का कार्य, आवास के बाहरी सतह की मरम्मत व रंगाई पुताई का कार्य। | 2.64 | 26400.00 | 770.00 | 60 दिन |
| 7 | लखनऊ | गोमतीनगर फेज-2 मंत्री आवास स्थित आवास सं0-28 टाइप-6 में क्षतिग्रस्त किचेन के मरम्मत व क्षतिग्रस्त वार्ड रोब एवं किचेन कैबिनेट बदलने का कार्य। | 1.38 | 13800.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 8 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0-3/14 टाइप-4 में अध्यासन परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त किचन का नवीनीकरण, बालकनी में एल्युमिनियम पार्टीशन का कार्य, दो कमरो में क्षतिग्रस्त वार्ड रोब को बदलने का कार्य दो जाली दरवाजे लगाने एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 1.88 | 18800.00 | 680.00 | 60 दिन |
| 9 | लखनऊ | अपर डालीबाग तिलक मार्ग कालोनी स्थित बंगला न0-2 में आंगन की क्षतिग्रस्त बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत, गेस्ट रूम की एक दीवार पर सीलन मरम्मत का कार्य, गेस्ट रूम के क्षतिर्गस्त बाथरूम की मरम्मत, स्टाफ रूम के बाथरूम की मरम्मत का कार्य, अस्थाई शेड की मरम्मत का कार्य एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 4.17 | 41700.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 10 | लखनऊ | अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0-3/2 टाइप-4 में क्षतिग्रस्त किचेन व एक बाथरूम का नवीनीकरण, एक अन्य बाथरूम की मरम्मत, क्षतिग्रस्त खिड़की दरवाजे बदलना, क्षतिग्रस्त प्लास्टर मरम्मत एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य। | 2.42 | 24200.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 11 | लखनऊ | 03 तिलक मार्ग डालीबाग स्थित बहुमंजिला मंत्री आवास में कैन्टीन हेतु एक अस्थायी शेड का निर्माण कार्य। | 7.72 | 77200.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 12 | लखनऊ | कालिदास मार्ग स्थित नया मंत्री आवास सं0-4ए श्रेणी-6 में क्षतिग्रस्त वुडेन वार्ड रोब की जगह पुनः वार्ड रोब बनाना एवं आवास में क्षतिग्रस्त पर्दा राड बदलना व आवास के अन्य शेष बचे दो स्नानगृह/शौचालय की जंगयुक्त फिटिंग्स एवं एक स्नानगृह/शौचालय का नवीनीकरण करना व अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 7.50 | 75000.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 13 | लखनऊ | विधायक निवास-4 रायल होटल स्थित आवास सं0-25 में एक बाथरूम के नवीनीकरण का कार्य व दीमक से खराब हुए दरवाजे एवं चौखट को बदलने का कार्य एवं अन्य विविध कार्य। | 1.65 | 16500.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 14 | लखनऊ | विधायक निवास-4 रायल होटल स्थित आवास सं0-13 में एक बाथरूम के नवीनीकरण का कार्य व वेल्डेड मेक फ्रेम बनाने का कार्य एवं अन्य विविध कार्य। | 1.44 | 14400.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 15 | लखनऊ | विधायक निवास-4 रायल होटल स्थित आवास सं0-01 में वार्ड रोब को बनाने कार्य। | 1.13 | 11300.00 | 680.00 | 60 दिन |
| 16 | लखनऊ | विधायक निवास-4 रायल होटल स्थित आवास सं0-63 के बाथरूम एंव शौचालय को एक करने हेतु दीवाल तोडकर बाथरूम की नई दीवाल की चुनाई, प्लास्टर टाइल्स फिटिंग्स नई पाइप लाइन बिछाने पुट्टी एवं पुताई का कार्य कमरे के एक बाथरूम का दरवाजा एवं एक खिडकी का फ्रेम व पल्ले लगाने का कार्य एवं अन्य आवश्यक सिविल सम्बन्धित अनुरक्षण के कार्य। | 1.91 | 19100.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 17 | लखनऊ | विधायक निवास-4 रायल होटल स्थित आवास सं0-60 के बगल आवास सं0-58 की छत पर टीन शेड लगाने एवं साइड को पी0वी0सी0 सीट से कवर और दरवाजा को बदलने एंव अन्य सिविल सम्बन्धित विभिन्न अनुरक्षण के कार्य। | 2.87 | 28700.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 18 | लखनऊ | माल एवेन्यू स्थित बंगला सं0-13ए में आवास में छत से टपक रहे पानी के रोकथाम हेतु छत पर वाटरप्रूफिंग करने का कार्य, मेन गेट के पेन्ट को हटाकर उस पर पालिश करने का कार्य। | 4.00 | 40000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 19 | लखनऊ | 17ए माल एवेन्यू स्थित आवास सं0-बीजी-03, में क्षतिग्रस्त व जर्जर खिडकियों को हटाकर यू0पी0वी0सी0 खिडकी एवं पार्टीशन लगाने का कार्य। | 2.74 | 27400.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 20 | लखनऊ | राजकीय कालोनी माल एवेन्यू स्थित बंगला संख्या-1 की छत पर वाटरप्रुफिंग करने, जर्जर टीन शेड को बदलने एवं सबसर्मिबल के लिए एक चैम्बर के निर्माण सम्बन्धी सिविल कार्य। | 4.28 | 42800.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 21 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित नया उपमंत्री आवास सं0-08 में आंगन व कैम्प कार्यालय में शेड डालना एवं आंगन में फ्लोर टाइल्स लगाना, क्षतिग्रस्त दरवाजे/विण्डो बदलना, एक बाथरूम की टाइल्स व जंगयुक्त फिटिंग्स बदलना, अन्य दो बाथरूमों में टूटी टाइल्स बदलना, आवास के बाह्य भाग की रंगाई पुताई करना व अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 7.78 | 77800.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 22 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित नया उपमंत्री आवास सं0-01 में अध्यासन परिवर्तन के कारण आवास की क्षतिग्रस्त फ्लोर टाइल्स की जगह पुनः फ्लोर टाइल्स लगाना, दो स्नानगृह/शौचालय का नवीनीकरण करना एवं क्षतिग्रस्त किचेन को माडुलर किचेन बनाना, आवास में लगे क्षतिग्रस्त दरवाजे/विण्डो को बदलना, लॉन में बने शेड की क्षतिग्रस्त सीट व फाल्स सीलिंग बदलना, वाह्य भाग की रंगाई पुताई व अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 9.61 | 96100.00 | 860.00 | 30 दिन |
| 23 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित नया उपमंत्री आवास सं0-9 में एक अस्थाई कक्ष का निर्माण करना, प्रवेश द्वार के अन्दर क्षतिग्रस्त इण्टरलाकिंग टाइल्स की जगह पुनः इण्टरलाकिंग टाइल्स लगाना, आवास में एक चौखट सहित दरवाजा लगाना एवं अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.86 | 18600.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 24 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित नया मंत्री आवास सं0-01 के बगीचे में फव्वारा लगाने हेतु फव्वारे के फ्लोर व वाल में मार्बल पत्थर लगाना एवं बाह्य भाग की रंगाई पुताई करना एवं अन्य आवश्यक विभिन्न मरररम्मत कार्य। | 2.43 | 24300.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 25 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित नया उपमंत्री आवास सं0-5 में आवास के बाह्य भाग की रंगाई पुताई व अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.69 | 26900.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 26 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास सं0-3 में बाउण्ड्रीवाल में सीलन से क्षतिग्रस्त प्लास्टर एवं पोर्च की क्षतिग्रस्त रेलिंग की मरम्मत करना, क्षतिग्रस्त चौखट/दरवाजे बदलना व आवास के बाह्य भाग की रंगाई पुताई करना व अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.95 | 39500.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 27 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित नया मंत्री आवास संख्या-2 में गैराज के पास लगे क्षतिग्रस्त शेड की शीट बदलना एवं बाह्य भाग की रंगाई पुताई व अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.79 | 17900.00 | 680.00 | 60 दिन |
| 28 | लखनऊ | विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास सं0-2 के लॉन में अस्थाई शेड बनाना एवं क्षतिग्रस्त स्टाफ शौचालय के शेड की मरम्मत एवं अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य। | 4.98 | 49800.00 | 770.00 | 60 दिन |
| 29 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) दारूलशफा स्थित अवास सं0-26बी में जर्जर हो चुकी खिडकी व दरवाजो को चौखट समेत बदलने का कार्य व मुख्य द्वार पर एक जाली डोर लगाने एवं अन्य आवश्यक सिविल सम्बन्धित कार्य। | 0.55 | 5500.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 30 | लखनऊ | विधायक निवास-2 स्थित आवास सं0-98बी में हाल में एल्युमिनियम पार्टीशन बनाने, किचेन में अलमारी व कपबोर्ड बनाने एवं अन्य सिविल सम्बन्धी कार्य। | 2.84 | 28400.00 | 770.00 | 60 दिन |
| 31 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (नया) दारूलशफा के प्रथम तल पर स्थित आवास संख्या-104बी के ऊपर व 119बी के पीछे तथा 113बी के ऊपर व 128बी के पीछे से खुली हुई छत को ब्रिक वर्क कर बन्द करने, लोहे का दरवाजा लगाने व रंगाई पुताई का कार्य। | 1.55 | 15500.00 | 680.00 | 30 दिन |
| 32 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) दारूलशफा स्थित कोठरी संख्या-85/1 की फर्श को ऊँचा करने का कार्य, बाथरूम का दरवाजा बदलने एवं मुख्य द्वार पर एक जाली डोर लगाने व अन्य आवश्यक सिविल सम्बन्धी कार्य। | 0.41 | 4100.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 33 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) दारूलशफा स्थित आवास सं0-37-38बी में मुख्य बेडरूम से जुडे एक बाथरूम के पूर्ण नवीनीकरण करने, माडुलर टाइप किचेन कैबिनेट बनाने, कपबोर्ड बनोन, किचेन में एक अलमारी बनाने किचेन का जर्जर दरवाजा बदलने किचेन की खिडकी के पल्ले लगाने व मच्छर जाली लगाने एवं अन्य आवश्यक सिविल सम्बन्धी कार्य। | 3.50 | 35000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 34 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) दारूलशफा स्थित गैराज सं0-7 में जर्जर चबूतरे को तोडकर पुनः बनाने, जर्जर गेट को हटाकर नया गेट लगाने, पानी के पुराने कनेक्शन को हटाकर नया कन`क्शन लगाने, जर्जर प्लास्टर को तोडकर पुनः प्लास्टर करने, गैराज के सामने खुली हुई नाली को आर0सी0सी0 पत्थर द्वारा कवर करने व अन्य आवश्यक सिविल सम्बन्धी कार्य। | 1.00 | 10000.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 35 | लखनऊ | विधायक निवास-2 नया दारूलशफा स्थित आवास सं0-125/126बी में दोनो बाथरूमों के पूर्ण नवीनीकरण करने, पुरानी जी0आई0 एवं सी0आई0 लाइन को बदलकर सी0पी0वी0सी0 लाइन डालने, बाथरूमों एवं स्नानगृह में खराब फिटिंग्स फिक्चर्स को बदलने, किचेन में लगी हुई जर्जर एवं टूटी हुई टाइल्स व किचेन टाप को तोडकर पुनः लगाने समस्त आवास की जर्जर मच्छर जाली व शीशे बदलने, जर्जर दरवाजे बदलने एवं अन्य आवश्यक सिविल सम्बन्धी कार्य। | 4.90 | 49000.00 | 770.00 | 30 दिन |
| 36 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) दारूलशफा स्थित आवास सं0-65-66बी में बाथरूम की छत के जर्जर प्लास्टर की मरम्मत, क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को बदलने, ऊपर के आवास से आ रही सीलन को रोकने व अन्य आवश्यक सिविल सम्बन्धी कार्य। | 0.87 | 8700.00 | 650.00 | 30 दिन |
| 37 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (पुराना) दारूलशफा स्थित गैराज सं0-24 में जर्जर प्लास्टर को तोडकर पुनः प्लास्टर करने, लोहे के जर्जर गेट को बदलने व अन्य आवश्यक सिविल सम्बन्धी कार्य। | 0.81 | 8100.00 | 650.00 | 60 दिन |
| 38 | लखनऊ | विधायक निवास-2 (नया) स्थित आवास सें0-117बी में आगे और पीछे की ओर बरामदो की जर्जर फर्श पर टाइल्स लगाने का कार्य, पीछे की ओर स्थित कमरे में टाइल्स लगाने का कार्य, आवास के दोनो बाथरूमों को तोडकर फिर से बनाए जाने का कार्य, आवास सं0-117बी के साथ 118बी में दीमक रोधी उपचार कराने का कार्य, दीमक के कारण क्षतिग्रस्त दरवाजो को बदलने का कार्य अन्य आवश्यक सिविल सम्बन्धी कार्य। | 3.88 | 38800.00 | 770.00 | 30 दिन |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 22.01.2025 से 27.01.2025 तक उपलब्ध है जो दिनांक 27.01.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक निविदादाता द्वारा सबमिट/अपलोड किये जा सकते है। इसकी निविदा दिनांक 27.01.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी दिनांक 22.01.2025 से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UPID-226777 Dated-18-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

अधिशासी अभियन्ता
अनुरक्षण खण्ड-2 (सिविल),
लो.नि.वि., लखनऊ
ई-मेलः maintenancedivision2pwd@gmail.com

# पिछली प्रार्थना पत्रों की पेन्डेन्सी से आयुक्त बरहम

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** तहसील राठ में आज शासन के निर्देशानुसार आयोजित ÷सम्पूर्ण समाधान दिवस÷ में आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अजीत कुमार और पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान सर्वप्रथम मंडलायुक्त द्वारा पूर्व में आयोजित समाधान दिवस की समीक्षा करते हुए जानकारी प्राप्त हुई की 37 पुराने प्रार्थना पत्रों में से सिर्फ 05 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया था जो कि 32 प्रार्थना पत्र पेंडिंग थे जिस पर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी तीन दिनों के अंदर सारे प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्ता युक्त किया जाए निस्तारण करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि प्रार्थी को अवश्य सुना जाए द्य समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों से कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

समाधान दिवस में फरियादियों ने अपनी समस्याएं संबंधित अधिकारियों के सामने रखी गई जिस पर मंडलायुक्त ने अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। खासतौर पर जमीनी विवादों के मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर शीघ्र समाधान करने की बात कही गई।आयुक्त ने इस दौरान कहा कि जमीनी विवादों के मामलों में अत्यधिक देरी से लोग परेशान होते हैं, इसलिए इसे प्राथमिकता पर हल किया जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, अपर जिलाधिकारी हमीरपुर, उप जिलाधिकारी राठ, क्षेत्राधिकारी राठ सहित कई अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने 11 सूत्रीय ज्ञापन दिया



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** आगामी बजट में व्यापारियों व उद्योगों की समस्याओं को शामिल करने के लिए उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में सोमवार को व्यापारियों ने केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को संबोधित एक 11 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया जिसे नायब तहसीलदार ने लिया, ज्ञापन में मांग की गयी कि आयकर में छूट की सीमा बढ़ाकर 10 लाख की जाए। जीएसटी के विभिन्न सिलेबो को घटाकर अधिकतम तीन किया जाए तथा 28 प्रतिशत जीएसटी का स्लैबअत्यधिक होने के कारण समाप्त किया जाए। बड़ती मंहगाई को देखते हुये नकद लेनदेन की सीमा को बढ़कर एक लाख किया जाए। आयकर देने वाले सभी व्यक्तियों को 10 लख रुपए का दुर्घटना बीमा दिया जाए। कंपनियां व पार्टनरशिप फर्म को एक ही टैक्स स्लैब में लाया जाए । जीएसटी से सजा का प्रावधान हटाया जाए। बैंक हॉलिडे कम से काम की जाए जिस व्यापारी सहूलिया से बैंक से अपना काम कर सके आदि मांग की गई है। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, जिला महामंत्री रिषी पोरवाल, जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, सरदार मनदीप सिंह, गौश मुहम्मद, प्रदीप यादव, गिरिराज किशोर अग्रवाल, सुदर्शन जैन आदि व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं कुल 49 शिकायतें, चार मौक पर निस्तारित

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए। संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत के निस्तारण के दौरान/स्थलीय निरीक्षण के दौरान लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी लिए जाएं। इस दौरान जिलाधिकारी ने गरीब / जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव के दृष्टिगत कंबल वितरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ /1076 के संदर्भ / शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े। कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय । उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी दशा में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए।इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, सीएमओ डॉ गीतम सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी,पीडी साधना दीक्षित, एसडीएम व सीओ हमीरपुर तथा अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के ऐश उपयोगिता समूह एवं सुरक्षा विभाग द्वारा बीते 18 जनवरी 2025 को स्थानीय ऐश डाइक, खड़िया बाज़ार पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य ट्रैफिक नियमों के पालन हेतु सुरक्षित व्यवहार, वाहन फिटनेस की महत्ता और कार्यस्थल एवं आस-पास के क्षेत्र में कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। अभियान में सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं का प्रदर्शन, सुरक्षा पुस्तिकाओं का वितरण और सड़क खतरा प्रबंधन पर इंटरैक्टिव सत्र शामिल किए गए। प्रतिभागियों को स्पीड लिमिट, सुरक्षा गियर पहनने की महत्ता और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रक्रियाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। तत्पश्चात् एक सड़क सुरक्षा जागरूकता क्विज भी आयोजित किया गया, जिसमें जागरूक ड्राइवरों और पर्यवेक्षकों को सम्मान स्वरूप टोकन गिफ्ट प्रदान किए गए।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत एक सुरक्षित कार्य परिवेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। इस अभियान में एनटीपीसी सिंगरौली के एडीएम विभाग के संजीव कुमार, उप महाप्रबंधक, रंजीत कुमार केसरी, सीनियर मैनेजर, दिवाकर कुमार, सीनियर असिस्टेंट इंजीनियर एवं बिकाश पी जनार्दन, असिस्टेंट ऑफिसर (सुरक्षा) द्वारा ड्राइवरों एवं तमाम आगंतुकों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

# शिकायतों का निस्तारण तरीके से किया जाये: डीएम

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांग सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश के बावजूद भी नहीं लगा कैम्प, सीएमओ के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन जनवरी,2025 महीने के तीसरे शनिवार के स्थान पर आज किया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में जिलाधिकारी बी.एन. सिंह सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने तहसील दिवस में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सरल भाव से सुनते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जनकल्याणकारी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, विधवा, वृद्धा, सुमंगला योजना, दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी करने सम्बन्धी कैम्प लगाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा पूर्व से ही दिया जाता रहा है। जिससे दूर-दराज से आने वाले लोगों को भाग-दौड़ से बचने के साथ ही योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने विभागों द्वारा लगाये गये कैम्प का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि समाज कल्याण विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कैम्प आयोजित कर पेंशन के नये आवेदन करने के साथ ही लोगों के आयुष्मान कार्ड का के.वाई.सी. का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान निरीक्षण में पाया गया कि दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाने का कैम्प नहीं लगाया गया था, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी के खिलाफ तत्काल स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। आयोजित कैम्प में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 5 लाभार्थियों का नया आवेदन करने के साथ ही पात्र 2 विधवा पेंशन का भी आवेदन किया गया। इसी प्रकार से दिव्यांगजन सशक्तिकरण कल्याण विभाग द्वारा 01 नया आवेदन तथा 1 लाभार्थी का एन.पी.सी.आई. कराने की जानकारी दी गयी। समाज कल्याण विभाग एक नये पात्र लाभार्थी का आवेदन करने के साथ ही एक लाभार्थी का के.वाई.सी. का कार्य किया गया। इसी प्रकार से कैम्प के माध्यम से ही 8 पात्र लाभार्थियों के बने हुए आयुष्मान कार्ड का के.वाई.सी. की प्रक्रिया पूर्ण करायी गयी। जिलाधिकारी ने सम्बन्धि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं सम्बन्धी कैम्प अवश्य लगाया जाये, जिससे लोगों को सम्बन्धित विभाग में आने के बजाय सम्पूर्ण समाधान दिवस में उनके समस्या का समाधान किया जा सकें और उन्हें भाग-दौड़ से राहत मिल सकें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर प्रत्येक तहसील में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, इसके लिए नागरिकों में प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है, जिससे ज्यादा से ज्यादा पात्र लाभार्थियों को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### जुंआ खेलते तीन गिरफ्तार

**भरुआ सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के कुंडौरा गांव में पुलिस ने तीन लोगों को जुंआ खेलते हुए दबोच लिया। पुलिस ने इन लोगों से 2160 रुपए बरामद कर रिपोर्ट दर्ज की है। हलका इंचार्ज दिशांत खोखर ने बताया कि कुंडौरा में शराब ठेके के पास ताश की पत्तों के साथ हार जीत की बाजी लगाकर जुंआ खेलने की सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर पहुंचकर दरियापुर निवासी प्रमोद सिंह व कल्लन सिंह,कुंडौरा निवासी संजीव कुमार को जुंआ खेलते हुए मौके से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि फड़ एवं जामा तलाशी में कुल 2160 रुपए बरामद किए गए हैं। इन तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### रेलवे ब्रिज में रील बनाकर वायरल करने वाली युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**भरुआ सुमेरपुर।** कानपुर बांदा रेलवे ट्रैक पर यमुना ब्रिज पर रील बनाकर वायरल करने वाली युवती के खिलाफ आरपीएफ ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मुकदमा दर्ज युवती की तलाश की जा रही है। सुमेरपुर थानाक्षेत्र के देवगांव निवासी नित्या पांडे पुत्री बालेंद्र पांडे ने कानपुर बांदा रेलवे ट्रैक पर यमुना साउथ बैंक के यमुना नदी के ब्रिज पर रील बनाकर एक वीडियो वायरल किया था। स्थानीय पुलिस ने रील बनाने वाली युवती को चेतावनी देते हुए आगे ऐसा न करने की हिदायत दी थी। वहीं आरपीएफ थाना जूही के घाटमपुर चौकी के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि ब्रिज पर वीडियो बनाकर वायरल करने वाली युवती के खिलाफ धारा 147,154 रेलवे अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि रील बनाने वाली युवती को नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस का संतुष्ट पूर्ण जवाब न मिलने पर युवती के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। आरपीएफ द्वारा की गई इस कार्रवाई से युवती सकते में है और उसने अपने अकाउंट से रेलवे से जुड़े हुए ज्यादातर वीडियो डिलीट कर दिए हैं।

### आम जन की समस्याओं को निस्तारित को चेयरमैन रूबी प्रसाद ने दिए निर्देश



**सोनभद्र।** सोमवार को रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा आम लोगो से कार्यालय में मुलाकात की गई जिसमें नगरीय क्षेत्र में जनसुविधाओं की उपलब्धता से सम्बन्धित लोगों द्वारा मॉग किया गया जिसके निस्तारण हेतु अध्यक्ष द्वारा सूचीबद्ध कर उन्हे सुविधाओं की उपलब्धता तथा समस्या के समाधान हेतु आश्वस्त किया गया। अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है जिसके अनुसार कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। इस दौरान नगर के वार्ड सदस्यगण मनोज चौबे, राकेश, अनवर अली तथा पालिका के अवर अभियन्ता मनीष कुमार, धर्मराज जैन, अजीत सिंह, विमलेश ,शन्त कुमार, शुजीत उपस्थित रहे।

### खदान संचालक पर लिफ्टर द्वारा खनन करने पर संयुक्त टीम ने प्राथमिकी दर्ज करवायी

**बाँदा।** जिलाधिकारी के बदलते ही संयुक्त जांच टीम की बडी कार्यवाही सामने आयी जहां जनपद के एक कोने पर स्थित जसपुरा के मडौली खदान मे 5624 घन मी. से अधिक अवैध खनन करने पर पचास लाख बासठ हजार पचास रूपये का जुर्माना लगाया गया वहीं जनपद के दूसरे कोने मे स्थित नरैनी तहसील के निहालपुर श्योढा मे मेरठ निवासी विनोद शर्मा के नाम पर है , उस खदान संचालक पर बाकायदा अवैध रूप से नदी की जलधारा से मौरंग निकालने की एफ आई आर दर्ज करवायी गयी है। उक्त खंड संचालक द्वारा नदी की जलधारा मे लिफ्टर मशीन डालकर अवैध रूप से मौरंग सक्सन पाइप द्वारा एकत्र की जा रही थी , इस पूरी घटना मे संयुक्त टीम ने लिफ्टर और सक्सन पाइप खुलवाकर गिरवां थाने मे जमा करवा कर खंड संचालक विनोद शर्मा निवासी मेरठ पर प्राथमिकी दर्ज करवा दी है।

# भासदों ने नगर पंचायत में हुए भ्रष्टाचार को लेकर डीएम से की शिकायत, सौंपा ज्ञापन

**बगैर बोर्ड बैठक व बिना प्रस्ताव के कराए गए कार्यों की हो जांच**

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/डाला।** सभासदों ने नगर पंचायत में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पूरे प्रकरण की जानकारी देते हुए जांच कराने की मांग की है।

सभासद विशाल कुमार, बलवीर कुमार,अवनीश देव पांडेय, संतोष कुमार कुशवाहा आदि ने सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बीते वर्ष 2023 मार्च माह में आचार संहिता के दो दिन पूर्व सवा करोड रुपए के कार्य की निविदा निकाली गई निविदा को इस माह में खोला जाना था लेकिन आचार संहिता के कारण नहीं खोला गया उसके बाद इस निविदा को कब खोला गया इसकी जानकारी हम लोगों को नहीं दी गई बोर्ड की बैठक में भी इसकी चर्चा नहीं हुई लिहाजा आचार संहिता के दौरान निकली निविदा को निरस्त किया जाना चाहिए था। इसके अलावा वार्ड नंबर 7 में श्याम लाल के घर से फागूलाल के घर तक जो कार्य ग्राम पंचायत द्वारा कराया गया था उस कार्य पर मुख्यमंत्री सृजन योजना के अंतर्गत सीसी रोड और नाली निर्माण नगर पंचायत द्वारा कराकर पहले की बनी नाली पर कवर्ड ढक्कन लगाकर सरकारी धन निकाल लिया गया इसी प्रकार बृजेश निषाद के घर से फागूलाल के घर तक डूडा विभाग द्वारा सीसी रोड व नाली निर्माण किया गया था लेकिन इस कार्य को नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा बिना बोर्ड बैठक बगैर प्रस्ताव के लगभग 8 लाख रुपए प्रकरण बनाकर मुख्यमंत्री सृजन योजना से पैसा पास करा लिया गया सभासदों ने जब इसका विरोध किया तो पास हुए पैसे को वापस कर दिया गया। सभासदों ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा वित्तीय अनियमितता एवं मानक के विपरीत कार्य कराए गए हैं सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को मिलना चाहिए लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने रिश्तेदारों व विशेष जाती के घरों के सामने पेयजल योजना वाटर टंकी का निर्माण करा कर लाभ दिया गया।

### समाधान दिवस में कमिश्नर व डीआईजी ने सुनीं शिकायतें

**बाँदा।** राठ मे कमिश्नर अजीत कुमार और डीआईजी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित 80 शिकायती पत्र आए। मौके पर 10 का समाधान कर दिया गया। वहीं अन्य शिकायतों के समय से गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। कमिश्नर अजीत कुमार ने कहा कि यदि विभागीय स्तर पर शिकायतों का निस्तारण कर दिया जाए तो फरियादियों को भटकना नहीं पड़े। कहा सभी विभाग जनसमस्या पर ध्यान देते हुए त्वरित निस्तारण करें। समाधान दिवस में मझगवां थाने के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि 13 जनवरी को उनके घर में गांव का ही दबंग घुस गया। आरोप लगाया दबंग ने उनके साथ दुष्कर्म किया। जब उन्होंने थाने में शिकायत की तो कोई कार्रवाई नहीं की गई। महिला ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। कस्बे की ओम नारायणी ने बताया कि उनका तीन माह का वेतन अकारण ही काट लिया गया। वेतन दिलाने की मांग की। सरगांव गांव के ध्यानपाल ने बताया गांव के ही व्यक्ति ने उनके खेत पर अवैध कब्जा कर लिया है।

# वार्षिक सांस्कृतिक तथा स्पोर्ट इवेंट एग्जॉड्रियम 2024 का समापन



अवधनामा ब्यूरो

**सैफई,इटावा।** उ. प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के वार्षिक सांस्कृतिक तथा स्पोर्ट इवेंट एग्जॉड्रियम 2024 का समापन आयोजन समिति तथा प्रतिभागियों को सम्मानित करने के साथ हुआ।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) पीके जैन, संकायाध्यक्ष चिकित्सा डा. आदेश कुमार, संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रकोष्ठ डा. आलोक दीक्षित, कुलसचिव डा. चन्द्रवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह, एक्जॉड्रियम 2024 के आर्ग्रेनाइजिंग चेयरमैन डा. नरेश पाल सिंह, चेयरमैन सोसियो-कल्चरल कमिटी डा. कीर्ति जायसवाल, चेयरमैन स्पोर्ट कमिटी डा. दुर्गेश कुमार, मेम्बर सेक्रेटरी (सोसियो-कल्चरल) डा. सोनिया विश्वकर्मा, मेम्बर सेक्रेटरी (स्पोर्टस) डा. अजय गुप्ता, स्टूडेन्ट्स कोर आर्गेनाइजिंग कमिटी से ध्रुव गुप्ता, स्टूडेन्ट्स कमिटी प्रेसिडेंट अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक तथा स्पोर्ट इवेंट में प्रतिभाग करने वाले मेडिकल स्टूडेन्ट्स तथा फैकेल्टी मेम्बरस् को सम्मानित किया गया। इसके अलावा सिक्योरिटी कमिटी, फूड कमिटी, मीडिया एवं डिजिटल कमिटी, फैलिसिटेशन कमिटी के सदस्यों को भी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. पी. के. जैन तथा अतिथियों ने सम्मानित किया। स्पोर्टस एवं कल्चरल कमेटी एक्जॉड्रियम 2024 के चेयरमैन डा. नरेश पाल सिंह ने विश्वविद्यालय के सभी मेडिकल स्टूडेन्ट्स तथा फैकेल्टी मेम्बरस् को एक्जॉड्रियम- 2024 के सफल आयोजन पर बधाई दी तथा कहा कि हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी वार्षिक स्पोर्टस एवं कल्चरल फेस्ट से स्टूडेन्ट्स तथा फैकेल्टी ने बहुत कुछ सीखा।

# पर्यावरणीय डॉ. राजीव गणतंत्र दिवस के होंगे आमंत्रित

वहाज अली निहाल/दिनेश शाक्य



**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के नामचीन पर्यावरणविद् डॉ.राजीव चौहान नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड के आमंत्रित अतिथि होगे। गणतंत्र दिवस परेड में अतिथि के रूप में शामिल होने की सूचना मिलने के बाद डॉ.राजीव चौहान के करीबियों में हर्ष की लहर दौड़ गई है, सैकड़ो लोगों ने उन्हें बधाई संदेश दिए है। उनके करीबी ऐसा मानते है कि बेशक यह व्यक्तिगत उपलब्धि डॉ.राजीव चौहान की हो लेकिन वास्तव में इटावा के लिए यह हर्ष का ही विषय माना जाएगा। इटावा के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी आमजन को गणतंत्र दिवस परेड के लिए अतिथि के रूप में शामिल किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य से साल 2025 को होने जा रहे गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सात जल योद्धाओं को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है इनमें इटावा के डॉ.राजीव चौहान भी शामिल है। बताते चले कि राजीव चौहान ने जनता कॉलेज बकेवर से वर्ष 1995 में प्राणि विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने यमुना, चंबल, सिंध, क्वारी और पहुज नामक पांच नदियों में जल गुणवत्ता और जलचरों की जनसंख्या पर शोध की ओर रुख किया। उन्होंने वर्ष 2005 में कानपुर विश्वविद्यालय से पीएचडी उपाधि प्राप्त की। इस दौरान मीठे पानी के कछुओं और डॉल्फिनों के अवैध शिकार को देखते हुए वर्ष 1999 में पर्यावरणीय संस्था सोसायटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर का गठन किया और वन्यजीवों के अवैध व्यापार की रोकथाम और संरक्षण के लिए काम करना शुरू किया। इसके साथ ही समुदाय को संरक्षण के लिए प्रेरित करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया। यह जागरूकता अभियान रंग लाया और अब तक डॉ.चौहान ने लगभग 30, 000 मीठे पानी के कछुए, 10 घड़ियाल, 10 मगरमच्छ और 800 सांपों को बचा चुके है और यह सिलसिला लगातार जारी है। वर्ष 2002 में इटावा-मैनपुरी जिलों की आर्द्रभूमि को सुखाकर समाप्त करने के लिए विश्व बैंक की परियोजना सोडिक लैंड रिक्लेमेशन लागू होने पर परियोजना का विरोध किया। इसके लिए उन्होंने आर्द्रभूमि को समाप्त न करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया, हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और परियोजना अधिकारियों को आर्द्रभूमि क्षेत्र में काम न करने के लिए मजबूर किया। वर्ष 2006 में वेटलैंड इंस्टीट्यूट स्टोन हार्बर अमेरिका से कछुआ संरक्षण के लिए एशियाई छात्रवृत्ति प्राप्त की, वहां छह महीने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कछुओं के संरक्षण के लिए अमेरिका के विभिन्न शिक्षण संस्थानों का दौरा किया। सामुदायिक सहभागिता परियोजनाओं ÷किड्स फॉर क्रेन्स एंड सारस मित्र÷के माध्यम से सरसई नावर आर्द्रभूमि के संरक्षण की पहल करने वाले राजीव ने कहा कि सरसई नावर झील राज्य पक्षी सारस क्रेन और उनके घोंसले के लिए प्रसिद्ध है, उन्होंने राज्य सरकार को इस आर्द्रभूमि को संरक्षित करने और पक्षी व्याख्या केंद्र स्थापित करने के लिए मजबूर किया। इसके साथ ही वर्ष 2019 में उन्होंने समन पक्षी विहार और सरसई नावर को रामसर साइट घोषित करवाने में पहल की। राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य में वर्ष 2007 में 112 घड़ियालों की मौत के दौरान विश्व में मगरमच्छों के संरक्षण के लिए काम करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था IUCN (अंतरराष्ट्रीय प्रकृति एवं प्रकृति संरक्षण संघ)से संपर्क कर घड़ियालों को बचाने में मदद की। राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य में घड़ियालों के संरक्षण के लिए जनसहभागिता से घड़ियालों के संरक्षण के लिए मड ऑन बूट्स कार्यक्रम के तहत सेंचुरी नेचर फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2017 में छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

### माइक्रोइरीगेशन प्रशिक्षण का लाभ उठाये युवा

**बाँदा।** जिला उद्यान अधिकारी बांदा ने बताया है कि जनपद बॉदा में ग्रामीण युवाओं के लिये माइक्रोइरीगेशन सिस्टम संचालन एवं रख रखाव÷ विषयक 04 दिवीय रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 03 से 06 फरवरी, 2025 तक कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँदा कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मवई, बाँदा के प्रशिक्षण हाल में किया जाना प्रस्तावित है। यह प्रशिक्षण सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली में तकनीशियनों का एक प्रतिभाशाली पूल बनाने और जनपद में ग्रामीण युवकों को बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना, संचालन एवं रख रखाव पर प्रदान किया जायेगा। इस प्रशिक्षण के उपरान्त रोजगार यथा आवश्यक प्रशिक्षुओं से परस्पर सम्वाद कर सूक्ष्म सिंचाई पद्धति स्थापना से सम्बन्धित कार्यों हेतु रोजगार के अवसर प्राप्त होगें जनपद बॉदा में पात्र 50 युवाओं को वह प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट है, तथा आयु 18 वर्ष से 28 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

# प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये: डीएम

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में तहसील जसवंतनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें।

तहसील जसवंत नगर में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमे मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीता राम, उप जिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत, क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे, तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वक़ार रिज़वी की याद में मुफ्त मेडिकल कैम्प का आयोजन

## मानव सेवा करना सबसे बड़ा कार्य : क़ाज़ी मौलाना अबुल इरफान मियां फिरंगी महली

- मशहूर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. असद अब्बास ने विशेष रूप से गरीब मरीज़ों की जांच की
- मरीजों के ब्लड प्रेशर, शूगर, थाईराइड की जांच की गई

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाचारपत्र के संस्थापक मरहूम वक़ार रिज़वी के यौमे पैदाइश पर सआदत गंज स्थित कर्बला दयानत उद्दौला में हर साल की तरह इस साल भी स्वास्थ्य मेला (मुफ्त मेडिकल कैंप) का आयोजन किया गया इस कैंप में की विशेषता यह रही इसमें एलोपैथी, होमियोपैथी, यूनानी, हिजामा के विशेषज्ञ मौजूद रहे और मरीज़ों की जाँच कर दवाये दी। कैंप में जहां लखनऊ के मशहूर चिकित्सकों की मौजूदगी रही वहीँ समाजी, शैक्षिक, सियासी हलकों के लोगों ने भी पहुंचकर सभी की तारीफ की।

राजकीय तकमीमुलत्तिब कॉलेज एंड हॉस्पिटल के डॉक्टर अब्दुल कवि की अगुवाई में यूनानी चिकित्सकों की टीम ने मरीज़ों को दवा दी। इसके साथ ही मशहूर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. असद अब्बास ने विशेष रूप से गरीब मरीजों की जांच की और उन्हें उचित उपचार दिया डॉ असद अब्बास नेकमप की सराहना की और कहा की इन क्षेत्रों सभी चिकित्सा पद्धति को एक साथ लेकर गरीबों को चिकित्सा सुविधा दिलाना एक बड़ा और सराहनीय कार्य है वक़ार साहब ऐसे ही कामों के समर्थक थे।

कैंप में चेस्ट /टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ अहमद हुसैन काज़मी, जनरल फिजिशियन डॉ शाहनवाज़, दांत रोग विशेषज्ञ डॉ तहसीन रज़ा, होमियोपैथी के मशहूर डॉ कमर अब्बास जाफरी, हिजामा विशेषज्ञ हीलिंग कप की डॉ शिफाना डॉ बाक़िर, आदि ने अपनी सेवाएं सामाज को समर्पित की। मरीजों का इलाज करने वाले डॉक्टर्स ने बताया, कैंप में बुजुर्ग और ऐसे मरीज आते हैं जो अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते हैं। अधिकतर मरीज बदलते मौसम में लापरवाही के कारण सर्दी- बुखार से परेशान पाए गए। बच्चों में हीमोग्लोबिन और विटामिन की कमी देखी गई है। मौके पर मरीजों का ब्लड प्रेशर, शूगर, थाईराइड जांच की गई

इस अवसर पर शहर क़ाज़ी मौलाना अबुल इरफान मियां फिरंगी महली ने कहा कि मानव सेवा करना सबसे बड़ा कार्य है। बदलते हुए मौसम के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। बढ़ती हुई जनसंख्या के चलते अस्पतालों में काफी भीड़ होती है। ऐसे में मेडिकल कैंप अस्पतालों के बोझ को कम करने के लिए काफी मददगार साबित हो रहे हैं फिरंगी महली ने कहा, समाज के हर वर्ग को बेहतर इलाज मिलना चाहिए। इस्लाम धर्म में बीमार का इलाज करवाना और भूखे को भोजन करवाना बेहद जरूरी कार्यों में शामिल किया गया है। कैंप के आयोजक बधाई के पात्र हैं जो समाज के दर्द को बांट रहे है।





राजकीय तकमीमुलत्तिब कॉलेज एंड हॉस्पिटल के डॉक्टर अब्दुल कवि ने कहा की सरकारकी योजना है हर घर स्वास्थ्य योजना इसमें हमारे मंत्री दया शंकर मिश्रा दयालु के साफ़ निर्देश हैं आयुष सुविधा आम लोगों को आसानी से उपलब्ध हो हम अलग अलग जगह पर कैंप लगाते है इसमें मंत्री और प्रमुख सचिव आयुष का विशेष योगदान होता है वह हमारे अस्पताल और कॉलेज को हर सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं जिससे हमको जनहित में कैंप लगाने में आसानी होती है।

पूर्व विधायक रेहान नईम भी कैंप में पहुंचे और चिकित्सा टीम समेत आयोजकों की तारीफ की कहा की यह आयोजन ऐसे ही जगह होने चाहिए जहां इसके हक़दार हैं उन्होने कहा सभी चिकित्सा पद्ती को एक जगह जमा करना एक बड़ी कामयाबी है।

अंबर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास ने कहा कि यह अच्छी बात है कि इस तरह के कैंप लगाए जा रहे हैं जो लोग अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते वह कैंप से सहायता प्राप्त कर लेते हैं यह उनके लिए बहुत अच्छा काम है। उन्होंने कहा कि जब वकार रिज़वी जिंदा थे तब इस तरह के प्रोग्राम वह आयोजित करते थे और आज भी यह प्रोग्राम लगातार चल रहा है यह काबिले तारीफ है

डॉक्टर कल्बे सिबतैन नूरी ने कहा कि यूनिटी कॉलेज से पढ़कर निकले हुए बहुत से छात्र इस कैंप में मौजूद थे और इसके अलावा भी अलग-अलग क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यूनिटी कॉलेज के लिए यह खुशी की बात है। पूर्व विधायक रेहान नईम ने कहा कि सामाजिक कामों में बिना भेदभाव के बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए भोजन, दवा और शिक्षा इस पर सबका बराबर अधिकार है। शहर में हर मोहल्ले और वार्ड में इस प्रकार के मेडिकल कैंप प्रति माह लगने चाहिए। समाज में बिना भेदभाव के लोगों की मदद की जाए। एक दूसरे के सहयोग से ही समाज तरक्की करता है।

मोहम्मद एबाद ने कहा की कैंप का आयोजन वक़ार साहब मरहूम की रूह को सुकून देती होगी यक़ीनन उनको ख़ुशी होती होगी की उनके मिशन को अवधनामा ज़िंदा रखे हुए हैं।

## भीम ऐप द्वारा कैशबैक की मिली अनुमति


**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत इंटरफेस फॉर मनी भीम ऐप के माध्यम से यूपीआई आधारित डिजिटल टिकटिंग सिस्टम के प्रयोग पर यात्रियों को कैशबैक दिये जाने तथा बस चालकों व परिचालकों को प्रोत्साहित करने की योजना को निगम की ओर से अनुमति प्राप्त हो गयी है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा निगम बसों में डिजिटल ट्रान्जैक्शन को बढ़ावा देने के आशय से यूपीआई आधारित वित्तीय व्यवहारों को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक कारगर कदम है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि यात्रियों को निगम बसों में डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देने के लिए निगम की समस्त बसो में यात्री सीट के पीछे यूपीआई स्टीकर लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि यात्री सीट के पीछे 8.5 इंच आकार के स्टीकर मै. एनपीसीआई की ओर से सहमति प्रदान की गयी है। एनपीसीआई ने स्टीकर विभिन्न क्षेत्रों के लिए उपलब्ध कराये हैं। जो सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को उपलब्ध कराये जायेंगे। प्रत्येक क्षेत्र कुल संख्या.20 स्टीकर बाक्स में फ्लीट के अनुपात में उपलब्ध कराये गये हैं। शीघ्र ही यात्रियों को यूपीआई पे के लिए बसों में इंस्टाल कर दिया जायेगा।

## श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा दिलाये सरकार: तिवारी

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में उपनेता विपक्ष प्रमोद तिवारी ने महाकुम्भ में भीषण आगजनी में ढाई सौ से अधिक कॉटेज के राख होने का आरोप लगाते हुए इसे गंभीर चिंता और परेशानी का विषय बताया है। श्री तिवारी ने गीता प्रेस के शिविर सहित विभिन्न कॉटेज में आगजनी की घटना को सरकार के महाकुम्भ में हर दृष्टिकोण से अभेद्य सुरक्षा के दावे को कमजोर कहा। उन्होंने सरकार से आगजनी से प्रभावित शिविरों के तत्काल पुनर्वास और आगजनी में घायल श्रद्धालुओं को बेहतर सरकारी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। श्री तिवारी ने कहा कि यह घटना देश-विदेश से महाकुम्भ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की आस्था-विश्वास और सनातन संस्कृति की सुरक्षा के लिए सरकारी प्रबंधों की समीक्षा का बड़ा मुद्दा उजागर कर गयी है। संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी कांग्रेस श्री



तिवारी ने नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ असम में एफआईआर पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी ने विपक्ष के धर्म का पालन करते हुए केन्द्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का सवाल उठाया है। राहुल गांधी संविधान और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्ता की रक्षा की आवाज उठा रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज हो रही एफआईआर से बेपरवाह कांग्रेस देश में संविधान और संवैधानिक संस्थाओं के मोदी सरकार के दुरुपयोग के खिलाफ मजबूती से संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने बांग्लादेश के एक घुसपैठिये के सीमा में प्रवेश और निजी कारोबारी क्षेत्र में नौकरी को लेकर केन्द्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। श्री तिवारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा की रखवाली की पूरी जिम्मेदारी भाजपा की केन्द्र सरकार की है। बांग्लादेशी का देश के भीतर रहना और फर्जी अभिलेखों के सहारे नकली नागरिकता के साथ महाराष्ट्र के पुणे में कपड़े की दुकान पर बेरोक-टोक नौकरी करना सीमा सुरक्षा के लिए चिंताजनक है। उन्होंने केन्द्र और महाराष्ट्र की भाजपा सरकार को इसके लिए दोषी ठहराते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्र में लापरवाही के लिए सहअभियुक्त बनाए जाने की मांग की।

## इन्टेक को काम दिये जाने के खिलाफ करेंगे अपील: हैदर

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** हुसैनाबाद स्थित छोटे इमामबाड़े के पूर्वी और पश्चिमी द्वारों के संरक्षण को लेकर उच्च न्यायालय में मोहम्मद हैदर रिजवी की दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। मोहम्मद हैदर रिजवी ने बताया कि लखनऊ स्मार्ट सिटी के तहत गेटों के संरक्षण का काम इंटेक को दिया गया है, जिस पर वे आपत्ति दाखिल करेंगे। श्री हैदर ने बताया कि सोमवार को सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने शपथ पत्र के जरिए बताया कि गेटों की मरम्मत का काम लखनऊ स्मार्ट सिटी के तत्वावधान में इंटेक कंजर्वेशन इंस्टीट्यूट को दिया गया है। इंटेक ने गेटों की मरम्मत के लिए 6.17 करोड़ रुपये का खर्च बताया है। शपथ पत्र पर आपत्ति जताते हुए मोहम्मद हैदर ने कहा कि संस्था ने पूर्व में किये संरक्षण संबंधित कामों का न तो विवरण दिया है और न ही यह बताया है कि संरक्षण के लिए किस प्रकार काम करेंगे, जैसे सीमेण्ट के बजाए पारम्परिक सामग्री का इस्तेमाल, प्रशिक्षित टीम। उन्होंने कहा कि प्राचीन स्मारकों, पुरातात्विक स्थलों और अवशेषों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय नीति 2014 के प्राविधानों के अनुसार पारम्परिक सामग्री जैसे चूना, सुर्खी, दाल, गुड़, बेल आदि से कराए जाने का अनुरोध करते हुए शपथ पत्र पर आपत्तियां दाखिल करेंगे और यह तथ्य न्यायालय के संज्ञान में लाएंगे। श्री हैदर ने कहा कि पूर्व में छोटे इमामबाड़े पर ट्रस्ट ने अवैध रूप से काम कराते हुए जिस तरह से स्मारक कू क्षति पहुंचाई उसे दोबारा नहीं होने दिया जाएगा।

## होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने नई 2025 लिवो लॉन्च की

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने शहरी युवाओं के लिए OBDwB मानकों के अनुरूप नई लिवो बाइक लॉन्च की है। यह नई लिवो बोल्ड डिजाइन और आधुनिक तकनीक का बेहतरीन संयोजन है, जो राइडिंग को और भी शानदार अनुभव बनाती है। 2025 होंडा लिवो की शुरुआती कीमत एक्स-शोरूम दिल्ली में Rs. 83,080 रुपये रखी गई है।

इस लॉन्च के अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और



सीईओ श्री सुतसुमु ओटानी ने कहा, हम नई 2025 लिवो को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। होंडा का उद्देश्य हमेशा से कम्यूटर बाइक सेगमेंट में नए मानक स्थापित करना रहा है। 2025 लिवो न केवल अपने शानदार स्टाइल बल्कि उन्नत फीचर्स के साथ ग्राहकों को एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगी। हमें भरोसा है कि यह बाइक भारतीय राइडर्स की विविध जरूरतों को पूरी तरह से संतुष्ट करेगी।

इस लॉन्च के अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर श्री योगेश माथुर ने कहा, होंडा लिवो हमेशा से हमारे ग्राहकों की पसंदीदा बाइक रही है। 2025 मॉडल के जरिए हमारा लक्ष्य इसकी बाजार में स्थिति को और मजबूत करना है। नई लिवो में तकनीक और डिजाइन का ऐसा तालमेल है जो होंडा की गुणवत्ता और नवीनता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बाइक न केवल आधुनिक फीचर्स से लैस है, बल्कि व्यावहारिकता और स्टाइल का बेहतरीन संयोजन भी पेश करती है। हमें विश्वास है कि यह भारत के राइडर्स के लिए लिव लाइफ, लिवो स्टाइल का एक भरोसेमंद साथी साबित होगी।

### नई लिवो: आकर्षक डिजाइन और उन्नत तकनीक

अपडेटेड लिवो को ऊर्जा और व्यावहारिकता का अनोखा मेल बनाकर डिजाइन किया गया है। इसमें मस्कुलर फ्यूल टैंक पर तराशे हुए ढक्कन और आकर्षक ग्राफिक्स के साथ स्टाइलिश बॉडी पैनल दिए गए हैं। यह बाइक दो वैरिएंट्स–ड्रम और डिस्क–में उपलब्ध होगी, जिनमें तीन रंगों के विकल्प होंगे।

## डॉ. बिन्नो रिज़वी फ़िराक़ गोरखपुरी अवार्ड से सम्मानित



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** डॉ. बिन्नो रिज़वी को साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा एक लाख की धनराशि के साथ फ़िराक़ गोरखपुरी अवार्ड से उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा सम्मानित गया। पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश ऊर्दू अकादमी की जानिब से बिन्नो रिज़वी की उर्दू साहित्य पर लिखी पुस्तक का विमोचन किया गया था। नई ऊर्दू ग़ज़ल पर लिखी बिन्नो रिज़वी की पुस्तक जदीद ऊर्दू ग़ज़ल रिवायत व इख्तिरा आत को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय हाल में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने एक लाख की धनराशि के साथ फ़िराक़ गोरखपुरी अवार्ड शॉल और प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया। बताते चलें कि बिन्नो रिज़वी नगर निगम में कर निर्धारण अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। यह पुरस्कार राज्य कर्मचारियों को प्रदान किया गया है। बिन्नो रिज़वी को पूर्व में भी अनेकों अवार्ड्स से सम्मानित किया जा चुका

## पत्रकारों को कुंभ मेले का आमंत्रण

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी प्रेस क्लब लखनऊ में पत्रकार स्वर्गीय सहदेव माली की स्मृति में आयोजित तहरी भोज में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नौकरशाह और राजनेता, पत्रकार शामिल हुए।

यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन और यूपी प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने पत्रकारों का आभार व्यक्त किया कहा कि महाकुंभ के कवरेज में जिस कौशल का परिचय दिया है उससे पर्यटन क्षेत्र में विश्व स्तर पर उत्तर प्रदेश की क्षवि को अपार लाभ मिला है। उन्होंने सभी पत्रकारों को महाकुंभ आने का निमंत्रण भी दिया।

तहरी भोज में प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री/ गृह एवं सूचना श्री संजय प्रसाद और अपर सूचना निदेशक अंशुमन राम त्रिपाठी, प्रमुख सचिव खाद्य औषधि रंजन कुमार , जॉइंट सेक्रेटरी लखनऊ विकास प्राधिकरण



अजीत प्रताप सिंह और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए । राजनेताओं में विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, विधायक राजेश्वर सिंह , विधायक योगेश शुक्ला, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल , समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी, सपा के मीडिया प्रभारी आशीष यादव उर्फ सोनू, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह , सपा प्रवक्ता दीपक रंजन , राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे , मुकेश सिंह चेयरमैन यूपी इंडो अमेरिकन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, भाजपा युवा नेता सोनू सिंह , उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह बब्बू, लखनऊ दुग्ध उत्पादन संघ अध्यक्ष शिखा तोमर प्रमुख रूप से शामिल रहे। यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह यूनियन के प्रादेशिक अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी , महामंत्री प्रेमकांत तिवारी और लखनऊ मंडल के अध्यक्ष शिव शरण सिंह तथा महामंत्री विश्वदेव राव मेहमानों का स्वागत किया।